25 अक्टूबर 2024

शुक्रवार

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




नालंदा से फर्जी कंपनी की ठगी के शिकार 80 युवक हुए मुक्त

2



## जून 2025 तक सभी पंचायतों में होगा पंचायत सरकार भवन: नीतीश

- मुख्यमंत्री ने नीतीश ने 7,180 करोड़ रुपये की लागत की 2,615 'पंचायत सरकार भवन' एवं राज्य पंचायत संसाधन केंद्र, सोनपुर के भवन का किया शिलान्यास



केटी न्यूज/पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को रिमोट के जरिए पंचायती राज विभाग के अंतर्गत 7,180 करोड़ रुपये की लागत की 2,615 'पंचायत सरकार भवन' एवं राज्य पंचायत संसाधन केंद्र, सोनपुर के भवन का शिलान्यास किया। इसके साथ ही 13 जिला पंचायत संसाधन केंद्रों, 65 पंचायत सरकार भवन, ई-ग्राम कचहरी कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम तथा जिला परिषद पोर्टल का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा शुरू से ही 'पंचायत सरकार भवन' बनाने पर जोर है। हमारा कॉन्सेप्ट है कि पंचायती राज संस्थाओं में वैसी व्यवस्था हो जो राज्य सरकार की होती है, इसलिए हमने इन भवनों को पंचायत भवन न कहकर 'पंचायत सरकार भवन' कहा है। हमने प्रत्येक ग्राम पंचायत में 'पंचायत सरकार भवन' बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

उन्होंने कहा कि शुरू में 330 'पंचायत सरकार भवन' बनाए गए। आज 'पंचायत सरकार भवन' के शिलान्यास के बाद राज्य के 8,063 पंचायत भवनों में से 6,868 भवन स्वीकृत कर दिए गए हैं। इनमें से 1,548 पूर्ण हो गए हैं एवं शेष निमार्णाधीन हैं। अब बचे हुए 1,195 'पंचायत सरकार भवन' के लिए उपयुक्त भूमि की तलाश की जा रही है। 'पंचायत सरकार भवन' में केवल पंचायत से जुड़ा काम ही नहीं होता है बल्कि दूसरे विभागों का भी काम होता है।

**जून 2025 तक का लक्ष्य:** मुख्यमंत्री ने जून, 2025 तक सभी पंचायतों में 'पंचायत सरकार भवन' का निर्माण पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि 'पंचायत सरकार भवन' का रखरखाव बेहतर ढंग से किया जाए। जिला स्तर पर भी 13 जिला पंचायत संसाधन केंद्रों का भी उद्घाटन किया गया है। सोनपुर में राज्य स्तरीय संसाधन केंद्र का शिलान्यास भी किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम वर्ष 2021 से ही तेजी से चल रहा है। अनेक वार्ड में सोलर स्ट्रीट लाइट लग गई है। हर वार्ड में औसतन 10-10 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है।

## जम्मू कश्मीर में सेना के वाहन पर आतंकी हमला, दो जवान शहीद, दो पोर्टरों की भी मौत

एजेंसी/नई दिल्ली

उत्तरी कश्मीर में उड़ी सेक्टर के अंतर्गत गुलमर्ग में गुरुवार को आतंकियों ने सेना के वाहन पर हमला कर दिया। हमले में चार जवान घायल हुए थे। इनमें से दो जवान बलिदान हो गए जबकि दो पोर्टरों की भी मौत हुई है। घटना के बाद से सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है। गुरुवार के दिन यह दूसरा आतंकी हमला है। इससे पहले पुलवामा जिले के त्राल इलाके में सुबह आतंकवादियों ने उत्तर प्रदेश के एक मजदूर को गोली मारकर घायल कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि बिजनौर निवासी प्रीतम सिंह को बटागुंड गांव में आतंकवादियों ने गोली मार दी, मजदूर के हाथ में गोली लगी है। प्रीतम सिंह को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती है। पिछले एक सप्ताह में कश्मीर में गैर-स्थानीय मजदूरों पर लगातार हमले हो रहे हैं। यह हमला जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने तथा जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की वकालत करने वाला कैबिनेट प्रस्ताव पेश करने के कुछ घंटों बाद हुआ।

### जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने की हमले की निंदा

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस हमले पर दुख जताया। उन्होंने ट्वीट कर कहा, उत्तरी कश्मीर के बूटा पथरी इलाके में सेना के वाहनों पर हमले के बारे में बहुत दुर्भाग्यपूर्ण खबर है जिसमें कुछ लोग हताहत और घायल हुए है। कश्मीर में हालिया हमलों की यह श्रृंखला गंभीर चिंता का विषय है। मैं इस हमले की कड़ी से कड़ी निंदा करता हूं।

## खबरें फटाफट

### 1.12 करोड़ रुपए के सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर उत्तर 24 परगना जिले में बीएसएफ ने एक बड़ी सोने की तस्करी को नाकाम कर दिया। बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के अंतर्गत 102 वीं वाहिनी की सीमा चौकी घोजाडांगा के जवानों ने पैर पर बांध कर सोने की तस्करी कर रहे तस्कर को गिरफ्तार किया। जब्त सोने का वजन 1.4 किलो है और अनुमानित कीमत 1.12 करोड़ रुपए है। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी और डीआईजी निलोत्पल कुमार पांडे ने बताया कि बुधवार को खुफिया सूचना के आधार पर सीमा चौकी घोजाडांगा, 102 वीं बटालियन के जवानों ने एक संदिग्ध बाइक सवार को बीएसएफ चेक पोस्ट के पास तलाशी के लिए रोका। तलाशी में आनाकानी करने पर उसे मोटरसाइकिल के साथ सीमा चौकी लाया गया। यहां पर उसकी और मोटरसाइकिल की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके दाहिने पैर (शिन) पर टेप से लिपटा एक पैकेट मिला। जिसको खोलने पर एक सोने की ईंट बरामद हुई। उसके बटुए से एक सोने की ईंट का एक टुकड़ा भी बरामद हुआ। इसके बाद बीएसएफ कर्मियों ने सोने को जब्त कर संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

### जस्टिस संजीव खन्ना होंगे नए चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** जस्टिस संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के 51वें चीफ जस्टिस होंगे। वे 11 नवंबर को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। यह जानकारी गुरुवार को कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दी। चीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सरकार से जस्टिस खन्ना के नाम की सिफारिश की थी।

### पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिये गए अहम फैसले

# अयोध्या से सीतामढ़ी तक रेलवे लाइन बिछाने को केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी

- केंद्रीय कैबिनेट ने आंध्र प्रदेश में 257 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाने का लिया फैसला
- कैबिनेट ने 9,17,791 करोड़ के 7 सेक्टर्स के प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

एजेंसी/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय कैबिनेट ने गुरुवार को कई अहम प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इनमें दो बड़े रेलवे प्रोजेक्ट्स भी शामिल हैं, जिनसे आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार को फायदा होगा। इन रेलवे प्रोजेक्ट्स में 6,798 करोड़ रुपये खर्च होंगे। खास बात यह कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने बिहार और आंध्र प्रदेश को फिर तोहफा दिया है और हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट पर मुहर लगाई है। यूपी के अयोध्या से सीतामढ़ी तक रेलवे लाइन बिछाने को भी मंजूरी दे दी गई है। नरकटियागंज रेल लाइन का दोहरीकरण होगा। आंध्र प्रदेश में भी 257 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाई जाएगी। ये सारे प्रोजेक्ट चार साल के अंदर पूरे किए जाने हैं। यानी अगले लोकसभा चुनाव से पहले ये पूरे हो जाएंगे।



### उत्तरी बिहार में 256 किमी रेलवे ट्रैक को किया जाएगा डबल

बड़ा रेल प्रोजेक्ट नॉर्थ बिहार के लिये आया है। यहां 256 किलोमीटर रेलवे ट्रैक को डबल किया जाएगा। नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढी-मुजफ्फरपुर रेलवे ट्रैक की डबलिंग की जाएगी। इससे उत्तर प्रदेश और नॉर्थ बिहार को फायदा होगा। यह रेलवे ट्रैक नेपाल बॉर्डर के पास होगा, जिससे भारत-नेपाल ट्रेड में भी बढ़ोतरी होगी। इस प्रोजेक्ट में 4,553 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

कैबिनेट के अन्य फैसलों में कुल 9,17,791 करोड़ रुपये के 7 सेक्टर्स के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिली है। इनमें एयरपोर्ट, पोर्ट, हाईवे, रेलवे, मेट्रो, इंडस्ट्रियल और हाउसिंग से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। रेलवे के लिए 51,801 करोड़ रुपये के प्रोजेक्टस को मंजूरी दी गई है। इसमें कुल 12 रेलवे प्रोजेक्ट्स और वाराणसी में नया पुल शामिल है।

**अमरावती रेलवे लाइन पर 2245 करोड़ रुपये किए जाएंगे खर्च:** कैबिनेट ने गुरुवार को 257 किलोमीटर लंबी अमरावती रेलवे लाइन को मंजूरी दी है। यह रेल लाइन 2,245 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाएगी। इससे आन्ध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती रेलवे नेटवर्क से जुड़ जाएगा। अमरावती की हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता से सीधे कनेक्टिविटी होगी। इस रेलवे लाइन के बनने से अमरलिंगेश्वर स्वामी मंदिर, अमरावती स्तूप, ध्यान बुद्ध प्रतिमा और उंदावल्ली गुफाओं तक पहुंच आसान हो जाएगी। मछलीपट्टनम बंदरगाह, कृष्णापट्टनम बंदरगाह और काकीनाडा बंदरगाह से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इस प्रोजेक्ट में कृष्णा नदी पर 3 किलोमीटर लंबा ब्रिज भी बनेगा।

### स्पेस सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप को मदद के लिए बनेगा फंड

कैबिनेट ने स्पेस सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स को मदद देने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड बनाने का भी फैसला किया है। इस फंड के जरिए सैटेलाइट टेक, लॉन्च व्हीकल और स्पेस एप्लीकेशंस में इनोवेशन तेज होने की उम्मीद है। फंड के जरिए स्पेस सेक्टर में भारत की ग्लोबल पोजीशन को मजबूत करने की कोशिश है। फंड के तहत निवेश की रेंज 10 करोड़ रुपये से 60 करोड़ रुपये तक होगी। कुल मिलाकर इससे 30-35 स्टार्टअप्स को मदद मिलने की उम्मीद है। सरकार को उम्मीद है कि इस निवेश का इस सेक्टर में मल्टीप्लायर इफेक्ट होगा और प्राइवेट इन्वेस्टमेंट बढ़ेगा।

## सात हजार दिवाली और छठ स्पेशल ट्रेनें चलाएगा रेलवे



एजेंसी/नई दिल्ली

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। दीपावली और छठ पूजा के मद्देनजर भारतीय रेलवे ने 7,000 विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इससे त्योहारी सीजन में दो लाख अतिरिक्त लोगों को रोजाना ट्रेन में यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यह ऐलान किया। इनमें से बड़ी संख्या में विशेष ट्रेनें दिल्ली-एनसीआर के स्टेशनों से चलेंगी।

कैबिनेट फैसलों की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में वैष्णव ने कहा कि त्योहारों के मौके पर इतनी बड़ी संख्या में विशेष ट्रेनें चलाने का यह रिकॉर्ड है। पिछले साल करीब 4,500 ट्रेनें चलाई गई थीं, वह भी अपने आप में एक रिकॉर्ड था। लेकिन इस बार संख्या और बढ़ा दी गई है। इस बीच ,रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंत्रालय ने इस साल सेवाओं को बढ़ाने का फैसला किया है। उत्तर रेलवे (एनआर) इस अवधि के दौरान बड़ी संख्या में ट्रेन चलाएगा क्योंकि बड़ी संख्या में यात्री देश के पूर्वी भागों में आवाजाही करते हैं।

उत्तर रेलवे ने हाल ही में एक प्रेस बयान में कहा कि वह लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचने में मदद करने के लिए विशेष ट्रेन के लगभग 3,050 फेरे संचालित करेगा। इसमें कहा गया है, वर्ष 2023 में भारतीय रेलवे ने विशेष त्योहार ट्रेन चलाईं, जिसमें उत्तर रेलवे ने विशेष ट्रेन के 1,082 फेरे संचालित किए। इस साल ट्रेन के 3,050 फेरे संचालित किए जाएंगे, जो 181 प्रतिशत की वृद्धि है। इसमें कहा गया है विशेष ट्रेन के अलावा, अधिक यात्रियों को समायोजित करने के लिए ट्रेन में अतिरिक्त कोच भी जोड़े जा रहे हैं।

## नहीं थम रहा विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का सिलसिला... अब पुलिस ने शुरू की जांच

एजेंसी/नई दिल्ली

विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बृहस्पतिवार को एक बार फिर से 85 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें एअर इंडिया के 20 विमान, इंडिगो एयरलाइन के 20, विस्तारा एयरलाइन के 20 और अकासा एयरलाइन की 25 उड़ानें शामिल हैं। पिछले 11 दिनों में इंडियन एयरलाइंस की 250 उड़ानों को इस तरह की धमकियां मिली हैं। पिछले कई दिनों से लगातार विमानों को बम से उड़ानें की धमकियां मिल रही हैं। पुलिस ने मिली इन धमकियों की जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली पुलिस ने पिछले आठ दिनों में 90 से ज्यादा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी के संबंध में आठ अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं। जिसे लेकर पुलिस ने कई लोगों को भी गिरफ्तार किया है। यही नहीं डीजीसीए की ओर से भी लगातार सामने आ रही इस तरह की घटनाओं को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए है। अकासा एयर के प्रवक्ता ने कहा कि आज उनकी कुछ उड़ानों को सुरक्षा अलर्ट मिला है। प्रवक्ता ने कहा, अकासा एयर की आपताकालीन प्रतिक्रिया टीमें स्थिति की निगरानी कर रही हैं और सुरक्षा व नियामक अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। हम स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय में सुरक्षा और सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं। वहीं, एयर इंडिया के एक अधिकारी ने कहा, एयर इंडिया की कुछ उड़ानों को गुरुवार को सोशल मीडिया पर सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ा।

### फिल्म एक्टर सलमान खान को धमकी देनेवाला गिरफ्तार

**मुंबई।** सलमान खान को धमकाते हुए 5 करोड़ रुपए की डिमांड करने वाले शेख हुसैन शेख मौसिन को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई की वरली पुलिस ने इसे झारखंड के जमशेदपुर से बुधवार को अरेस्ट किया। गुरुवार को इसे ट्रांजिट रिमांड पर झारखंड से मुंबई लाया गया। जमशेदपुर के सब्जी बेचने वाले शेख हुसैन शेख मौसिन ने ही पिछले हफ्ते मुंबई ट्रैफिक पुलिस को वॉट्सऐप कॉल करके फिरौती मांगी थी। उसने खुद को लॉरेंस गैंग का मेंबर बताया था।






### रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच हुए समझौते को महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया

## भारत-चीन के बीच एलएसी को लेकर बनी सहमति: राजनाथ

एजेंसी/नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन के बीच वार्ता के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गई है। इसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और मवेशियों को चराने की अनुमति देना भी शामिल है। चाणक्य डिफेंस डायलॉग 2024 में रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच हुए समझौते को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया। ये वैश्विक मंच पर रक्षा वार्ता के महत्व को रेखांकित करता है। राजनाथ सिंह ने कहा, 'भारत और चीन एलएसी के साथ कुछ क्षेत्रों में मतभेदों को सुलझाने के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों स्तरों पर बातचीत कर रहे हैं। वार्ता के बाद, समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांत के आधार पर जमीनी स्थिति को बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बन गई है। उन्होंने कहा कि इसमें गश्त करना, पारंपरिक क्षेत्रों में चरागाह गतिविधियों को अनुमति देना भी शामिल है। यह निरंतर बातचीत की बदौलत संभव हुआ है, क्योंकि देर-सवेर समाधान निकल ही जाएगा।



### पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त और पीछे हटने के भारत-चीन समझौते का समर्थन किया और कई द्विपक्षीय वार्ता तंत्रों को फिर से बहाल करने के निर्देश जारी किए, जो 2020 में झड़प से प्रभावित संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों का संकेत है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर आयोजित लगभग 50 मिनट की बैठक में, पीएम मोदी ने मतभेदों और विवादों को ठीक से संभालने और सीमा क्षेत्रों में शांति और शांति को भंग करने की अनुमति नहीं देने के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता द्विपक्षीय संबंधों का आधार बनी रहनी चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन के बीच एलएसी पर बनी सहमति ग्लोबल स्टेज में डिफेंस डायलॉग की अहमियत दिखाता है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन दोनों एलएसी पर कुछ एरिया में मतभेद को दूर करने के लिए लगातार डिप्लोमेटिक और मिलिट्री स्तर पर बातचीत कर रहे थे। बातचीत की वजह से ही यह सहमति बनी कि समान सिक्योरिटी और म्युचुअल सिक्योरिटी के सिद्धांत पर सिचुएशन को रिस्टोर किया जाए। सहमति पेट्रोलिंग और ट्रेडिशनल एरिया में ग्रेजिंग (जानवरों को चराना) को लेकर बनी। यह लगातार बातचीत की ताकत है।

# उद्योग को बढ़ावा देने के लिए ने लुधियाना में आयोजित हुआ इन्वेस्टर समिट

♦ टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण व सामान्य निर्माण जैसे क्षेत्रों में निवेशकों को बुलाने का बिहार सरकार का प्रयास

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार ने लुधियाना में एक विशेष बिजनेस रोड शो का आयोजन किया, जो निवेश आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के उसके महत्वाकांक्षी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। यह कार्यक्रम बहुप्रतीक्षित बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण और सामान्य निर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में बिहार की विशाल संभावनाओं को प्रदर्शित करना है।

यह समिट बिजनेस टू गवर्नमेंट दृष्टिकोण के तहत आयोजित की गई। जिसमें उद्योग क्षेत्र के प्रमुख लीडर्स जैसे नाहर ग्रुप के प्रबंध निदेशक कमल ओसवाल, कैंडेक्स फिलामेंट के प्रबंध निदेशक राकेश गोयल इत्यादि ने भाग लिया। बिहार सरकार के उद्योग विभाग ने लुधियाना में इस प्रभावशाली निवेशक समिट की मेजबानी की, जिसमें उद्योग विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी और उद्योग



निदेशक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। यह रोड शो निवेश को बढ़ावा देने और बिहार की निवेशक अनुकूल नीतियों को बताने के लिए आयोजित किया गया था। बिहार को निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनाते हैं। उद्योग विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी ने निवेशकों के साथ बातचीत करके बिहार में निवेश के व्यापक लाभों पर चर्चा की। इसके साथ ही, उद्योग निदेशक और अन्य अधिकारियों ने मेगा फूड पार्क का दौरा भी किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि मेगा फूड पार्क किस प्रकार से स्थानीय किसानों, उद्यमियों और उद्योगों को एक साथ लाकर कृषि-आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित कर रहा है।

### पार्क खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों को लाने का प्रयास

पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन द्वारा विकसित यह पार्क खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों के लिए एक प्रमुख केंद्र है, जो प्लॉटेड एरिया, एमएसएमई शेड, और कोर प्रोसेसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी अनेक सुविधाएं प्रदान करता है। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य बिहार में निवेश के अवसरों को बढ़ावा देना और यह समझना था कि मेगा फूड पार्क के इस मॉडल को राज्य में कैसे सफलतापूर्वक लागू किया जा सकता है। इस रोड शो में बिहार को औद्योगिक शक्ति में बदलने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें इसकी रणनीतिक स्थिति, बेहतर कनेक्टिविटी और विकास-समर्थक नीतियों का जिक्र किया गया। दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा और अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारा जैसे औद्योगिक गलियारों के विकास के साथ, बिहार पर्याप्त निवेश आकर्षित करने के लिए अच्छी स्थिति में है। इस समिट में प्रमुख विकास क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण और सामान्य निर्माण जैसे उभरते क्षेत्र शामिल हैं। लुधियाना के इस कार्यक्रम ने निवेशकों और उद्योग जगत के नेताओं को बिहार की विविध आर्थिक संभावनाओं के बारे में जानकारी साझा करने का एक मंच प्रदान किया। इस समिट में बिहार सरकार ने लुधियाना और पूरे भारत से निवेशकों को बिहार की अपार संभावनाओं को जानने के लिए आमंत्रित किया।

# भीषण सड़क हादसे में बीजेपी नेता सहित दो लोगों की मौत

**केटी न्यूज/पूर्णिया**

पूर्णिया में ऑटो और स्कॉर्पियो की जबरदस्त टक्कर में बीजेपी नेता सहित दो लोगों की मौत हो गई। इस भीषण सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित चार अन्य लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। इसमें ऑटो सवार एक की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि बीजेपी नेता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है और थाने ले आई है। स्कॉर्पियो मालिक का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक भाजपा नेता की पहचान भाजपा धमदाहा मंडल अध्यक्ष की मौत हो गई। जिनकी पहचान धमदाहा निवासी महाकांत झा (60 वर्ष) और धमदाहा निवासी लालजी साह थे। वहीं, घायल में ऑटो चालक गुलाब साहनी के पुत्र विपिन साहनी, भाजपा नेता की पत्नी वंदना झा, मुस्कान कुमारी और आकांक्षा कुमारी शामिल हैं। घटना की जानकारी देते हुए स्थानियों ने बताया कि केनगर थाना क्षेत्र के बहेलिया स्थान के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित हो गई।

### फर्जी ग्लोबल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर हुई छापेमारी

# नालंदा से फर्जी कंपनी की ठगी के शिकार 80 युवक हुए मुक्त





**केटी न्यूज/नालंदा**

नालंदा जिले के राजगीर में फर्जी और अवैध रूप से संचालित ग्लेज ट्रेड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (ग्लोबल कंपनी) के ठिकाने पर गुरुवार को डीएसपी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में राजगीर थाना पुलिस ने छापेमारी किया। यह कंपनी राजगीर में पिछले कई वर्षों से ग्लोबल कंपनी के नाम से संचालित है, जो सुदूरवर्ती ग्रामीण और बेरोजगार युवाओं, युवतियों को दवा कंपनी में काम दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर लोगों से पैसे का ठगी करता है। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सुपौल जिला के दुधौली थाना निर्मली के रामप्रसाद पंडित ने आरोप लगाया कि मेरे दो बेटे सत्येन्द्र पंडित और पाण्डव पंडित को कुछ लोग दवा कंपनी में नौकरी के नाम पर राजगीर बुलाया और फिर बंधक बनाकर रखे हुए हैं। इसके बाद उक्त कंपनी के ठिकाने पर छापेमारी किया गया। जहां से आरोपित दो लोग विरेंद्र कुमार और रामनाथ कुमार को हिरासत में लेते हुए ठगी के शिकार 80 लोगों को मुक्त कराया गया। उन्होंने कहा कि इन सारे युवकों का नाम पता सत्यापन कर इनके अभिभावक को सूपूर्द कर दिया जाएगा। कहा कि इस ठगी गिरोह के मुख्य सरगना का पता लगा कर उस पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष रमन कुमार, नीरज कुमार, काजल कुमारी, भानु प्रताप, सरफराज सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। डीएसपी ने बताया कि इन युवकों को बेहतर नौकरी व सैलरी का झांसा दिया जाता था। उनकी बहाली एजेंटों के माध्यम से होती थी। एजेंट यह बताते थे कि ट्रेनिंग के लिए सिर्फ पैसा देना है। इसमें भी खाना पीने व रहने का पैसा ही देना है। ट्रेनिंग के नाम पर उन्हें बुलाया जाता था। जबकि सच्चाई दूसरी थी। कोई भी दवा कंपनी नहीं थी। इन युवकों से पैसा लेने के बाद मजदूरी का कार्य कराया जाता था। उनका मोबाइल भी ले लिया जाता था। ताकि यह किसी से संपर्क कर सके। खाने का पीने का समान दिया जाता था। खाना इन्हें ही बनाना पड़ता था। जहां रखा गया था वहां से बाहर निकलने की इजाजत नहीं थी। इस बात का डर था कि कहीं यह लोग भाग नहीं जाए।

### ट्रेनिंग के नाम पर युवकों से 15 से 20 हजार रुपये लेकर बुलाया जाता था फर्जी कंपनी में

ठगी के शिकार हुए युवकों नें बताया कि प्रत्येक युवक से पहले 15 से 20 हजार रुपये जमा कराया जाता है। फिर उसे छह महीने तक ट्रेनिंग के नाम पर हर माह पांच हजार रुपये रहने खाने-पीने और ट्रेंनिंग के नाम पर लिया जाता है। परंतु वास्तविक में यह कोई दवा कंपनी नहीं है। एक बार जो युवक यहां फंस जाता है, उसे वापस जाने नहीं दिया जाता है। उससे अन्य युवकों को फंसाकर यहां बुलाने का दबाव बनाया जाता है। फिर उससे भी ठगी किया जाता है। कोई युवक अगर वापस जाना चाहता है तो उसे बंधक बना लिया जाता है।

# तेजस्वी शराबबंदी के खिलाफ हैं तो चुनावों में होगा नुकसान : राजीव

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में शराबबंदी को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधे जाने के बाद जनता दल (यूनाइटेड) ने पलटवार किया और कहा कि राज्य की तस्वीर बदलने वाली इस नीति के खिलाफ बोलना नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की मजबूरी है क्योंकि उन्हें शराब बनाने वाली कंपनियों से चंदा लेना होता है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव अगर शराबबंदी के खिलाफ हैं तो उन्हें आगामी चुनावों में होने वाले नुकसान को लेकर तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के खिलाफ तेजस्वी यादव का जहर उगलता अस्वाभाविक नहीं है। जिन शराब बनाने वाली कंपनियों से वह चंदा लेते हैं, उनकी खुशी के लिए उन्हें कुछ तो बोलना ही है।

प्रसाद ने दावा किया कि शराबबंदी ने न सिर्फ बिहार को बदला है बल्कि यहां के गांवों की तस्वीर भी बदल डाली है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाओं में कमी आई है। शराब के सेवन से होने वाली बीमारियों के आंकड़ों में भी कमी आई है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। कानून व्यवस्था के आंकड़े बेहतर हुए हैं। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि इसके बावजूद अगर तेजस्वी शराबबंदी के खिलाफ हैं तो निःसंदेह, उन्हें आगामी चुनाव में होने वाले नुकसान के लिए तैयार रहना चाहिए। राजद ने इससे पहले शराबबंदी को लेकर बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जेडीयू (जद-यू) का अर्थ जहां दारू अनलिमिटेड बताया। तेजस्वी यादव ने इस पोस्ट को रिपोस्ट किया। इसमें लिखा गया कि जे यानी जहां, डी यानी दारू और यू से अनलिमिटेड। राजद ने बिहार में शराबबंदी के बावजूद जहरीली शराब से लोगों की मौत के लिए मुख्यमंत्री कुमार और उनकी पार्टी को जिम्मेवार ठहराया।

## तालाब में डूबने से एक ही परिवार के 4 की मौत

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी जिले के एक ही परिवार के चार लोगों की मौत तालाब में डूबने से हो गयी है। मृतकों में तीन बच्ची और एक महिला शामिल है। घटना परिहार भारत-नेपाल सीमा पर अवस्थित बेला थाना क्षेत्र के उसरैना टोले मोहनपुर गांव की है। मृतक की पहचान उसरैना टोले मोहनपुर गांव निवासी कमरुद्दीन अंसारी की 13 वर्षीया पुत्री नाजिया खातून, 8 वर्षीया पुत्री नासरीन खातून, 6 वर्षीया पुत्री जैनब खातून तथा कमरुद्दीन की 60 वर्षीय मां सगीरा खातून के रूप में की गई है। दोपहर बाद तालाब से चारों का शव बरामद किया गया। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर लोगों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। घटना के संबंध में सगीरा खातून के पति इस्लाम अंसारी ने बताया कि सभी गांव स्थित तालाब में नहाने गए थे।

## एक नजर

### विस उपचुनाव के लिए इमामगंज से जीतन राम मांझी की बहू ने भरा नामांकन पर्चा



**गया।** बिहार विधानसभा उपचुनाव को लेकर गया जिले के इमामगंज विधानसभा से केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहू और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) प्रत्याशी दीपा मांझी ने आज नामांकन किया। दीपा मांझी अपने समर्थकों के साथ शहर के डीआरडीए कार्यालय पहुंची, जिसके बाद उन्होंने नामांकन पर्चा भरा। समर्थकों ने फूल-माला पहनाकर उन्हें बधाई दी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी सहित दीपा मांझी के परिवार के कई सदस्य मौजूद थे। इस मौके पर दीपा मांझी ने कहा कि यह हमारे लिए सुनहरा अवसर है कि हमें इमामगंज की जनता का सेवा करने का मौका मिलेगा। हमारे ससुर जीतन राम मांझी केंद्रीय मंत्री है, ऐसे में उनका जो विभाग है उससे यदि इमामगंज की जनता को कोई रोजगार मिलता है, तो इसके लिए हम वृहत पैमाने पर प्रयास करेंगे इमामगंज की जनता की सेवा के लिए हम सदैव तत्पर हैं। वहीं, परिवारवाद के सवाल पर दीपा मांझी ने कहा कि सिर्फ हमारे ऊपर ही परिवारवाद का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि अन्य पार्टियों में भी कई ऐसे नेता है जिनके पुत्र या रिश्तेदार चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई कुछ नहीं कहता है। सिर्फ हमारे परिवार के ऊपर ही लोग परिवारवाद का आरोप लगा रहे हैं, यह कहीं से भी सही नहीं है।

### दोहरी नागरिकता के चक्कर में गई मुखिया की कुर्सी

**दरभंगा।** दरभंगा की एक मुखिया को राज्य निर्वाचन आयोग ने पदमुक्त कर दिया है। उनपर दोहरी नागरिकता रखने का आरोप है। मामला केवटी प्रखंड के कोठिया पंचायत का है, जहां की मुखिया सबा परवीन उर्फ सबा खातून को भारत और नेपाल की दोहरी नागरिकता रखने के मामले को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने पदमुक्त कर दिया है। पंचायत चुनाव मुखिया सबा परवीन के पास भारत और नेपाल दोनो जगह की नागरिकता रखने को लेकर चुनाव आयोग में शिकायत की गई थी। यह आरोप कोठियां पंचायत के रहने वाले जितेंद्र प्रसाद ने मुखिया के खिलाफ बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 की धारा 135 एवं 136 (2) के तहत नेपाली नागरिकता के दावे के आधार पर राज्य निर्वाचन आयोग से मुखिया को पद हटाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में काफी बहस के बाद निवार्चन आयोग ने मुखिया को पद से हटाने का फैसला सुनाया है। मुखिया के खिलाफ चुनाव आयोग को शिकायत की गई थी। पंचायत चुनाव के दौरान मुखिया के नेपाल और भारत दोनो देशों की नागरिकता रहते हुए उन्होंने पंचायत चुनाव में मुखिया पद की उम्मीदवार रहते हुए जीत गई थी।

# गड्ढे में डूबने से एक ही गांव के दो मासूम बच्चों की मौत, खेलते समय हुई घटना

**केटी न्यूज/समस्तीपुर**

समस्तीपुर जिले में शिवाजीनगर प्रखंड के रोसड़ा थाने के जाखर धरमपुर पंचायत के कोलहटा गांव के बनारसी ढाला वार्ड-17 मोहल्ला में पोखर में डूबने से दो बच्चे की मौत हो गई। मृतक बच्चे गांव के रमाकांत मुखिया के पांच वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार और उनके भांजा बहेरी थाना निवासी राहुल मुखिया के पांच वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार बताया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। उधर, घटना की सूचना के बाद परिवार के लोगों के बीच कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है।



दोनों मासूम बालक की मां बार-बार बेहोश हो रही थी। लोगों ने बताया कि बहेरी गांव निवासी राहुल मुखिया के पुत्र कृष्ण कुमार करीब एक साल से यहां रह रहा था। शिवाजीनगर सीओ वीणा भारती ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। राजस्व कर्मचारी रवि गुप्ता को घटना स्थल पर भेजा गया है। रोसड़ा थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर मुकेश कुमार मंडल ने बताया कि घटना की जानकारी पर पुलिस को भेजा गया है। शव को जब्त कर लिया गया है। पोस्टमॉर्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। घटना को लेकर यूडी केस दर्ज किया जा रहा है। बताया गया कि गुरुवार दोपहर बांध पर दोनों बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान दोनों गड्ढे में लुढ़क गए, जिससे दोनों गहरे पानी में चले गए और डूब गए।

## मुखिया के ससुर को अपराधियों ने गोलियों से किया छलनी

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिला में बाइक सवार बेखौफ अपराधियों ने मुखिया के ससुर को बैक टू बैक 4 गोलियां मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना हथौड़ी थाना क्षेत्र के डीह जीवर भदाई के पास की है। घायल की पहचान मोहम्मद कलाम मुखिया नूरजहां खातून के ससुर के रूप में किया गया है। फिलहाल गंभीर हालत में उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुखिया के ससुर मोहम्मद कलाम अपने एक साथी के साथ ब्लॉक से काम करके घर लौट रहे थे। इसी दौरान में बाइक सवार दो अपराधियों ने पहले उनको ओवरटेक किया और फिर उनपर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए वहां से फरार हो गये। चार गोली मोहम्मद कलाम को लगी।

### सुल्तानगंज-बाबाधाम मार्ग पर असरगंज को निर्माण हेतु किया गया चिन्हित

# सुल्तानगंज-बाबाधाम मार्ग पर श्रद्धालु सुविधा हेतु तीर्थयात्री शेड-कैफेटेरिया का होगा निर्माण

♦ पर्यटन विभाग द्वारा इस हेतु चौदह करोड़ अठासी लाख पैंसठ हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी

**केटी न्यूज/ पटना**

सुल्तानगंज-बाबाधाम मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए असरगंज में तीर्थयात्री शेड एवं कैफेटेरिया निर्माण होगा। पर्यटन विभाग द्वारा इस हेतु 14,88,65000 (चौदह करोड़ अठासी लाख पैंसठ हजार रुपये) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस योजना के अन्तर्गत मुख्य भवन (ऋ+1), कैफे भवन (0-1), चहारदीवारी, लैंडस्केमिंग, जेनरेटर सेट, इन कैम्पस स्ट्रीट लाइट, सोलर पावर जेनरेशन, थीमेटिक गेट एवं पार्किंग इत्यादि कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना की कार्यकारी एजेंसी बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम है। योजना को औपचारिक प्रक्रियाओं के उपरांत आगामी 18 माह में पूर्ण किया जायेगा। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि पवित्र श्रावण मास व अन्य अवसरों पर प्रतिवर्ष बाबा धाम जाने वाले करोड़ों शिवभक्त कांवड़ियों की सुविधा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के आवासन एवं भोजन हेतु एक स्थायी व्यवस्था की आवश्यकता थी। इसे दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन विभाग द्वारा मुंगेर जिलान्तर्गत असरगंज में तीर्थयात्री शेड एवं कैफेटेरिया निर्माण हेतु चौदह करोड़ अठासी लाख पैंसठ हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि निश्चित ही आने वाले समय में प्रतिवर्ष श्रावण मास व अन्य अवसर पर सुल्तानगंज से बाबा धाम की यात्रा करने वाले कांवड़ियों व श्रद्धालुओं को सुल्तानगंज-बाबाधाम मार्ग पर असरगंज में एक गुणवत्तापूर्ण व बेहतर सुविधायुक्त तीर्थयात्री शेड एवं कैफेटेरिया उपलब्ध होगा जिससे सभी शिवभक्तों की यात्रा सुलभ व आरामदायक हो सकेगी।





# हाथीपांव के मरीज प्रभावित अंगों की रोजाना स्वच्छ पानी से करें सफाई : एमओआईसी

- चौगाईं प्रखंड के ठोरी पांडेयपुर में फाइलेरिया के हाथीपांव से के मरीजों के बीच एमएमडीपी किट किया गया वितरण

**केटी न्यूज/बक्सर**



राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के मरीजों के बीच रुग्णता प्रबंधन और विकलांगता रोकथाम (एमएमएडीपी) को लेकर नियमित रूप से किट का वितरण किया जाता है। इस क्रम में गुरुवार को जिले के चौगाईं प्रखंड अंतर्गत ठोरी पांडेयपुर गांव अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र पर फाइलेरिया के हाथीपांव मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मितेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया के हाथीपांव के मरीजों को आवश्यक दवाओं के साथ-साथ संक्रमित अंगों का विशेष रूप से ध्यान रखना पड़ता है। सही तरीके से ध्यान रखने पर फाइलेरिया संक्रमण को गंभीर होने से रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि हाथीपांव मरीजों को नियमित रूप से सफाई एवं आवश्यक उपचार की जरूरत अत्यधिक होती है। इसलिए हाथीपांव के मरीजों को प्रभावित अंगों की रोजाना स्वच्छ पानी से सफाई करनी चाहिए। इसके लिए फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट में सभी जरूरी सामग्रियां दी जाती हैं। ताकि, मरीज अपने प्रभावित अंगों की ठीक से सफाई करें और नियमित रूप से व्यायाम करें। ताकि, फाइलेरिया के संक्रमण के प्रभाव की रोकथाम की जा सके।

## शुरूआती दिनों में ही बीमारी की पहचान से उसे रोकना आसान

मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक चिंतामणी देवी ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। जिस कारण फाइलेरिया में या तो व्यक्ति के हाथ या पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। शुरूआती दिनों में बीमारी की पहचान कर इसे रोका जा सकता है। इसके लिए संक्रमित व्यक्तियों को फाइलेरिया ग्रसित अंगों को पूरी तरह स्वच्छ पानी से साफ करते रहना पड़ेगा। वहीं, वीबीडीएस अशोक कुमार कश्यप ने मरीजों को उनके प्रभावित अंगों की सफाई करने के सम्बन्ध में जानकारी दी। साथ ही, उनको जरूरी व्यायाम का डिमॉन्स्ट्रेशन करके दिखाया। इसके अलावा मरीजों को बताया गया कि हाथीपांव के मरीज सोने समय अपने पैरों को ऊंचा करके सोए। इसके लिए उन्हें अपने बिस्तर के नीच पैरों की ओर कोई ठोस वस्तु रखनी होगी। जिससे उनके पैर सोते समय ऊपर उठे रहे।

**विभाग की यह पहल काफी सराहनीय है :** मौके पर मौजूद प्रखंड उप प्रमुख राहुल मेहता ने कहा कि चौगाईं प्रखंड के कुछ हिस्से में फाइलेरिया के हाथीपांव के मरीजों की संख्या काफी अधिक है। जिसमें एक ठोरी पांडेयपुर भी शामिल है। लेकिन, स्वास्थ्य विभाग ने हाथीपांव के मरीजों के लिए जो मुहिम शुरू की है वो काफी सराहनीय है। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से प्रखंड के सभी हाथीपांव के मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण करने और उन्हें व्यायाम की जानकारी देने की अपील की। ताकि, सभी मरीज फाइलेरिया के संक्रमण की रोकथाम कर सकें। वहीं, उप प्रमुख ने वहां मौजूद सभी लोगों से सोते समय मच्छरदानी लगाकर सोने और घरों के पास साफ सफाई रखने की अपील की। जिसे मच्छरों को पनपने का अवसर न मिल सकें।

कार्यक्रम में आशा फैसिलिटेटर सुनैना देवी के अलावा पीरामल स्वास्थ्य के अतुल कुमार सिंह, सेंटर फॉर एडवोकेसी के डीसी आशीष कुमार पांडेय, एडीसी अमित सिंह के अलावा आशा कार्यकताएं और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहें।

## खबरें फटाफट

### दो वारंटी समेत तीन गिरफ्तार

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस ने स्थानीय गांव से 15 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि कारोबारी की पहचान स्थानीय गांव के राजेंद्र राम का पुत्र विनोद राम के रूप में की गई हैं। गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई पुलिस कर रही थी। दूसरी तरफ स्थानीय पुलिस ने फरार चल रहे दो वारंटियों को भी गिरफ्तार किया हैं। जिनकी पहचान नन्हक यादव और भोलू यादव के रूप में हुई हैं। दोनों वारंटी नया भोजपुर के रहने वाले बताये जाते हैं।

### बिजली चोरी करते दो धराये, केस दर्ज

**डुमरांव।** बिजली कंपनी के अधिकारियों ने अवैध रूप से बिजली जलाने के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के तहत शहर के ढेलवानी मोहल्ला स्थित बागमुंशी रोड में अवैध रूप से बिजली जलाते दो उपभोक्ताओं को पकड़ा। जिनके खिलाफ विद्युत आपूर्ति प्रशाखा डुमरांव के कनीय विद्युत अभियंता मनीष कुमार ठाकुर ने कुल 21,842 रुपये का जुर्माना लगाते हुए दोनों के खिलाफ डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया गया है। बिजली अधिकारियों के इस कार्रवाई से अवैध रूप से बिजली जलाने वालों के बीच हड़कंप मच गया। आरोपियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

### गुप्त सूचना के आधार पर डुमरांव पुलिस ने की रेकी, साक्ष्य मिलने पर की छापेमारी

# 358 किग्रा विस्फोटक सामग्रियों के साथ किराना दुकानदार गिरफ्तार

- दुकान से पटाखा व बम बनाने के लिए काम आने वाले सोरा, गंधक व चारकोल बरामद
- राजगोला से सटे न्यू मार्केट में संचालित हो रही थी दुकान
- विस्फोटक सामग्री अधिनियम के तहत दर्ज हुआ एफआईआर

**केटी न्यूज/डुमरांव**



कार्रवाई के बाद बंद पड़ी दुकान।

डुमरांव के रिहायशी इलाके में शुमार तथा राजगोला से सटे न्यू मॉर्केट में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री का कारोबार संचालित हो रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना पर रेंकी के बाद छापेमारी कर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद करने के साथ ही दुकानदार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बरामद सामानों का उपयोग पटाखा तथा बम बनाने में किया जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि न्यू मॉर्केट स्थित किराना व जड़ी-बूटी विक्रेता कन्हैया प्रसाद अपनी दुकान की आड़ में विस्फोटक सामग्री बेच रहा है। इस सूचना पर अपर थानाध्यक्ष संजीत कुमार शर्मा ने पहले उसकी रेंकी करवाई। उन्होंने पुलिस के जवानों को सादे वेश में भेष उसके दुकान से शोरा खरीदवाया। दुकान से शोरा मिलने के बाद इस बात की पुष्टि हो गई कि वह अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री बेच रहा है। इसके बाद एक टीम बना उसके दुकान में छापेमारी करवाई गई। छापेमारी के दौरान उसके दुकान से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद हुआ।

वहीं, इस मामले के संबंध में जानकारी देते हुए डुमरांव अपर थानाध्यक्ष संजीत ने बताया कि दुकान से 196 किलोग्राम शोरा, 82 किलोग्राम गंधक तथा 80 किलोग्राम चारकोल पावडर समेत कुल 358 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री मिला हैं। उन्होंने बताया कि इन सामानों का उपयोग बम तथा पटाखा बनाने में किया जाता है। जांच में दुकानदार के पास विस्फोटक सामानों की बिक्री का लाइसेंस नहीं मिला। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**रिहायशी इलाके में संचालित हो रहा था विस्फोटक सामग्री का कारोबार :** बता दें कि जिस जगह पर उसकी दुकान संचालित होती है वह शहर का प्रमुख बाजार व रिहायशी इलाका है। ऐसे में दुकान में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री का स्टॉक रखने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि पुलिस ने समय रहते दुकानदार को गिरफ्तार करने के साथ ही विस्फोटक सामग्री को बरामद कर लिया। इसकी जानकारी मिलते ही शरवासियों में चचाओं का बाजार शुरू हो गया है। लोगों का कहना था कि भीड़ भाड़ वाले इलाके में इस तरह से विस्फोटक सामग्री की बिक्री खतरे से खाली नहीं है। लोगों ने इस कार्रवाई के लिए पुलिस को धन्यवाद भी दिया।

**दीपावली के मद्देनजर जमा किया था स्टॉक :** पुलिस की माने तो उक्त दुकानदार पिछले दो-तीन वर्षों से विस्फोटक सामग्री बेच रहा था। वह, अनुमंडल इलाके में अवैध तरीके से पटाखा बनाने वालों को शोरा, गंधक व चारकोल पावडर जैसे रॉ-मेटेरियल बेचता था। जिससे वह अच्छा मुनाफा कमा रहा था। इस बार भी दीपावली व छठ के पूर्व उसने बड़े पैमाने पर विस्फोटक सामग्री का स्टॉक जमा किया था। लेकिन ऐन वक्त पर पुलिस ने उसका खेल बिगाड़ दिया।

**सूचना पर पहले रेकी कर इसकी पुष्टि कराई गई :** पुलिस को शिकायत मिली थी कि न्यू मॉर्केट में एक दुकानदार द्वारा बड़े पैमाने पर विस्फोटक सामग्री का स्टॉक किया गया है। इस सूचना पर पहले रेकी कर इसकी पुष्टि कराई गई, इसके बाद छापेमारी कर उक्त दुकान से 358 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया। दुकानदार के खिलाफ विस्फोटक सामग्री अधिनियम 1884 के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### क्या है विस्फोटक सामग्री अधिनियम

विस्फोटक सामग्री अधिनियम भारत सरकार द्वारा पारित एक कानून है, जो विस्फोटक सामग्रियों के उत्पादन, भंडारण, परिवहन और उपयोग को नियंत्रित करता है। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य विस्फोटक सामग्रियों के सुरक्षित और नियंत्रित उपयोग को सुनिश्चित करना है, जिससे जनहानि और संपत्ति की क्षति को रोका जा सके।

**विस्फोटक सामग्री अधिनियम, 1884 के मुख्य प्रावधान :-**

- विस्फोटक सामग्रियों के उत्पादन और भंडारण के लिए लाइसेंस आवश्यक है।
- विस्फोटक सामग्रियों का परिवहन सुरक्षित और नियंत्रित तरीके से किया जाना चाहिए।
- विस्फोटक सामग्रियों का उपयोग केवल अधिकृत व्यक्तियों द्वारा किया जा सकता है।
- विस्फोटक सामग्रियों के संबंध में कोई भी दुर्घटना या घटना की रिपोर्ट तत्काल करना आवश्यक है।
- विस्फोटक सामग्रियों के संबंध में नियमों का उल्लंघन करने पर दंड और जुर्माना लगाया जा सकता है।

### विस्फोटक में ये सामग्रियां शामिल

इस अधिनियम के तहत विस्फोटक सामग्रियों में विस्फोटक रसायन, आग्नेयास्त्र, पटाखे तथा अन्य विस्फोटक सामग्रियां शामिल है। विस्फोटक सामग्री अधिनियम का पालन करना आवश्यक है, ताकि विस्फोटक सामग्रियों के सुरक्षित और नियंत्रित उपयोग को सुनिश्चित किया जा सकें।

## एक नजर

### सघन वाहन जांच के दौरान 20 वाहनों से 1.15 लाख का काटा गया चालान



**चौसा।** चौसा यादव मोड़ स्थित मुफस्सिल थाना के समीप डीटीओ संजय कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जांच में 20 वाहन चालकों पर कागजात व हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग में 1.15 800 का चालान काटा गया। इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा। बता दें कि दो पहिया वाहन चालकों में बगैर हेलमेट वाहन चलाना शौक बना हुआ है। उसी तरह छोटे चार पहिया वाहन चालकों में सीट बेल्ट न पहनने का रिवाज बना दिया गया। इसके चलते दुर्घटना होने पर खामियाजा वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। आये दिन ऐसी घटना प्रतिदिन होती रही है। इसके बावजूद लोग लापरवाह है। इसी को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी पूरे जिले में कही न कही अभियान चला रहे है। इस अभियान में लोगों से जुमार्ना तो किया ही जा रहा इसके साथ उन्हें आगे सावधानी व नियमानुकूल वाहन चलाने की नसीहत भी दी जा रही है। जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि चौसा यादव मोड़ से यूपी को जाने वाले मार्ग पर मुफस्सिल थाने पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें हर तरह के वाहनों की जांच की गई। इस अभियान के तहत छोटे बड़े 20 दो पहिया व चार पहिया वाहन से कुल 1.15800 रुपये के चालान काटे गए। वही, बड़े यात्री वाहनों के चालकों से बताया गया 31 तक अपने वाहनों के परमिट का आवेदन जमा कर दे अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

### इस्तीफा देने के बाद बोलीं बक्सर नप उपमुख्य पार्षद... अब काफी राहत महसूस कर रही हूं

**बक्सर।** नगर परिषद के भ्रष्टाचार के दलदल से बाहर निकल मैं काफी राहत महसूस कर रही हूं। चुनाव के दौरान बक्सर की जनता ने जो अपार प्यार-दुलार व समर्थन जताया उसके लिए मैं आम जनता की आभारी हूं। उक्त बातें बक्सर नगर परिषद की उप मुख्य पार्षद इशरत बानो ने अपने पद से इस्तीफा देने के बाद कही। बता दें कि गुरूवार को उप मुख्य पार्षद ने नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी समीक्षा सिंह को कार्यालय में पहुंच गुरुवार को दिन के लगभग 2 बजे अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस्तीफा देने के बाद नगर परिषद के उप चेयरमैन इशरत बानो ने अपने कार्यालय में प्रेस के साथ वार्ता आयोजित की। इशरत बानो के इस्तीफा की सूचना मिलते ही बिहार प्रदेश उपसभापति संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह मनेर नगर परिषद उपसभापति शंकर यादव पहुंच उन्हें फिलहाल इस्तीफा नहीं देने को लेकर काफी समझाया। इसके बाद भी इशरत बानो ने अपनी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत इस्तीफा के प्रति अधिग्रही और संघ के प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को अपना इस्तीफा गुरुवार को सौंप दिया। इस दौरान अपने कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए इशरत बानो ने कहा कि उपचेयरमैन पद पर चुनाव के लिए बक्सर नगर परिषद की पूरी जनता के प्रति पूरी श्रद्धा और निष्ठा से आभार प्रकट करती हूं। उन्होंने कहा कि बक्सर की जनता के लिए मैं भावुक हूं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार संबंधित कई मामलों के लिए सदन से आला अधिकारियों समेत बिहार सरकार को लगातार पत्राचार किया गया। जांच की मांग की गई, लेकिन हमलोगों को सिर्फ और सिर्फ निराशा हाथ लगी। पुख्ता सबूत के बाद भी हर बार मामले को दबाया गया। अपने आप को इस दलदल से बचाने के लिए इस्तीफा सबसे उचित फैसला है।




### हत्या के मामले में छह अभियुक्तों को आजीवन कारावास, 25-25 हजार रुपये जुर्माना

**बक्सर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद नंदन सिंह की अदालत ने शुक्रवार को हत्या के एक मामले में 6 अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। अदालत ने सभी दोषियों को अलग-अलग धाराओं में सजा देने का निर्णय लिया। 6 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा के साथ-साथ 25-25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। जानकारी के अनुसार, बक्सर जिले के बेलहरी गांव में एक जमीनी विवाद के चलते मारपीट हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी स्थिति गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद, पीड़ित के परिवार द्वारा सुचक के माध्यम से आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। अदालत ने अन्य धाराओं में 7 साल की सजा के साथ 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया, जबकि एक अभियुक्त को 7 साल की सजा और 5-5 हजार रुपये का जुमार्ना दिया गया। सभी सजाएं एक साथ चलेगी।

## कसिया गांव में करंट की चपेट में आने से युवा किसान की मौत, पसरा मातम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

गुरूवार को डुमरांव थाना क्षेत्र के कसियां गांव में खेत घुमने निकले एक युवा किसान की करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन तथा ग्रामीण आनन-फानन में उसे लेकर डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक शिवशंकर राय उम्र 40 वर्ष अपने पिता राजेन्द्र राय उर्फ दल्लू राय का इकलौता पुत्र था। उसे दो पुत्री व एक पुत्र है। घटना के बाद से पूरा परिवार बदहवास है।

जानकारी के अनुसार शिवशंकर सुबह करीब 10 बजे घर से खेत घुमने के लिए निकले थे। वे गांव से पश्चिम उतर स्थित बधार में अपने खेत की तरफ जा रहे थे। तभी किसी किसान ने सिंचाई के लिए बोरिंग तक तार बिछाया था। शिवशंकर इसी तार की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही खेत में काम कर रहे किसानों को मिली कि अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। किसानों ने ही इसकी सूचना परिजनों को दी तथा इलाज के लिए लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे, लेकिन तबतक उनकी मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष शंभु कुमार भगत ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर पुराना सदर अस्पातल भेजा।

## कार्रवाई: बगैर सूचना ड्यूटी से नदारद इटाढ़ी अपर थानाध्यक्ष को एसपी ने किया निलंबित, मचा हड़कंप

**केटी न्यूज/बक्सर**

कर्तव्य में लापरवाही अधिकारियों की अनदेखी करना इटाढ़ी थाने के अपर थानाध्यक्ष रिकेश कुमार को भारी पड़ गया। एसपी शुभम आर्या ने उन्हें निलंबित कर दिया। इस अवधि में उन्हें जीवन-यापन भत्ता दिया जाएगा।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को सदर एसडीपीओ धीरज कुमार ने इटाढ़ी थाना के सरकारी मोबाइल पर फोन किया तो सब इंस्पेक्टर अजय पाण्डेय द्वारा फोन रिसिव किया गया। डीएसपी द्वारा अपर थानाध्यक्ष रिकेश कुमार के बारे में पूछने पर बताया गया कि वे किसी केस के अनुसंधान कार्य से बाहर गए हुए हैं। बता दें कि थानाध्यक्ष इटाढ़ी सोनू कुमार इस समय अवकाश पर है। अवकाश पूर्व उन्होंने सरकारी मोबाइल अपर थानाध्यक्ष को सौंपी थी। जाहिर है, थानाध्यक्ष के छुट्टी पर चले जाने के बाद अपर थानाध्यक्ष ही प्रभार में थे। लेकिन वे भी बिना सूचना गायब हो गए थे।



उक्त सूचना के सत्यापन के लिए डीएसपी ने सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह को निर्देशित किया। वे मंगलवार की रात्रि में इटाढ़ी थाना पर जाकर जांच किये, जिसमें पाया गया कि पुलिस अवर निरीक्षक सह अपर थानाध्यक्ष रिकेश कुमार सिंह बिना किसी वरीय पदाधिकारी को सूचित किये अनुपस्थित थे। जांचोपरांत जांच प्रतिवेदन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा बुधवार को एसपी शुभम आर्य को समर्पित किया गया। समर्पित प्रतिवेदन में वर्णित तथ्यों के आलोक में सब इंस्पेक्टर रिकेश कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष इटाढ़ी को एसपी द्वारा निलंबित करते हुए सामान्य जीवन यापन भत्ता दिए जाने को बताया गया।

एसपी शुभम आर्य ने इसे गंभीर लापरवाही बताया और कहा कि एक पुलिस पदाधिकारी का बिना सूचना गायब रहना विधि व्यवस्था संधारण व अपराध नियंत्रण में आड़े आ सकता है। उन्होंने लापरवाह पुलिस पदाधिकारियों को चेतावनी दी है कि ड्यूटि में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही, एसपी के इस तेवर से बिना सूचना गायब रहने वाले पुलिस पदाधिकारियों की मुश्किलें बढ़ गई है।

### किसानों के क्षमता संवर्द्धन के लिए आयोजित हुई कृषक वैज्ञानिक संगोष्ठी, पोषण वाटिका की स्थापना एवं प्रबंधन की दी गई जानकारी; बोले डॉ. धीरज...

# वाटिका से परिवार की पोषण सुरक्षा को सुनिश्चित करें महिलाएं

- महिलाओं को घरों के समीप पोषण वाटिका लगाने की मिली जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना के निदेशक डॉ. अनूप दास एवं अटारी जोन-4 पटना के निदेशक डॉ. अंजनी कुमार के मार्गदर्शन में नवोन्मेषी तकनीक हस्तक्षेप द्वारा शनय भूख एवं शून्य तकनीकी अंतर गांव का विकास परियोजनान्तर्गत पोषण वाटिका की स्थापना एवं प्रबंधन विषय पर बक्सर जिले के सिमरी प्रखंड के छोटका ढकाइच गांव में ज्ञान एवं क्षमता संवर्धन के लिए कृषक वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत गांव के 25 महिलाओं को घर के आस पास पोषण वाटिका की स्थापना एवं वैज्ञानिक विधि से प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। पोषण वाटिका के लिए महिलाओं को सब्जी बीज गाजर, मूली, मटर, मेथी, धनिया, टमाटर, गोभी आदि के बीज एवं नर्सरी पौधे प्रदान किये गए।

परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. धीरज कुमार सिंह ने बताया कि पोषण वाटिका अपनाकर महिला किसान परिवार की पोषण सुरक्षा को सुनिश्चित कर सकती है। डॉ. कुमारी शुभा वैज्ञानिक ने महिलाओं को पोषण वाटिका के माध्यम से शरीर को स्वस्थ बनाये रखने के लिए विशेषकर आयरन, जिंक, पोटैशियम, फास्फोरस, कैल्सियम तथा विटामिन ए, बी, सी से भरपूर पत्तेदार सब्जियों, जड़ वाली सब्जियों, फलों जैसे आम, पपीता, आवंला, केला, नींबू एवं बेल आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी। जिससे पोषण वाटिका से सालभर गुणवत्ता युक्त भोज्य सामग्री उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि पोषण वाटिका के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने महिलाओं को अपने भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियों को विशेष रूप से शामिल करने पर जोर देते हुए पोषण वाटिका के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. अनिर्बन मुखर्जी ने कृषको के कृषि सम्बन्धी समस्याओं के समाधान हेतु सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन तकनीक (पीआरए) द्वारा आंकलन किया तथा इनके निदान के लिए विस्तृत जानकारी दी। कृषि विज्ञानं केंद्र बक्सर के विषय वस्तु विशेषज्ञ रामकेवल ने पोषण वाटिका से सालभर फल एवं सब्जियों की प्राप्ति के लिए फलदार वृक्षों की कटाई, छंटाई एवं कीट व्याधि प्रबंधन की पर्यावरण सम्मत जानकारी दी। संगोष्ठी में छोटका ढकाइच गांव के कमली देवी, उर्मिला देवी, चंदा देवी, चिंता देवी, सीता देवी, ललिता देवी, मीरा देवी, तेतरी देवी, कमलावती देवी, धनपतिया देवी आदि उपस्थित थे।




# सूरत-ए-हाल : शहर के तालाबों की नहीं शुरू हुई सफाई, कैसे अर्घ्य देंगे छठव्रती

♦ छठिया पोखरा को छोड़ नप क्षेत्र के सभी तालाबों की स्थिति हो गई है दयनीय



केटी न्यूज/डुमरांव

लोक आस्था के महापर्व छठ को काफी विधि-विधान के साथ किया जाता है। इस व्रंत को करने वाली महिलाएं पहला अर्घ्य डूबते सूर्य को देती है, तो दूसरा अर्घ्य उगते हुए भगवान भाष्कर को। इस पूजा को लेकर महिलाओं सहित परिवार में काफी खुशी का माहौल रहता है। दशहरा पर्व बितते ही दीपावली के साथ छठ पूजा की तैयारी शुरू हो जाती है। लिहाजा छठ घाटों से लेकर नदी, तालाबों, नालों सहित रोड की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। नगर परिषद द्वारा अभीतक सफाई की कोई व्यवस्था शुरू नहीं किये जाने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नगर के दो दर्जन तालाब घाटों पर छठ पूजा का आयोजन किया जाता है। नगर परिषद ने इन तालाब के घाटों की सफाई अभीतक नहीं शुरू किया है। सफाई शुरू नहीं होने से नगरवासी काफी नाराज दीख रहे हैं। परिवार के सदस्यों का कहना है कि छठ जैसे महान पर्व में नप की चुप्पी समझ से परे है।

**कुछ तालाब तो ऐसे हैं, जहां घाट है ही नहीं :** नगर का एक भी ऐसा तालाब नहीं है, जिसमें गंदगी का अंबार नहीं लगा हो। कुछ तालाब तो ऐसे हैं, जहां घाट है ही नहीं, ऐसे में कृत्रिम घाटों का निर्माण किया जाता है, जिससे अर्घ्य देने वाली महिलाएं असानी से तालाब में उतरकर स्नान कर सकें और सूर्य भगवान को अर्घ्य दे सकें। इतना ही नहीं इस दौरान परिवार के सदस्य भी अर्घ्य दिलवाते हैं, ऐसे में उन्हें भी तालाब में उतरना पड़ता है। जब तालाबों में उतरने के लिए सीढ़ी ही नहीं बना रहेगा तो फिर कैसे कोई उतरकर अर्घ्य दिलवाएगा। इसकी चर्चा गली, मुहल्लों एवं बाजारों में काफी जोर-शोर से चल रही है।

## छठिया पोखरा को छोड़कर सभी की स्थिति हो चुकी है जर्जर

मालूम हो कि डुमरांव नगर सहित विस्तारित क्षेत्र नयाभोजपुर व पुराना भोजपुर मिलाकर लगभग दो दर्जन तालाब मौजूद हैं। नगर के छठिया पोखरा को छोड़कर सभी की स्थिति जर्जर हो चुकी है। नगर के तालाबों में महाकाल मंदिर के तालाब में तो पानी ही नहीं है। घाटों का वजूद मिट चुका है, व्रंतियों को तलाब में उतरने और परिवार के लोगों के लिए बैठने का स्थान तक नहीं है। उसी तरह से सूरत राय के तालाब की स्थिति है। यह तालाब गड्ढा में तब्दील होकर रह गया है। तालाब के चारोतरफ झाड़ियों का सम्राज्य कायम हो गया है। नया तालाब जहां कभी लोग स्नान कर मंदिर में पूजा करने के लिए जाते हैं। तालाब में किनारे बने मकानों के घरों का गंदा पानी तालाब में ही गिरता है। लिहाजा लोग घर से स्नान कर भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने के लिए घाट पर जाते हैं। ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि तालाब स्थिति कैसी हो गई है। इसी तरह से अन्य तालाबों की स्थिति भी है। इस संबंध मे जब चेयरमैन सुनीता गुप्ता और ईओ मनीष कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया की शुक्रवार से नगर और विस्तारित क्षेत्रों के सभी तालाबों की सफाई के साथ ब्रतियों के बैठने लायक बना दिया जाएगा। इतना ही नहीं तालाब तक के पहुंच पथ को भी बनाकर पूरी तरह से सुरक्षित कर दिया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### अवैध रूप से बिजली जलाते तीन धराएं

**सिमरी।** बकाया बिजली बिल तथा चोरी से बिजली जलाने वालों के खिलाफ बिजली कंपनी अब सख्त रुख अख्तियार कर चुकी है और लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इसी क्रम में सिमरी थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में चोरी से बिजली जलाते दो लोगों को पकड़ा। रमधनपुर से एक व्यक्ति को पकड़ा गया। तीनों लोगों पर बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा एक लाख चार हजार 950 रुपए का जुर्माना लगाते हुए केस दर्ज कराई गई।

### युवती का अपहरण, जांच में जुटी पुलिस

**डुमरांव।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती का अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में युवती की मां ने राजपुर थाना क्षेत्र के उत्तमपुर गांव निवासी विकास कुमार नामक युवक पर अपनी पुत्री के अपहरण का मामला दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि दिए आवेदन में पीड़िता ने बताई है कि उसकी बेटी मंगलवार से ही घर से गायब है तथा छोटी बेटी ने बताया कि वह उत्तमपुर निवासी विकास कुमार से फोन पर बात करती थी। जब विकास की मां से बात की गई तो उसने बताया कि एक सप्ताह से बेटा से बात नहीं हुई है।

## शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए अवर निबंधन कार्यलय डुमरांव ने झोंकी ताकत

# चालू वित्तीय वर्ष के लिए विभाग ने 45 करोड़ रुपये का निर्धारित किया लक्ष्य

♦ वितीय वर्ष 2023-24 में एक अप्रैल से 31 जनवरी तक 29 करोड़ की हुई है वसूली



केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित अवर निबंधन कार्यालय सरकार द्वारा निर्धारित निबंधन के लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वित्तिय वर्ष 2023-24 के लिए विभाग ने 45 करोड़ रुपया का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसके आलोक में 1 अप्रैल 2023 से 31 जनवरी 2024 तक 29 करोड़ रुपया राजस्व की वसूली किया गया है। वही पूर्व के दास्तावेज के निबंधन पर 51 हजार 222 रुपया का वसूली किया गया है। इस दौरान स्टॉप वेंडर के रूप में एक करोड़ 10 लाख 55 हजार 440 रुपया प्राप्त हुआ है।

अवर निबंधन पदाधिकारी विशाल कुमार ने कहा कि विभाग के द्वारा जारी लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूरा किया जाएगा। इसके लिए सभी को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि तक इस लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बरसात बाद एक बार फिर से राजस्व वसूली का प्रयास तेज हो गया है।

**रजिस्ट्री ऑफिस के अनुज्ञप्ति धारक कातिबों के लिए पहचान पत्र लगाना अनिवार्य :** गौरतलब है कि बरसात के मौसम में जमीन रजिस्ट्री का कार्य लगभग ठप रहता है। जिसका सीधा असर राजस्व वसूली पर पड़ता है। जिस कारण भूमि निबंधन के संबंध में सरकार के राजस्व उगाही में अक्सर कमी देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि अवर निबंधन कार्यालय के कार्य प्रणाली में कई सुधार किया गया है। जैसे रजिस्ट्री ऑफिस के अनुज्ञप्ति धारक कातिबों के लिए पहचान पत्र लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। जिससे काम करने में आसानी रहती है वहीं निबंधन करवाने आने वाले लोगों को भी काफी सुविधा मिल रही है। जानकारों ने बताया कि कार्यालय के कर्मियों के द्वारा भी भू-दस्तावेजों के गहन जांच तथा आवश्यकतानुसार सरजमीन के निरीक्षण के उपरांत ही निबंधन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है, ताकि भू-विवाद के मामलों में अंकुश लगाया जा सके। साथ ही लोगों को अनावश्यक विलंब और परेशानी से निजात दिलाने के लिए पूरी प्रणाली को भी सुगम बनाया गया है।

**विवाह निबंधन की है व्यवस्था :** वर-वधू शादी के बाद रजिस्टर्ड विवाह प्रमाण-पत्र देने की व्यवस्था है। इसके लिए आवेदन जमा करने पर 100 रुपए का शुल्क निर्धारित है। शादी के तीन माह के अंदर रजिस्टर्ड कराना लेना है। प्रमाण-पत्र लेने के समय 200 रुपए शुल्क देना होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में कुल 170 वर-वधु का निबंधन किया गया है। जिसमे 33 हजार राजस्व का वसूली भी किया गया है।

**अबतक हुई विभिन्न स्त्रोतों में राजस्व की वसूली :** निबंधन पदाधिकारी ने कहा कि वर्ष 2023-24 के 1 अप्रैल से 31 दिसम्बर तक उपस्थित दास्तावेज 7211,जिससे 6 करोड़ 33 लाख 34 हजार 221 रुपया, पूर्व ले दास्तवाजे से 51 हजार 222,एईसी से 69 हजार, भू-स्वामी एवं आदेशिका शुल्क 30 लाख 21 हजार 775,विवाहों के निबंधन 33 हजार एवं स्टॉप वेंडर से 1 करोड़ 10 लाख 55 हजार 440 रुपया का राजस्व वसूली किया गया है। इस प्रकार के 22 कैटीरिया होते है। जिसमे अलग-अलग राजस्व की वसूली हुई है।

### चार प्रकार के जमीन का होता है निबंधन

अधिकारी ने बताया कि निबंधन कार्यालय में चार प्रकार के जमीन का निबंधन किया जाता है। जिसमें व्यवसाय, आवासीय, विकासीय व कृषि भूमि शामिल है। सभी भूमि का अलग-अलग शुल्क निर्धारित है। सड़क के किनारे की भूमि व्यवसाय के दायरे में आता है। 1 एकड़ जमीन का 5 लाख 50 हजार रुपए प्रति डिसमिल व आवासीय भूमि 4 लाख 75 हजार रुपए प्रति डिसमील निबंधन शुल्क निर्धारित है। साथ ही विकासीय भूमि 20 डिसमिल का 35 हजार रुपए निबंधन शुल्क निर्धारित है। उन्होंने बताया कि सभी भूमि का स्थल जांच करने के बाद वैल्यू निर्धारण किया जाता है।

“ निबंधन कार्यलय डुमरांव के द्वारा आमजनों के लिए जमीन खरीद-बिक्री व विवाह निबंधन की व्यवस्था है। अधिकारियों द्वारा स्थल जांच के बाद जमीन का भेल्यू का निर्धारण किया जाता है। व्यवसाय, आवासीय, विकासीय व कृषि भूमि का निबंधन किया जा रहा है। कार्यलय में कुछ कर्मियों की कमी है।

– विशाल कुमार, अवर निबंधन कार्यालय, डुमरांव

## एक नजर

### 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण का हुआ समापन



**डुमरांव।** 30 बिहार बटालियन के तरफ से डुमरांव डीके कॉलेज में दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में छात्र-छात्राओं को देश सेवा के साथ जीवन में आगे बढ़ने की मजबूति प्रदान की गई। फिर सभी कैडेटों को बुलाकर उनसे सुझाव मांगा गया की इस पर आगे अमल किया जा सके। फिर फिर कर्नल रीतेश रंजन ने एनसीसी गीत के साथ सभी बच्चों को घर जाने की इजाजत दी। ट्रेनिंग के दौरान एनसीसी कैडेटों को देश प्रेम, लोगों की मदद पहुंचाना, अकाल पड़ने, बाढ़ आने, भूकंप आने पर कैसे काम करना है बताया गया। दस दिनों तक प्रशिक्षण ले रहे एनसीसी के छात्रों ने अधिकारियों के साथ एक दोस्त की तरह रहते हुए अपनी बातों को सांझा किया। छात्रों ने बताया की हमलोगों ने जो ट्रेनिंग लिया है, उसे अपने जीवन में उतारने की हर संभव प्रयास करेंगे।

### स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ बीडीओ ने की बैठक

**केसठ।** स्थानीय प्रखंड अंतर्गत मनरेगा भवन के सभागार में स्वच्छता कर्मी और स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बीडीओ सह स्वच्छता नोडल पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्वच्छता के विभिन्न आयामों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा के बाद स्वच्छता से जुड़े सभी कर्मियों को साप्ताहिक कार्य का लक्ष्य दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से जुड़े कर्मीगण इमानदारी पूर्वक कार्य करें।स्वच्छ गांव स्वच्छ समाज का निर्माण ही इस अभियान का एक मात्र उद्देश्य है। स्वच्छता अभियान से जुड़े कर्मियों के बकाया वेतन का मुद्दा उठाया। साथ ही जल्दी मिलने की बात कही। साथ ही बीडीओ ने स्वच्छता प्रवेक्षको को यूजर चार्ज वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया। ताकि कर्मियो का भुगतान किया जा सके। मौके पर मुख्य रूप से बीसी त्रिभुवन सिंह स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय प्रसाद, प्रदीप कुमार, अयोध्या पासवान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### हर माह अधिकाधिक वादों का निष्पादन कराएं : डीएम

**बक्सर।** गुरूवार को जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में अभियोजन की मासिक समीक्षात्मक बैठक की गई। माह सितंबर के विभिन्न वादों की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जघन्य अपराध अंतर्गत सात वाद, पास्को में तीन वाद, एनडीपीएस में एक वाद, उत्पाद अधिनियम अंतर्गत चार वाद, एवं शस्त्र अधिनियम अंतर्गत दो वादों में सजा दिलाई गई। जिलाधिकारी ने सभी अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह अधिक से अधिक संख्या में वादों का निष्पादन करना सुनिश्चित करें। सिविल सर्जन को संबंधित चिकित्सकों की गवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि वाद निष्पादन के लिए गत माह में लोक अभियोजक द्वारा कोई बैठक किया गया है, जो अत्यंत खेदजनक है। निर्देशित किया गया कि सभी अपर लोक अभियोजकों के साथ बैठक करते हुए कारवाई प्रतिवेदन जिला विधि शाखा को उपलब्ध कराएंगे। जिलाधिकारी ने अभियोजन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह सभी सहायक अभियोजन पदाधिकारी के साथ अपने स्तर से समीक्षात्मक बैठक कर वादों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा तथा बैठक की कार्यवाही जिला विधि शाखा को उपलब्ध कराएंगे।

## कड़वी के विकास की हुई थी हत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

केटी न्यूज/डुमरांव


डुमरांव के लालगंज कड़वी निवासी स्व. प्रेम राजभर के पुत्र विकास कुमार उर्फ अरविंद कुमार की हत्या की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इस बात का खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कृष्णाब्रह्म पुलिस अब इस मामले की जांच हत्या के बिंदू पर कर रही है। इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस तकनीकी साधनों के साथ ही मुखबीरो का सहारा ले रही है। पुलिस की मानें तो जल्दी हत्यारे गिरफ्त में होंगे। इस मामले में उसके दोस्त की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। वही पुलिस सूत्रों की माने तो शुरूआती जांच में यह मामला प्रेम प्रसंग की ओर इशारा कर रहा है।

बता दें कि कड़वी निवासी विकास उर्फ अरविंद का शव 15 अक्टूबर को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन से दक्षिण एक बागीचे से बरामद किया गया था। शुरूआत में पुलिस इसे बीमारी की वजह से मौत मान रही थी, लेकिन इस मामले में उसकी मां संतरा देवी ने कृष्णाब्रह्म थाने में अपने पुत्र के हत्या किए जाने का मामला दर्ज कराई। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़िता ने बताई थी कि उसका बेटा 14 अक्टूबर को ही खिरौली के बली राय के पुत्र विकास कुमार के साथ बाजार जाने की बात कह घर से निकला था, लेकिन लौट कर नहीं आया। संतरा ने अपने पुत्र की साजिश के तहत हत्या किए जाने की बात कही थी। जिसके बाद पुलिस का जांच तेज हो गया था। वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का खुलास होने के बाद मृतक के मां द्वारा लगाए गए आरोपो की पुष्टि भी हो गई है।

कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जल्दी ही हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दीपावली को लेकर मिट्टी के बर्तन व खिलौनों की बढ़ी मांग, निर्माण में जुटे सभी कुम्हार

केटी न्यूज/डुमरांव



दीपावली एक ऐसा पर्व है, जिसे खुशी के साथ घर-घर मनाया जाता है। बच्चों में जहां पटाखा को लेकर उल्लास रहता है, वहीं घर की महिलाएं मां लक्ष्मी की पूजा घर में उनके आगमन को लेकर करती हैं। यह मान्यता है कि जिस घर में मां लक्ष्मी का वास रहता है, वह घर धन्य-धान्य से परिपूर्ण रहता है। इस अवसर पर घरो में घरौंदा भी बनया जाता है, जहां पर परिवार और मोहल्ले की महिलाएं एकजुट होकर गीत गाती हैं, फिर प्रसाद रूप में मूरी, लावा, लड्डु का वितरण किया जाता है। इस पर्व का कुम्हार बिरादरी के लोग एक साल तक इंतजार करते हैं। हालांकि इनका कहना है कि मिट्टी मंहगा हो जाने के कारण इससे बने बर्तन भी मंहगा बेचना पड़ता है।

**मिट्टी की डिमांड बढ़ती जा रही है :** मालूम हो कि पहले मिट्टी काफी सस्ता हुआ करता था, लेकिन उसका डिमांड बढ़ने से मंहगा हो गया है। जिस तरह से शहर में मकान बनाए जा रहे हैं, उसी के अनुसार मिट्टी की डिमांड बढ़ती जा रही है। मकान बनाने में काम लगाने से पहले परती जमीन की ऊंचाई बढ़ाने के लिए मिट्टी से भरा जाता है। मूर्ति निमार्ता गणेश प्रसाद का कहना है कि पहले 500 रूपया में एक ट्राली मिट्टी मिलता था, जो बढ़कर 15 सौ रूपया हो गया है। वर्तमान में मिट्टी से बने बर्तनों में दिया की कीमत 60 से 80 रुपए दर्जन, दियरी 3 से 4 सौ रूपया सैकड़ा, खिलौना 60 रूपया सेट चहीं पांच महल्ला सेट जो काफी पंसद किया जाता है 40 रूपया पीस हो गया है। मंहगाई बढ़ने से इसकी बिक्री पर असर नहीं पड़ा है। इसका असर आर्टिफिसीयल कागज से बने खिलौने, दीये ने उन पर काफी प्रभाव डाला है। इनका खिलौना बनाने के लिए चाक का प्रयोग किया जाता है। पहले उस चाक को चलाने के लिए लकड़ी का उपयोग किया जाता था, अब मोटर से चलाया जाता है। ऐसे में बर्तन बनाने में समय कम लगता है।

## नो टोबैको एंड मेन्टल हेल्थ सेशन का हुआ आयोजन

**डुमरांव।** स्थानीय डायट में हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम का पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन नो टोबैको एंड मेंटल हेल्थ सेशन में तंबाकू के प्रयोग से होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बारे में ब्रीफिंग सत्र का आयोजन हुआ। इसमें सदर अस्पताल बक्सर के मनोरोग विशेषज्ञ केके पाण्डेय द्वारा विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगों पर प्रकाश डाला गया।




## राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के द्वारा प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई योगेश्वर गोप की पुण्यतिथि

# कामरेड योगेश्वर गोप असाधारण नेतृत्वकर्ता थे: जिलाध्यक्ष

केटी न्यूज/डुमरांव




स्थानीय ग्रामीण कार्य विभाग के सभागार में गुरूवार को बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के बैनर तले कर्मचारी शिक्षकों मजदूरों के संगठन के जनक प्रख्यात ट्रेड यूनियन तथा वामपंथी लीडर कामरेड योगेश्वर गोप की 17वीं पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के राज्य सचिव सह बक्सर जिलाध्यक्ष लव कुश सिंह ने किया। अध्यक्षता ग्रामीण कार्य विभाग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र चक्रवर्ती तथा संचालन जिला सचिव ओम प्रकाश कुमार ने किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए लव कुश सिंह ने कहा कि कामरेड योगेश्वर गोप असाधारण नेतृत्वकर्ता थे। उन्होंने कर्मचारियों, मजदूरों, शोषितों के संघर्ष को ऊंचाई तक ले जाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। कर्मचारी शिक्षकों के आंदोलन की लकीर को इतनी ऊंचाई प्रदान कर दिए हैं, जिस पर आज भी कर्मचारी, शिक्षक ,स्कीम वर्करो का आंदोलन आगे बढ़ रहा है।

लव कुश सिंह ने कहा कि कामरेड गोप के नेतृत्व में बिहार के कर्मचारी आंदोलन का विकास एक राजनीतिक ताकत के बतौर भी हुआ, जिससे सभी सरकारें डरती थी। उन्होंने बड़ी सचेतना के साथ कर्मचारी आंदोलन को सामाजिक सरोकारों तथा वामपंथी राजनीतिक क्रियाकलापों के साथ जोड़ा जिसकी अमिट छाप आज भी हम देख रहे हैं। कर्मचारी-शिक्षकों का संयुक्त संघर्ष और राजपत्रित अधिकारियों के विभिन्न संगठनों के साथ एकता स्थापित किया। यही कारण था कि कर्मचारी आंदोलन का नेता पब्लिक सेक्टर के मजदूरों के साथ-साथ आम आम का भी नेता बन पाया।

लव कुश सिंह ने कहा कि आज के दौड़ में जब कामरेड गोप के द्वारा हासिल किए गए हमारे हक अधिकारों में कटौती किया जा रहा है पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त कर दी गई है, हमारी गुलामी के चार श्रम कोड लाऐ गए हैं, निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है, स्थाई नियुक्ति नहीं की जा रही है, लाखों पदों को समाप्त कर दिया गया है, ठेका, मानदेय, प्रोत्साहन राशि, नियत वेतन पर बहाली की जा रही है तो इसका प्रतिकार हम लोग कामरेड गोप के बताएं रास्ते पर चलकर ही कर सकते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासंघ गोप गुट के जिला सचिव महेंद्र प्रसाद, सहायक अभियंता लक्ष्मी नारायण सिंह, महासंघ के पूर्व जिला सचिव रामजी प्रसाद केसरी, राजेंद्र कुमार सिंह, मनलाल यादव, अरविंद कुमार सिंह, उमाशंकर मिश्र, जगदम्बा पासवान, हरे कृष्ण राजभर, अजय कुमार श्रीवास्तव, मुनिजी सिंह, सुरेन्द्र सिंह, संतोष कुमार सिंह, बलीराम यादव, हरे कृष्णा सिंह, सन्नी कुमार सन्नी, अजित कुमार, नागेश्वर प्रसाद सिंह, सुरेश सिंह व अन्य मौजूद थे।

# 45 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कला सहित खेल के कई विधाओं का होगा प्रशिक्षण

♦ वीर कुंवर सिंह विवि के कुलपति डॉ.शैलेंद्र चतुर्वेदी व आचार्य धर्मेंद्र ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

**केटी न्यूज/आरा**

आरा के शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित शांति स्मृति संभावना आवासीय हाई स्कूल के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का उद्घाटन संपन्न हुआ। रजत जयंती समारोह के अवसर पर 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के जुबली हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में वीर कुंअर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ शैलेन्द्र चतुर्वेदी विशिष्ट, विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेन्द्र और प्राचार्या डॉ. अर्चना कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय 2021 में ही 25 वीं सालगिरह में प्रवेश कर चुका था। लेकिन, उस वक्त दुनिया कोविड जैसी महामारी से लड़ रही थी जिसके कारण हम जश्न नही मना पाए। लेकिन अब वह समय आ गया है जब हम इस जश्न के लिए तैयार हैं। उन्होंने आये सारे अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने इस मौके पर अपने दो गुरुओं प्रोफेसर बलराम



सिंह और प्रोफेसर नरेंद्र सिंह नीरज का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे यहाँ तक पहुंचने में इनका हमेशा मार्गदर्शन मिला है। उन्होंने कहा कि रजत वर्ष के इस मौके पर जो प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हो रही है ऐसी कोई विधा नही है जिसे इन 45 दिनों में नही सिखाया जाएगा. प्रबंधन ने यह विचार किया है कि हर बच्चे के अंदर छिपी जो भी प्रतिभा है उसे बाहर लाया जाए. उन्होंने विद्यालय के स्थापना काल का जिक्र करते हुए बताया कि 1996 में 5 बच्चे और 3 शिक्षक से 2500 बच्चें और 165 शिक्षक तक पहुंचने का सफर तय किया है। विद्यालय 2009 में अनुबंधित हुआ। अपने विद्यालय के एक छात्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 2023 में हमारे स्कूल के छात्र आर्यन ने पूरे शाहाबाद में पहला और बिहार में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। हमारे स्कूल के बच्चों का चाहे वे 103 वां हो या 123 वां सभी अच्छा रिजल्ट लाते है। खेल में भी बच्चों ने जिले में अच्छा प्रदर्शन किया है। 10 बच्चे में से 6 बच्चे खेल में कामयाबी पाने वाले हमारे ही स्कूल के बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तो मापी है सिर्फ मुट्ठी भर जमीं पूरा आसमान बाकी है। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शैलेंद्र चतुर्वेदी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सम्भावना के प्रांगण में अपने सम्भावना को तलाशते हुए आया हूं। उन्होंने रजत वर्ष की बधाई सभी को दी। उन्होने कहा कि सम्भावना की संभावनाओं पर चर्चा के लिए मुझे बुलाया गया है। बच्चों से उन्होंने कहा कि तुम बच्चों भाग्यशाली हो और यह जगह इतिहास बनाने वाले, और इतिहास लिखने वालों का रहा है। सारे दुनिया के छात्र अपनी सम्भावनाओं को तलाशने यही पर आए। संभावनाओं को तलाशने के लिए बिहार से अच्छी जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां आने से पूर्व इस उिन्होंने कहा कि यह वह अरण्य क्षेत्र है जहां भगवान राम को भी आना पड़ा था। उन्होंने कहा कि बच्चों की जीत से ही गुरु का नाम होता है। इस मौके पर विद्यालय की छात्राओं रितिका सिंह, वेदिका, प्रियांशी सिंह, मिनाक्षी पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।

## थाना क्षेत्र के गांगी पुल मुक्तिधाम के बैरियर के समीप हुई घटना

# आरा में हथियारबंद अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली

♦ जख्मी डीलर का आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा है इलाज
♦ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**



शहर के टाउन थाना क्षेत्र के गांगी पुल मुक्तिधाम के स्थित बैरियर के समीप गुरुवार की सुबह बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने स्कूटी सवार एक प्रॉपर्टी डीलर को गोली मार दी। जख्मी डीलर को पीछे से करीब चार गोली मारी गई है। गोली लगते ही वह खून से लथपथ होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद उसके साथ रहे साथी एवं परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। उधर घटना की सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुटी गए है। वही जमीनी विवाद को लेकर गोली मारने की भी बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक टाउन थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही गांव निवासी स्व.अब्दुल रहीम का 35 वर्षीय पुत्र शाहिद आलम उर्फ पप्पू है एवं वह पेशे से प्रॉपर्टी डीलर है।

**जमीन विवाद का मामला आया सामने :** इधर शाहिद आलम उर्फ पप्पू ने बताया कि उसने अपनी चचेरी बहन से वर्ष 2023 में पांच कट्ठा जमीन खरीदा था। जिसमें डेड कट्ठा अपने, व डेड कट्ठा अपनी पत्नी एवं दो कट्ठा अपने दोस्त के पिता के नाम पर रजिस्ट्री कराया था। उसी को लेकर उसके चचेरे भाई मो.शाहनवाज से विवाद चल रहा था। गुरुवार की सुबह जब वह स्कूटी से अपने दोस्त के साथ उसके मकान में लगाने के लिए टाइल्स खरीदने जीरो माइल जा रहा था। जाने के क्रम में जैसे ही वह गांगी पुल मुक्तिधाम के समीप बैरियर के पास पहुंचा। तभी एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद अपराधियों ने पीछे से ताबड़तोड़ उसे गोली मार दी। जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद उसके साथ रहे दोस्त एवं परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी प्रॉपर्टी डीलर शाहिद आलम उर्फ पप्पू ने अपने चचेरे भाई मो. शाहनवाज, मो. आसिफ, मो. तनवीर एवं मो. शाहनवाज उर्फ गुड्डू पर पांच कट्ठा जमीन के विवाद को लेकर गोली मारने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

**प्रोपर्टी डीलर को मारी गई तीन गोलियां:** जबकि इलाज कर रहे हैं सर्जन चिकित्सक डॉक्टर विकाश सिंह ने बताया कि जख्मी युवक को तीन गोली मारी गई है। जिसमें एक गोली पेट के बीचो-बीच नाभि के पास,दूसरी गोली कमर के बीच-बीच एवं तीसरी गली दाहिने साइड पैर में लगी है। गोली लगने के कारण जख्मी युवक का बड़ी एवं छोटी आंत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। ऑपरेशन कर तत्काल बुलेट निकाल दिया गया है और पेट का बाईपास सर्जरी भी किया गया है। हालांकि अभी मरीज की स्थिति स्टेबल है। हालांकि उसे ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा। वहीं दूसरी ओर थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस हर पहलू की गहराई से जांच कर रही है। जल्द ही सबकुछ खुलकर सामने आ जाएगा। दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

## विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**आरा।** भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव स्थित बधार में विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगो के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक संदेश थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी स्व.प्रभु शर्मा के 45 वर्ष से पुत्र निवास शर्मा एवं पेशे से किसान थे। इधर मृतक के छोटे भाई वीर बहादुर शर्मा ने बताया कि बुधवार की शाम वह बधार में खेत पटाने गए थे।जहां बिजली का तार टूट कर पहले से गिर पड़ा था। खेत पटाने के दौरान वह उसी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आगे और गंभीर रूप से घायल हो गए। तभी उन्होंने जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन फौरन वहां पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच बहन व दो भाई ने पांचवे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी फूलकुमारी देवी व एक पुत्र विकास कुमार एवं एक पुत्री हिमांशु है। मृतक के घर में हाहाकार मच गया है।

## खबरें फटाफट

### कछवां पुलिस ने वाहन जांच कर वसूला जुर्माना

**नासरीगंज।** पुलिस ने वरीय अधिकारी के दिशा–निर्देश पर चलाया वाहन जांच वसूला जुर्माना जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि स्टेट हाईवे 81 मुख्य मार्ग पर थाना मोड़ के समीप स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी शालू कुमारी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया । वाहन जांच के क्रम में वाहन चालकों का ऑनर बुक,डिक्की,प्रदूषण जांच,ड्राइविंग लाइसेंस,जूता एवं हेलमेट समेत अन्य बिंदुओं पर बारीकी से पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाया गया । उन्होंने कहा कि वाहन जांच के दौरान स्थानीय पुलिस ने वाहन चालकों से 10 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा । श्री कुमार ने बताया कि वाहन जांच की प्रक्रिया निरंतर चलते रहेगा । मौके पर स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी शालू कुमारी,वाहन चालक एवं पुलिस बल के जवान मौजूद थे ।

### छपरा में 28 अक्टूबर को लगेगा नियोजन कैंप

**छपरा।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा, सारण से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रम संसाधन विभाग के तत्वाधान में 28 अक्टूबर को अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा कार्यालय परिसर में एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें नियोजक चैतन्य इंडिया फाइनेंस क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड, सिवान के द्वारा सारण, छपरा हेतु रिक्तियों के विरुद्ध चयन किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि इस नियोजन कैंप में कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर के 50 रिक्त पद हेतु चयन किया जाएगा। इस पद हेतु शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं पास होना आवश्यक है। उम्र सीमा 18 से 28 वर्ष रखी गई है। वेतन–11080 रुपया के अलावा इंसेंटिव 5000 से 10000 रुपया होगा। नियोजन शिविर में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक है कि उनका निबंधन जिला नियोजनालय में हो ' नियोजनालय में निबंधन की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है नियोजन कैम्प में भी ऑनलाइन नियोजनालय निबंधन की व्यवस्था रहेगी।

## नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में लायें यथाशीघ्र तेजी: आयुक्त

**केटी न्यूज/छपरा**

सारण प्रमण्डल अंतर्गत तीनों जिलों को मिलाकर 77778 नीलाम पत्र वाद संचालित हैं। इन वादों में लगभग 1042.5 करोड़ रुपये की राशि सन्निहित है। इनमें 50 लाख रुपये से अधिक सन्निहित राशि के 48 तथा 10 लाख रुपये से अधिक सन्निहित राशि के 506 मामले शामिल हैं। आयुक्त के निदेशानुसार प्रमण्डल के तीनों जिलों में संचालित नीलाम पत्र के मामलों को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत करते हुये एक विशेष फॉरमेट तैयार किया गया है। तीनों जिला में सरकारी विभागों से संबंधित 11190 मामलों में लगभग 155.6 करोड़ रुपये, विभिन्न बैंकों से संबंधित 60989 मामलों में लगभग 849 करोड़ रुपये , विभिन्न सहकारी बैंकों से संबंधित 5539 मामलों में लगभग 17 करोड़ रुपये एवं विभिन्न सरकारी लोक उपक्रमों से संबंधित 60 मामलों में लगभग 20.86 करोड़ रुपये सन्निहित हैं। आयुक्त ने विभिन्न नीलाम पत्र पदाधिकारियों के यहाँ दर्ज मामलों की संख्या को युक्तिसंगत बनाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि आवश्यक हो तो अतिरिक्त पदाधिकारियों को नीलाम पत्र पदाधिकारी की शक्ति प्रत्यायोजित करें। किसी भी नीलाम पत्र पदाधिकारी के यहाँ औसतन 500 से अधिक मामले नहीं हों, इसे सुनिश्चित करने को कहा गया। कुछ बड़ी सन्निहित राशि वाले मामलों की सुनवाई जिलाधिकारी स्वयं भी करें। अन्य वरीय अधिकारी बड़ी सन्निहित राशि वाले मामलों की सुनवाई करें। सबसे पुराने दर्ज मामलों एवं अधिक सन्निहित राशि के मामलों के निष्पादन को प्राथमिकता दें।उन्होंने सभी बैंकों के पदाधिकारियों को भी नीलामपत्र से संबंधित मामलों की सुनवाई में नियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुये इसके निष्पादन हेतु प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का स्पष्ट निदेश दिया।

# स्मार्ट क्लास से शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा : मंत्री सुमित

♦ देश के विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका जमा खान
♦ सामूहिक रूप से 240 सरकारी विद्यालय में स्मार्ट क्लास का हुआ उद्घाटन

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



सदर स्मार्ट क्लास से सरकारी विद्यालय के बच्चे बनेंगे समर्थ तथा शिक्षा को मिली है बढ़ावा एल्केम लैबोरेट्रीज द्वारा जिले के 240 विद्यालय में लगाए गए स्मार्ट क्लास शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने का बहुत बड़ा कदम है उक्त बातें बिहार सरकार के विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह ने जिले के हाई स्कूल घोसी में आयोजित सामूहिक स्मार्ट क्लास के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बिहार सरकार बहुत काम कर रही है सरकार का प्रयास है सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके उसके लिए सार्थक कदम उठाए जा रहा है अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने कहा कि देश के विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है तथा शिक्षक राष्ट्र के निमार्ता हैं बच्चों को विद्यालय में बेहतर शिक्षा दें जहानाबाद के पूर्व सांसद शिक्षा पर विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा दे ताकि बच्चा पढ़ कर अनुशासित ढंग से जीवन यापन करें हमारा देश में शुरू से ही गुरु की पूजा की जाती है उसे व्यवस्था को शिक्षक भी बनाए रखें। इस अवसर पर डीएम अलंकृता पांडे, एसपी अरविंद प्रताप सिंह, पूर्व सांसद डॉक्टर अरुण कुमार, डीईओ रश्मि रेखा, पंकज कुमार मिथिलेश शर्मा, राम विनोद शर्मा, नंदकिशोर शर्मा अजीत शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण को लेकर किया मूल्यांकन

# एनक्यूएएस के लिए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को किया गया विकसित

♦ अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और आधारभूत संरचना का किया

**केटी न्यूज/छपरा**

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मासूमगंज का राष्ट्रीय आश्वासन गुणवत्ता मानक के प्रमाणीकरण को लेकर राज्य स्तरीय टीम द्वारा मूल्यांकन किया गया। टीम में राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा यूनिसेफ के डॉ जगजीत सिंह और सिवान के डीपीसी इमामुल होदा के द्वारा निरीक्षण किया गया। दौरान टीम द्वारा अस्पताल में मरीजों को मिलने वाले विभिन्न सुविधाओं की जांच और विश्लेषण किया गया। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध सभी स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों की मरीजों के साथ होने वाले व्यवहारों की अंकेक्षण करते हुए सभी जानकारी एकत्रित किया गया। अस्पताल के उसी जानकारी का राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्लेषण करते हुए अस्पताल को एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के लिए अंक प्रदान किया जाएगा। निरीक्षण टीम द्वारा अस्पताल में मरीजों के लिए उपस्थित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीजों को दिए जा रहे सभी सुविधाओं की जांच की गई। इस मौके पर राज्य स्तरीय टीम के सदस्य डॉ जगजीत सिंह, सिवान के डीपीसी इमामुल होदा, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक प्रशांत कुमार, डीपीएम



### स्वास्थ्य केंद्र पर 12 तरह की सुविधाएं होना जरूरी

राज्य टीम के सदस्य डॉ जगजीत सिंह ने कहा कि एनक्यूएएस के लिए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए 12 तरह की सुविधाओं का उपलब्ध होना आवश्यक है। इसमें जनरल क्लीनिक के साथ साथ मातृत्व स्वास्थ्य, नवजात शिशु और सामान्य शिशु की जांच सुविधा, गर्भवती महिलाओं और शिशुओं का टीकाकरण व्यवस्था, परिवार नियोजन सुविधा, संचारी रोग, गैर संचारी रोग नियंत्रण सुविधा, इमरजेंसी सुविधा, ड्रेसिंग की व्यवस्था, फामेर्सी व्यवस्था, लैबोरेटरी की सुविधाओं सहित अन्य शामिल है।

### गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना उद्देश्य

क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक प्रशांत कुमार ने बताया कि अस्पताल का गुणवत्ता आश्वासन एक निरंतर एवं व्यापक प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थाओं के सभी विभागों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुणवत्ता पूर्ण समिति का गठन, अस्पताल के इंटरनल/बेसलाइन असेसमेंट, मरीज संतुष्टि का सर्वे, अस्पताल में होने वाले विभिन्न गतिविधियों का परफॉर्मेंस और देखभाल की गुणवत्ता आदि की जांच की जाती है। इसके आधार पर संबंधित अस्पताल को राज्य स्तरीय टीम द्वारा अंक प्रदान किया जाता है जिसके तहत अस्पताल को एनक्यूएएस प्रमाणपत्र जारी किया जाता है।डीपीएम अरविन्द कुमार ने बताया कि मासूमगंज के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणीकरण के लिए आवश्यक सभी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए यहां कार्यरत स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मियों द्वारा उपलब्ध मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय सहायता प्रदान करने के लिए भरसक प्रयास किया जाता है जिससे कि यहां उपस्थित मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके।राज्य टीम द्वारा एनक्यूएएस कार्यक्रम के तहत प्रामाणिक मिलने के बाद नेशनल प्रमाणीकरण के लिए पात्र होगा।

## एक नजर

### लॉकेट काट भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा



**बिक्रमगंज।** लॉकेट काटकर भाग रहे चोर को जोन्ही गांव से गोटपा गांव के ग्रामीणों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि गुरुवार को बिक्रमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गोटपा निवासी नागेंद्र सिंह की दो वर्षीय नातिन शिवांशी राज अपने दरवाजे पर खेल रही थी । उसी क्रम में कबाड़ी लेने व बेचने के बहाने चोर ने अकेले दरवाजे पर खेल रही बच्ची को खाने के लिए पापड़ी देकर बहला-फुसला कर उसके गले से सोने का लॉकेट काटकर भागने लगा। उसी दौरान बच्ची के घर की कुछ महिलाओं द्वारा घटना को देखकर शोरगुल करने लगी। शोरगुल की आवाज सुनकर घर समेत आसपास के लोग जुट गए। तत्पश्चात्त घर की महिलाओं द्वारा बच्ची के साथ घटी घटनाओं के बारे में घर के लोगों एवं आसपास के लोगों को जानकारी दी। उसके उपरांत घर के लोग समेत सैकड़ो की संख्या में स्थानीय ग्रामीण चोर का पीछा करते-करते जोन्ही गांव से पकड़ लिए। उसके बाद चोर को पकड़कर मामले की जानकारी लेते हुए लोग मारपीट करने लगे। उसके बाद बच्ची के परिजनों ने पकड़े हुए चोर से सोने के लॉकेट के बारे में मारपीट करते हुए पूछताछ की। तो उसने लॉकेट चोरी की बातों को स्वीकारा। साथ ही साथ चोरी किए हुए लॉकेट को बच्ची के परिजनों को दे दी। जिस घटना की सूचना दूरभाष के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों ने डायल 112 , काराकाट थाना एवं बिक्रमगंज थाना को दी । सूचना मिलते ही डायल 112, काराकाट थाना एवं बिक्रमगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी लेते हुए डायल 112 की पुलिस ने बिक्रमगंज थाना को सुपुर्द कर दी इसकी जानकारी देते हुए बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा पकड़े गए चोर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए चोर से पूछताछ की जा रही है। श्री कुमार ने कहा कि हिरासत में लिए गए चोर थाना क्षेत्र अंतर्गत धारूपुर निवासी मुन्ना सेठ का 25 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार बताया जाता है। उन्होंने कहा कि पकड़े गए चोर के विरुद्ध अगर पीड़ित के परिजनों द्वारा लिखित आवेदन दी जाती है तो मामले की अग्रेतर कार्रवाई करते हुए पकड़े गए चोर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त घटना के मामले में बच्ची के परिजनों द्वारा संबंधित घटना के संदर्भ में स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देने की बात बताई गई।

### पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर पूर्वी चंपारण निवासी युवक की मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कुल्हड़िया एवं कोईलवर स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर बुधवार की सुबह गाड़ी संख्या (22352) पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर पूर्वी चंपारण निवासी एक युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) जिला के पकड़ी दयाल थाना क्षेत्र के मंझार पंडुबी टोला वार्ड नंबर 11 निवासी योगेंद्र साहनी का 18 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार है। वह कर्नाटक के कनपट्टा स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करता था। इधर मृतक के रिश्ते में लग रहे चाचा पंकज कुमार ने बताया कि वे लोग कर्नाटक से पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार होकर वापस अपने घर दानापुर लौट रहे थे। लौट के क्रम में कुल्हड़िया एवं कोईलवर स्टेशन के बीच का चलती ट्रेन में वह फ्रेश होने के लिए बाथरुम गया था। उसी दौरान वह असंतुलित होकर ट्रेन से गिर पड़ा। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद उसके द्वारा इसकी सूचना आरा रेल पुलिस एवं उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। जिसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां सुनैना देवी व एक भाई सुभाष कुमार एवं एक बहन प्रेम कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की मां सुनैना देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा है।

### भोजपुर में गुस्साएं किसान ने की आत्महत्या

**आरा।** शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में गुरुवार की सुबह पंखे के कुंडी से लटका किसान का शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से गांव में आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भकुरा गांव निवासी देव कुमार राम का 30 वर्षीय पुत्र लव कुश राम है एवं वह पेशे से किसान था। इधर मृतक के पिता देव कुमार राम ने बताया कि उसने खेत में धान के फसल को लेकर उसकी पत्नी से बराबर झगड़ा होता था। जिसको लेकर वह बराबर पुलिस को अपने घर बुला लेती थी। गुरुवार की सुबह जब वह खेत पटाने के लिए बधार में गए तो वह वहीं पर था। तभी उनसे कहा की तबीयत ठीक नहीं लग रही। जिसके बाद उन्होंने कहा कि ठीक है जाओ घर पर आराम कर लो। इसके बाद वह घर आया गया। उसी बीच पत्नी से उसका झगड़ा हो गया। जिसके बाद उसने पंखे के कुंडी से लटक कर खुदकुशी कर ली। इसके बाद घर के अन्य सदस्यों द्वारा इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर वह फौरन घर पहुंचे। इसके बाद फांसी लगाकर खुदकुशी करने की बात कही है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने छह भाई व दो बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां शिवकुमारो देवी,पत्नी बेबी देवी व दो पुत्र प्रिंस,छोटक एवं एक पुत्री दुर्गा है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की मां शिवकुमारो देवी,पत्नी देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### काराकाट नप ईओ ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**काराकाट।** काराकाट नगर पंचायत काराकाट में छह छठ घाटों का निरीक्षण नगर इओ सीमाब मतीन के नेतृत्व में किया गया । नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती, उपमुख्य पार्षद रवीश रंजन के साथ बारह वार्ड पार्षदों के साथ छठ घाटों का निरीक्षण किया गया । ईओ ने बताया कि नगर पंचायत में छह छठ घाट है । सबसे बड़ा छठ घाट गोड़ारी में सकला रजवाहा के तट पर है। बताया कि तेनुआ में नया छठ घाट बना है इसके साथ करूप, चिल्हा, बाद, नाद में छठ घाट है । नगर स्वच्छ्ता पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि नगर के सभी छठ घाटों पर साफ सफाई , रौशनी, गोताखोर, सुरक्षा व्यवस्था , मेडिकल टीम , बैरिकेटिंग की सुविधा, की व्यवस्था की जाएगी । उपचेयरमैन रविश रंजन ने बताया कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराया जाएगा। मौके पर वार्ड पार्षद संतोष तिवारी , विनोद कुमार, पिंटू कुमार, विपिन कुमार , संजय राम, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संतोष यादव, विनेश कांत तिवारी, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह सहित नगर के कई सामाजिक कार्यकर्ता थे ।

### सीओ करेंगे साइबर कैफे वालों के साथ बैठक

**सासाराम।** सीओ परिमार्जन प्लस के आवेदन के ट्रेनिंग के लिए सासाराम के सभी साइबर कैफे वाले के साथ बैठक करेंगे। अंचलाधिकारी ने बताया कि रैयत जो आवेदन साइबर कैफे से करवा रहे है, उसमें काफी गलतियां है। जिसके कारण आवेदन को रिटर्न करना पड़ रहा है ' इसके कारण रैयतों को पुनः सुधार कर के आवेदन भेजना पड़ता है। जिससे रैयत को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# अत्यधिक भीड़ भी नहीं बनेगी 'आस्था की डुबकी' में रुकावट

- महाकुंभ के दौरान क्राउड मैनेजमेंट पर योगी सरकार का फोकस, कार्ययोजना तैयार
- रोड पर नहीं लगने दिया जाएगा जाम, श्रद्धालुओं की मोबिलिटी को किया जाएगा सुनिश्चित

**केटी न्यूज/प्रयागराज**

दुनिया के सबसे बड़े आयोजन व सनातन आस्था के केंद्र महाकुंभ 2025 को सभी के लिए सुगम बनाने हेतु योगी सरकार लगातार तत्परता से कार्य कर रही है। इस महाआयोजन के दौरान 40 करोड़ से अधिक लोगों के प्रयागराज आने का अनुमान है, जिसको लेकर मेला प्रशासन और जिला प्रशासन दोनों ने क्राउड मैनेजमेंट की तैयारी की है। खासतौर पर पीक डेज (प्रमुख स्नान) के दौरान अत्यधिक भीड़ के कारण कहीं कोई अव्यवस्था न हो, इसके लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। आने और जाने के अलग-अलग रास्ते निर्धारित किए गए हैं, जबकि मोबिलिटी जारी रहे इसकी भी व्यवस्था की गई है। रास्ता जाम न हो, इसके लिए भी विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। कुल मिलाकर जो योजना बनी है उसके अनुसार, श्रद्धालुओं को पीक डेज में एक से 5 किमी. और सामान्य दिनों में एक किमी. से ज्यादा पैदल यात्रा नहीं करनी होगी।

### आने और जाने के लिए होंगे अलग-अलग रास्ते

प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि इस सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में सिर्फ प्रदेश और देश से ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया से श्रद्धालुओं का बड़ा जत्था प्रयागराज पहुंचने वाला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। ऐसे में क्राउड मैनेजमेंट को लेकर एक कार्ययोजना बनाई गई है, जिसके अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि महाकुंभ के दौरान सर्वाधिक श्रृद्धालु सड़क मार्ग से प्रयागराज पहुंचेंगे। प्रशासन की ओर से सभी शहर के दिशाओं में पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जहां वाहन खड़ा कर श्रद्धालु आगे का रास्ता तय करेंगे। मेला क्षेत्र में हमने आने और जाने के अलग-अलग रास्ते निर्धारित किए हैं। आस्था की डुबकी लगाने वाले जिस रास्ते से जाएंगे, उस रास्ते से वापस नहीं लौटेंगे। उन्हें दूसरे रास्ते से होकर जाना होगा, ताकि कहीं भी श्रद्धालु आमने-सामने नहीं आ सकेंगे।

**नहीं बनने दी जाएगी जाम की स्थिति:** मंडलायुक्त ने बताया कि ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि श्रद्धालु कहीं एक साथ रुकें नहीं, वो चलते रहें। इससे कहीं भी जाम की स्थिति नहीं बनने दी जाएगी। हमारा उद्देश्य है कि मेला क्षेत्र के साथ-साथ शहर में भी श्रद्धालुओं की मोबिलिटी को बरकरार रखा जाए ताकि स्नान और दर्शन आदि करने के बाद वो सीधे पार्किंग स्थल पहुंचें और अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। इसी तरह, रेलवे से भी रिक्वेस्ट की गई है कि वो समय पर और अधिक स्पेशल ट्रेनें संचालित करें, ताकि श्रद्धालु अपना समय गंवाए बिना यात्रा को बरकरार रखें। रेलवे की ओर से पॉजिटिव रिस्पॉन्स भी मिला है और उन्होंने कई अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें संचालित करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि यदि श्रद्धालु कुछ देर विश्राम करना चाहेंगे तो उनके लिए कुछ होल्डिंग एरियाज भी चिह्नित किए गए हैं।

# नाबालिग से रेप केस: भरौली होटल संचालक के घर पुलिस ने की छापेमारी, मचा हड़कंप

**केटी न्यूज/बलिया**

नरही थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को चितबड़ागांव थाना क्षेत्र का एक युवक बीते शनिवार को भरौली स्थित होटल में ले गया। जहां किशोरी से दुष्कर्म किया। इस मामले में शनिवार को ही पुलिस ने होटल पर छापा मार सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर को कब्जे में ले लिया था। शनिवार की देरशाम में पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया था। इसके बाद पुलिस ने होटल को सील कर दिया और होटल के दो कर्मियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने होटल में मौजूद पेटीएम मशीन समेत अन्य सामानों को बुधवार को कब्जे में लेने के बाद बक्सर बिहार स्थित होटल संचालक के घर पर गई। सूत्रों के अनुसार इस मामले में जल्द ही बड़ा खुलासा करेगी।

नरही पुलिस होटल के एक कर्मी को लेकर बुधवार की अपराह्न सील किये गए होटल पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो सील होटल के किनारे के चैनल को खोल पुलिस ने होटल में मौजूद पेटीएम मशीन व अन्य सामानों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने यह कार्रवाई होटल कर्मी से पूछताछ के बाद की है। सूत्रों की मानें तो होटल संचालक किसी को भी नगद पैसे नहीं देता था। बताया तो यह भी जाता है कि कुछ माह पहले एसओजी के छापे के बाद तत्कालीन एसओ ने मामले की डिलिंग कराई थी जो पेटीएम से ही की गई थी। यहां तक कि अन्य संरक्षकों को भी इसी तरीके से वह भुगतान करता था। पेटीएम मशीन खंगालने पर कई राज बाहर आ सकते हैं जिसमें कईयों की गर्दन फँस सकती है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पुलिस बुधवार को होटल कर्मी को लेकर बक्सर बिहार स्थित होटल संचालक के आवास पर भी गई।

## खबरें फटाफट

### कोर्ट ने नपं मनियर की अध्यक्ष रितु देवी को हटाया, परिणाम किया अवैध



**बलिया।** गत वर्ष 11मई 2023 को मनियर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव के धांधली की कलई तब खुलकर सामने आई। जब जिला जज अमितपाल सिंह की अदालत ने बुधवार को मनियर नगर पंचायत की वर्तमान अध्यक्ष रितु देवी के परिणाम को अवैध घोषित करार दिया और दूसरे नंबर पर रही बुचिया देवी को नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए विजयी उम्मीदवार घोषित किया। इसके बाद जिला जज ने आदेश की प्रतिलिपि जिलाधिकारी बलिया के माध्यम से निर्वाचन आयोग लखनऊ को आदेश का अनुपालन कराने के लिए भेजने का आदेश दी है। बता दें कि 11 मई को नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ था। जिसमें रितु देवी को अध्यक्ष चुना गया था। जिस परिणाम को बुचिया देवी ने इलेक्शन पटिशन के माध्यम से जिला जज के न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई और चुनाव में हुए धांधली का भी विस्तृत जानकारी दिया। जिसके परिणाम स्वरूप जिला जज में याचिकर्ता की ओर से बृजेश कुमार सिंह पूर्व डीजीसी सिविल व रितु देवी के तरफ से ध्रुवनाथ गुप्ता की दलीलें सुनने व समस्त पत्रावली के अवलोकन के उपरांत फैसला सुनाई है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**बलिया।** बैरिया थाना क्षेत्र के देवराज ब्रह्म बाबा मोड़ के पास बुधवार की भोर में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त मंजीत सिंह 28 वर्ष पुत्र धजाधारी सिंह निवासी तालिबपुर थाना बैरिया जनपद बलिया उत्तर प्रदेश के रूप में की गई।

## बलिया जिलाधिकारी ने की ददरी मेला के प्रबंधन, स्नान घाट के सम्बंध में बैठक

# अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन कोई घटना न हो: डीएम

- डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ददरी मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सौंपे गए दायित्वों व कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करें

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ददरी मेला वर्ष-2024 के प्रबन्धन, व्यवस्था तथा मेला क्षेत्र व स्नान घाट के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों व गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ददरी मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सौंपे गए दायित्वों व कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराना सुरक्षित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दिन नदी में डूबने की कोई भी घटना न होने पाए, पहले से ही आवश्यक कार्यवाही यथा-बैरिकेडिंग, गोताखोर व रस्सी आदि सुनिश्चित कर लिया जाए। घाट पर साउन्ड सिस्टम रहे। उन्होंने मुख्य राजस्व अधिकारी से कहा कि ददरी मेला क्षेत्र को सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेट तैनात किया जाए। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दिन भी मजिस्ट्रेट तैनात किया जाय। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दिन रुकने वालों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया जाय। ददरी मेला में सुरक्षा के दृष्टिगत निकास को अधिक चौड़ा एवं रास्तों को भी अधिक चौड़ा बनाया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल झा, कृपा शंकर, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी तथा मुख्य चिकित्साधिकारी वीपी द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।



### सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें


जिलाधिकारी ने कहा कि ददरी मेला में चोरी, छिनैती एवं महिलाओं व बालिकाओं के साथ छेड़खानी की घटनाओं की रोकथाम के लिए सीसीटीवी, ड्रोन से निगरानी व पुलिस की पर्याप्त ड्यूटी लगाई जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग को मेला क्षेत्र के रास्ते ठीक कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर बरसात होती है तो मेला क्षेत्र से पानी की निकासी के लिए आवश्यक कार्यवाही कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में जो भी दुकानें लगेगी, वे सभी दुकानें निर्धारित स्थान में ही लगे, यह सुनिश्चित कर लिया जाय।

### एसपी बोले... ट्रैफिक का मूवमेंट बेहतर रहे साइनेज बोर्ड लगवाएं सीसीटीवी कंट्रोल रूम बने

बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने कहा कि मेला में जितने भी उपकरण लगेंगे, उन सब की गुणवत्ता की जांच कर लिया जाय। पुलिस बल के ठहरने की व्यवस्था एवं समुचित बैरिकेडिंग किया जाय। ट्रैफिक का मूवमेंट बेहतर रहे, साइनेज बोर्ड लगवाए जाय। पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था रखी जाय। खोया-पाया केंद्र बनाया जाय। हेल्प डेस्क लगाया जाय। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दिन महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाया जाय। नाव की नंबरिंग कर लिया जाय तथा नाव की क्षमता को देख लिया जाय। सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाया जाय। मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन ने ददरी मेला तथा कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं कार्यवाहियों आदि के विषय में प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 10 नवंबर 2024 को ददरी मेला का भूमि पूजन किया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा स्नान 14 नवंबर 2024 की सायं से 15 नवंबर 2024 की सायं तक तथा स्थान-गंगा सरयू संगम तट (शिवरामपुर घाट) हैं। ददरी मेला 15 नवंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक रहेगा।

## एक नजर

### सीएचसी रसड़ा व पीएचसी सरायभारती का सीएमओ ने किया निरीक्षण, लगायी फटकार



**बलिया।** मुख्य चिकित्साधिकारी विजयपति द्विवेदी ने गुरूवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरायभारती व सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रसड़ा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खामियां मिलने पर संबंधित को कड़ी फटकार लगाते हुए व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने की चेतावनी दी। सीएमओ सबसे पहले प्रामथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरायभारती पर पहुँचे। जहां सफाई सहित व्यवस्था में खामियां मिलने पर संबंधित को फटकरा लगाते हुए सख्त नराजगी जाहिर की और व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया। ततपश्चात मुख्य रसड़ा सीएचसी पहुंचे, जहां उन्होंने प्रसव कक्ष, दवा स्टोर, लैब, एक्स-रे, जनरेटर, सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति आदि देखा और बेहतर करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि रसड़ा जनपद का एक महत्वपूर्ण सीएचसी है यहां पर और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले उनका प्रयास जारी रहेगा। इस मौके पर अधीक्षक डा. गुफरान अजमल अंसारी, डा. प्रियंका राय, डा. आमिर इम्तियाज, डा. विनोद कुशवाहा, डा. मधुमिका सिंह, फार्मासिस्ट अनिल राय, शैलेष सिंह, फिरोज अहमद, पंकज गुप्ता आदि रहे।

### खादी खरीदें-खादी पहनें, खादी फॉर नेशन के नारों के साथ निकाली गई जागरूकता रैली




**मऊ।** भारत सरकार के लघु, सुक्ष्म और मध्यम उद्यम मंत्रालय व खादी ग्रामोद्योग आयोग के प्रतिनिधित्व में इंब्रॉयडरी जरी जरदोजी कलस्टर (स्फूर्ति) ताजोपुर के द्वारा बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती 2 अक्टूबर से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक चलने वाले खादी जागरूकता माह के तहत खादी ग्रामोद्योग के सहयोग से जागरूकता रैली निकाली गयी। यह जागरूकता रैली ताजोपुर कलस्टर से निकलकर डुमरांव, परदहा, बकवल होते हुए हरदसपुर का भ्रमण किया। रैली में क्लस्टर से जुड़े लोगों ने गांव गांव में लोगों से खादी खरीदे- खादी पहने, खादी फॉर नेशन- खादी फॉर फैशन का आह्वान किया। कलस्टर से जुड़े लोगों ने अत्मनिर्भर भारत, खादी जागरूकता का नारा दिया। निदेशक खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग अजय कुमार सिंह ने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य खादी तथा उत्पादन के लिये लोगों को जागरुक करना और ओकल फार लोकल को बढ़ावा देना है। सहायक निदेशक खादी ग्रामोद्योग आयोग मुकेश कुमार सिंह ने खादी के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए स्वदेशी निर्मित वस्त्रों के उपयोग पर बोल दिया। रैली में कार्यदाई मुख्य कार्यकारी आशुतोष कुमार राय ने खादी के महत्व की जानकारी देते हुए ओकल फॉर लोकल के महत्व पर प्रकाश डाला। सहायक निदेशक खादी ग्रामोद्योग आयोग आरपी मिश्रा ने खादी वस्तुओं के निर्माण पर जोर दिया। रैली शुरू होने से पहले निदेशक खादी ग्रामोद्योग आयोग अजय कुमार सिंह ने क्लस्टर में उपस्थित सभी लोगों को खादी उपयोग के निमित्त शपथ दिलाया। इस अवसर पर उपेंद्र यादव, आमिर अली, फारुख, सलीम, विनोद कुमार, अशोक, सुभाष, मनीष, राजेश, रीमा यादव, रिंकू देवी, मंजू देवी, कुसुम, अर्चना, दीपा, संगीता, राधिका, अनीता, महिमा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बलिया में नहर में गिरी स्कूटी मां-बेटे की डूबने से गई जान

- रात में स्कूटी का लिफ्ट लेना पड़ा महंगा
- स्कूटी चालक व 15 वर्षीय बालक बाल-बाल बचे

**केटी न्यूज/बलिया**

नगरा थाना क्षेत्र के पड़सरा जुरैन के पास नहर में स्कूटी के चले जाने के कारण मां- बेटे की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची नगरा पुलिस ने मां-बेटे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जबकि स्कूटी चालक व 15 वर्षीय बालक बाल-बाल बच गए।

पुलिस की मानें तो नगरा थाना क्षेत्र के पड़सरा जुरैन निवासी सामरीन सब्बू 36 वर्ष पत्नी जुबैर एवं उसका पांच वर्षीय बेटा अब्बास तथा 15 वर्षीय बेटा नगरा थाना क्षेत्र के मालीपुर चट्टी पर किसी वाहन से रात करीब दो बजे उतरे और गांव जाने के लिए किसी स्कूटी वाले से लिफ्ट ली। जैसे ही स्कूटी नगरा थाना क्षेत्र के पड़सरा जुरैन गांव नहर के पास पहुंची, वैसे ही असंतुलित होकर नहर में घुस गई। नहर में पानी होने के कारण सामरीन सब्बू एवं उसके पांच वर्षीय बेटे अब्बास की डूबने से मौत हो गई। जबकि स्कूटी चालक व 15 वर्षीय बेटा किसी तरह बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मां-बेटे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मौत की सूचना मिलने के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है।

# बाइक ने खड़ी ट्रक में मारी टक्कर, युवक की हालत गंभीर

**चितबड़ागांव।** ग्राम पंचायत मानपुर एन एच 31 पर स्थित निजी मैरेज हॉल के पास खड़े ट्रक में बलिया के तरफ से आ रहे इन्द्रजीत राजभर 30 बर्ष पुत्र केदार राजभर निवासी कारों थाना चितबड़ागांव ने खड़े ट्रक में सामने से टकराए गये जिसमें बुरी तरह घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले कर घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार चौधरी ने बताया कि इन्द्रजीत राजभर शाम बलिया से चितबड़ागांव अपने बाइक यूपी 60बीसी 6561 से आते समय सामने खड़ी अज्ञात ट्रक में जा टकराए जिसमें बुरी तरह घायल हो गए हैं। जिनकी सूचना परिजनों को देते हुए घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। घायल की स्थिति नाजुक है।

# 27 हजार की धोखाधड़ी मामले में कोटेदार सहित तीन पर केस

**केटी न्यूज/बलिया**

सहतवार पुलिस ने भरौली गांव में कोटेदार पुत्र द्वारा खाद्यान्न वितरण की ई-पाश मशीन के झांसे में बैंक फ्रैंचाइजी की मशीन पर अंगूठा लगवाकर 27 हजार रूपए की धोखाधड़ी के मामले में कोटेदार समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है।

गांव के सरल तुरहा ने अपर पुलिस महानिदेशक को आवेदन देकर आरोप लगाया कि गांव के बालदेव चौहान अपने भाई कमलेश के नाम से उदहां गांव की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान चलाते हैं। बालदेव के नाम से भी रजौली गांव में कोटा की दुकान हैं। बालदेव का बेटा आशीष चौहान भरौली गांव में एसबीआई की फ्रेंचाइजी चलाता है। मेरा रजौली गांव की कोटे की दुकान से खाद्यान्न मिलता हैं। तीनों लोगों ने साजिश कर खाद्यान्न वितरण के नाम पर अंगूठा लगवाकर फ्रेंचाइजी के माध्यम से बिना मेरी जानकारी खाते से पैसा निकाल लिए है।

मेरे अनपढ़ होने का फायदा उठाते हुए मेरे एसबीआई के खाते से 27 जून 2023 को 9 हजार, 17 जुलाई 2023 को 9 हजार व 15 जनवरी 2024 को 9 हजार एवं 18 फरवरी 2024 को पुनः 6 सौ रुपये निकाल लिए हैं। इस तरह उन्होंने कुल 27 हजार 6 सौ रुपये का धोखाधड़ी किया है। इन लोगों ने काफी संख्या में अनपढ़ व कम समझ वाले लोगों के खाते से पैसा निकालकर उनके साथ धोखाधड़ी किया है। शिकायत करने व पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी देते है। अनुचित दबाव बनाते हैं।

# मऊ जनपद को मिले 13 ग्राम पंचायत अधिकारी 4 ग्राम विकास अधिकारी और एक सुपरवाइजर

**केटी न्यूज/मऊ**



उ0प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लोकभवन लखनऊ में आयोजित नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम में उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा चयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किया। जिसका लाइव प्रसारण एनआईसी में उपस्थित लोगों द्वारा देखा गया। उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से निष्पक्ष एवं भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत जनपद के चयनित अभ्यर्थियों - पंचायती राज विभाग से ग्राम पंचायत अधिकारी माया गुप्ता, आकांक्षा दुबे, दीपा सिंह एवं सीतांशु श्रीवास्तव तथा समाज कल्याण विभाग से ग्राम विकास अधिकारी नवीन कुमार राय, अमित कुमार, वीरेंद्र कुमार यादव एवं सुपरवाइजर शैलेंद्र यादव को जिलाधिकारी प्रवीण मिश्रा द्वारा एनआईसी में नियुक्ति प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। जनपद में कुल 18 नव-नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं सुपरवाइजर का चयन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नव-नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने पद पर ईमानदारी से कार्य करते हुए जनपद के विकास कार्य में सहयोग करेंगे। मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उ0प्र0 में निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से भर्तियॉ की जा रही हैं, लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, प्रदेश निरन्तर आगे बढ़ रहा हैं। उन्हांने कहा कि मुझे पूर्ण आशा है कि आप सभी लोग सरकार द्वारा चलायी जा रहीं योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग करेंगे।

# समाज की मुख्यधारा में दिव्यांग बच्चों को जोड़ने की कवायद



**केटी न्यूज/मऊ**

बीआरसी परदहा में बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश के क्रम में परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र छात्राओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जाड़ने के उद्देश्य से शासन के मंशा के अनुरुप उनके अभिभावकों का एक दिवसीय परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 50 अभिभावकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में परामर्श दाताओं द्वारा अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों से, सम्बन्धित आने वाली कठिनाईयों के बारे में विस्तृत चर्चा कर दिव्यांग बच्चों को प्रेरित करते हुए प्रतिदिन स्कूल भेजने हेतु कहा गया। साथ ही दिव्यांग बच्चों को विभिन्न विभागों से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई तथा बच्चों को इससे कैसे लाभान्वित कराया सुझाव दिया गया, जिससे दिव्यांग बच्चे समाज की मुख्य धारा से जुड़ जाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्पेशल एजुकेटर अरविंद कुमार श्रीवास्तव, रमेश मौर्मा, सतेंद्र सत्यार्थी उपस्थित थे।

# टाउन इंटर कॉलेज मोहम्मदाबाद गोहना में किया गया 101 अशोक के पौधों का रोपण

**केटी न्यूज/मऊ**

पर्यावरण संरक्षण और विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से मोहनदाबाद गोहना स्थित टाउन इंटर कॉलेज मोहम्मदाबाद में 101 अशोक के पौधों का पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला गंगा समिति और हेमंत यादव फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व से अवगत कराते हुए 101 छात्रों को अशोक के पौधे वितरित किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रविन्द्रनाथ यादव ने पौधा लगाकर इस अभियान का शुभारंभ किया।

पौधारोपण के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. रविन्द्रनाथ यादव ने कहा कि वृक्षारोपण का अर्थ केवल पेड़ लगाना नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण भी जरूरी है। पेड़ न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण को हरा-भरा और स्वच्छ बनाते हैं। वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना असंभव है, और जहां जीवन होता है, वहां विकास और समृद्धि भी होती है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के इस दौर में वृक्षारोपण पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। हमें अपने जीवनकाल में कम से कम दस वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए, ताकि भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर राम सिंह, मनोज सक्सेना, मनमोहन जायसवाल, माधव तिवारी, संजय राय, स्वामीनाथ यादव, राम प्यारे, नसीरुद्दीन, विवेक कुमार सिंह, संतोष कुमार, सुरेंद्र चौबे सहित विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।



## संक्षिप्त समाचार

### अमरप्रीत सिंह काले बने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता

**रांची।** भाजपा ने अमरप्रीत सिंह काले को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया है. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर अमरप्रीत सिंह काले को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है. जारी आदेश में कहा गया है कि अमप्रीत को नई जिम्मेवारी मिलने से संगठन और अधिक मजबूत होगा.

### कुष्ठ कॉलोनी में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रांची।** यंग मेन्स क्रिश्चियन एसोसिएशन (वाईएमसीए), रांची की ओर से बुधवार को निर्मला कुष्ठ कॉलोनी में नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पारस अस्पताल के डॉ जॉनसन बागे ने 60 मरीजों को देखा और दवा दी। मौके पर वाईएमसीए के महासचिव चोन्हस कुजूर, रजनी एक्का, सुमन भेंगरा, मुमताज कुरैशी, रेणुका तिर्की, जितनी खलखो, मो मिनहाज सहित अन्य मौजूद थे।

### चक्रधरपुर : विधानसभा सीट से झामुमो का सस्पेंस खत्म, विधायक सुखराम को मिला टिकट

**चाईबासा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विधानसभा चुनाव के लिए तीसरी सूची जारी कर दी है. इसके साथ ही चक्रधरपुर विधानसभा सीट का सस्पेंस खत्म हो गया है. तीसरी सूची में चक्रधरपुर विधानसभा के विधायक सुखराम उरांव का नाम जारी किया गया है. झामुमो ने सुखराम उरांव को टिकट दिया है. बुधवार देर रात तक सस्पेंस बना हुआ था कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का टिकट चक्रधरपुर विधानसभा में किसे मिलेगी. लेकिन अंतिम समय में सस्पेंस दूर कर दिया गया.आखिरकार वर्तमान विधायक सुखराम उरांव पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रदेश कार्यालय की ओर से मुहर लगा दी गई है. मालूम हो कि अंतिम समय में ही टिकट की घोषणा की गई. इससे लोगों में चर्चा है कि आखिर पश्चिमी सिंहभूम का जिला अध्यक्ष होने के बावजूद भी टिकट देने की इतनी देर से क्यों घोषणा की गई. इधर, टिकट मिलने की सूचना मिलते ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में हर्ष है.

### विकास के नाम पर पर्यावरण संतुलन प्रभावित न हो: मार्शल केरकेट्टा

**रांची।** गोस्सनर एंवेजिकल लूथरन चर्च छोटानागपुर–असम की ओर से जीईएल चर्च के पास्टर्स रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन बुधवार को हुआ। इसमें कई राज्यों से डायसिस के पुरोहित–बिशप शामिल हुए। कार्यक्रम में चर्च के प्रमुख मॉडरेटर मार्शल केरकेट्टा ने कहा, पास्टर को संसाधन के रूप में सुसज्जित होना है। आध्यात्मिक जीवन, जमीन और समाज को बचाने में एक पादरी की अहम भूमिका होती है। आज लोगों का आध्यात्मिक जीवन बिगड़ रहा है। पेड़–पौधे, खनिज संपदा, जीव–जंतु का दोहन हो रहा है। विकास के नाम पर पर्यावरण का संतुलन प्रभावित हो रहा है। इनका संरक्षण बहुत जरूरी है। पादरी जॉर्ज शांतिएल केरकेट्टा ने एक पुरोहित की भूमिका–उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला। पादरी सोसिरिता कंडुलना और पादरी एलिस सुरीन ने कलीसिया में महिला पादरियों की सेवकाई पर अपने विचार रखे। जीईएल चर्च के महासचिव ईश्वरदत्त कंडुलना ने चर्च संविधान पर चर्चा की।डिप्टी मॉडरेटर एमपी विलुंग, बिशप सीमांत तिर्की, रेव्ह निरल बागे, रेव्ह अमित लकड़ा, विमल होरो, रेव्ह अमृत भेंगरा, रेव्ह सलीम आइंद, रेव्ह एजे भेंगरा, अनूप इंदवार सहित कई पुरोहित मौजूद थे।

### अवैध बालू लदे 2 हाइवा जब्त, एफआईआर दर्ज

**धनबाद।** धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन का अभियान जारी है. जिला खनन टास्क फोर्स ने मंगलवार की रात बलियापुर व सरायढेला थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे 2 हाइवा जब्त किया. खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि जांच के क्रम में बलियापुर थाना क्षेत्र से हाइवा संख्या जेएच10सीयू– 9341 को व सरायढेला थाना से हाइवा संख्या जेएच10बीएल– 1282 को पकड़ा गया. चालकों के पास बालू का चालान नहीं था. दोनों हाइवा को संबंधित थाना को सुपुर्द कर प्राथमिकी दर्ज की गई है. छापेमारी में बसंत उरांव, विजय करमाली, सुमित प्रसाद व सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे.

# हुसैनाबाद को वीरों के नाम पर जिला बनाने का वादा, हिमंता बिस्वा सरमा का चुनावी एलान



**पलामू।** झारखंड विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद सीट से भाजपा उम्मीदवार कमलेश सिंह के नामांकन कार्यक्रम के दौरान बुधवार को असम के मुख्यमंत्री और चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने एक बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि यदि झारखंड में भाजपा की सरकार बनती है, तो हुसैनाबाद को जिला बनाया जाएगा। हालांकि, इस जिले का नाम हुसैनाबाद नहीं, बल्कि वीरों के नाम पर रखा जाएगा, जिसमें राम और कृष्ण का उल्लेख किया गया।

हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में आयोजित जनसभा में सरमा ने झारखंड में बढ़ती जनसांख्यिकी परिवर्तन और घुसपैठ पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि झारखंड में एनआरसी लागू होना चाहिए और घुसपैठियों को भगाया जाना चाहिए। असम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की डेमोग्राफी भी उसी दिशा में बदल रही है, और इसे रोकने के लिए का3

नूनी कदम उठाए जाएंगे।

सरमा ने राज्य की मौजूदा सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत ने अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने सोने के सिक्के देने के वादे का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सोरेन सरकार ने युवाओं को नौकरी देने और विकास कार्यों में विफलता दिखाई है। पेपर लीक जैसे मुद्दों पर सरमा ने कहा कि बीजेपी की सरकार बनने पर दोषियों को जेल भेजा जाएगा और राज्य में पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाएगी।

भाजपा उम्मीदवार कमलेश सिंह ने भी अपने संबोधन में राज्य की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन ने केवल अपने परिवार का विकास किया है, जबकि राज्य के लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया। सिंह ने हेमंत सरकार की बालू किल्लत के चलते विकास कार्यों के ठप पड़ने का मुद्दा उठाया और कहा कि हुसैनाबाद के जपला क्षेत्र में कभी सीमेंट फैक्ट्री हुआ करती थी, जो अब बंजर भूमि बन चुकी है।

कमलेश सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन ने जपला को जिला बनाने का वादा किया था, लेकिन वह केवल आश्वासन देते रहे और कुछ नहीं किया। उन्होंने झारखंड में बेरोजगारी, ठप पड़े विकास कार्यों और वादाखिलाफी के मुद्दे उठाते हुए हुसैनाबाद की जनता से समर्थन की अपील की।

मौके पर यूपी के मंत्री दयाशंकर सिंह,जिलाध्यक्ष अमित तिवारी,हुसैनाबाद चुनाव प्रभारी जवाहर पासवान, रामप्रवेश सिंह, अशोक सिंह एवं रविन्द्र सिंह सहित कई नेता व प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मधु कोड़ा, चुनाव लड़ने की अनुमति मांगी



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मधु कोड़ा ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था. हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद मधु कोड़ा के चुनाव लड़ने के सपने पर पानी फिर गया है. इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आर महादेवन की बेंच सुनवाई करेगी.

दिल्ली हाईकोर्ट की एकल पीठ ने मधु कोड़ा की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि याचिकाकर्ता केवल इस आधार पर फैसले पर रोक लगाना चाहता है कि वह चुनाव लड़ सके, जो उचित नहीं है. प्रथम दृष्टया यही लगता है कि वह इस मामले में दोषी हैं, इसलिए निचली अदालत के फैसले पर रोक लगाने का कोई ठोस कारण नहीं है. बता दें कि निचली अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री कोड़ा, पूर्व कोयला सचिव, राज्य के पूर्व मुख्य सचिव ए.के. बसु और मधु कोड़ा के सहयोगियों को कोयला घोटाले में दोषी ठहराया था. सभी को कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई थी और सजा के साथ आरोपी पर जुर्माना भी लगाया गया था.

## गुवा खदान में जॉब कांट्रेक्ट प्रथा लागू हुआ तो 15 दिनों बाद होगा आंदोलन : रामा पांडेय



**चाईबासा।** सेल की गुवा खदान प्रबंधन गुवा खदान में गोपनीय तरीके से जॉब कांट्रेक्ट प्रथा लागू करना चाह रही है. इसका जमकर विरोध किया जायेगा. यह बात झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष रामा पांडेय ने गुवा स्थित अपने यूनियन कार्यालय में सप्लाई मजदूरों के साथ वार्ता के दौरान कही. उन्होंने कहा कि जॉब कांट्रेक्ट प्रथा लागू होने से सप्लाई मजदूरों के रोजगार की गारंटी नहीं रहेगी. ठेकेदार का कांट्रेक्ट खत्म होने के बाद मजदूरों को काम से हटा दिया जायेगा. इसके अलावे मजदूरों को मिल रही चिकित्सा, आवास आदि अनेक प्रकार की सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा. बतौर सप्लाई मजदूर के रूप में मजदूरों को रोजगार की गारंटी वर्षों से रहती आ रही है और आगे भी रहेगी. इसमें ठेकेदार बदल जाती है, लेकिन सप्लाई मजदूर वहीं काम करता रहता है. साथ ही तमाम प्रकार की सुविधाएं सप्लाई मजदूरों को मिलती है.

रामा पांडेय ने कहा कि सप्लाई मजदूरों को समान काम का समान वेतन सेलकर्मियों के वेतन के अनुसार नहीं दिया जा रहा है. प्रबंधन ने मेघालया गेस्ट हाउस में त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान प्रबंधन ने इसे लागू करने की बात कही थी. इसके अलावे सेल की खदानों में बायोमेट्रिक हाजिरी का पूरा विरोध करती है. हमारी यूनियन की किरीबुरु इकाई ने इसके खिलाफ शिकायत किया है. जब तक फैसला नहीं आ जाता है तब तक प्रबंधन को इस दिशा में कोई प्रयास नहीं करना चाहिये. सेल की किरीबुरु प्रबंधन बायोमेट्रिक मशीन लगा चुकी है और वह एक नवम्बर से चालू करना चाह रही है जो अनुचित है. अगर प्रबंधन हमारी मांगों को पूरा नहीं करती, जॉब कांट्रेक्ट को वापस नहीं लेती है तो 15 दिनों बाद आंदोलन किया जायेगा.

### सुनील यादव के घर पर ईडी का छापा, राजमहल विस से लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव

**रांची।** साहिबगंज जिले के राजमहल विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव के घर पर ईडी ने छापेमारी की है. ईडी की टीम गुरुवार की सुबह सुनील यादव के घर पर उनके भाई दाहू यादव की तलाश में रेड मारी है. हालांकि ईडी को सुनील यादव के घर पर दाहू यादव नहीं मिला. गौरतलब है कि जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव आज (24 अक्टूबर) राजमहल में एसडीओ के समक्ष बतौर निर्दलीय प्रत्याशी अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे.साहिबगंज के शोभनपुर भट्ठा गांव का रहने वाला दाहू यादव करीब एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले का आरोपी है. इस मामले में ईडी ने दाहू यादव और अन्य के खिलाफ पहली बार 8 जुलाई 2022 को छापेमारी की थी. इस दौरान एजेंसी ने साहिबगंज, राजमहल, बड़हरवा, मिर्जाचौकी और बरहेट में 18 ठिकानों पर दबिश दी थी. छापेमारी के दौरान ईडी ने 5.37 करोड़ कैश और बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ जब्त किये थे. इसके अलावा ईडी ने 30 करोड़ रुपये की कीमत का एक मालवाहक पानी जहाज भी जब्त किया था।

## लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है भाजपा: तेजस्वी यादव



**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है। जीत के लिए बीजेपी हिंदू मुस्लिम करती है। बिहार और झारखंड को लेकर पार्टी के इरादे नेक नहीं है। यह सिर्फ तोड़ने का काम करती है। यह बातें बिहार विधानसभा प्रतिपक्ष के नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कही। वे चतरा सदर थाना मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। वे राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश के नामांकन सभा में पहुंचे थे।

तेजस्वी ने कहा कि भाजपा के लोग विधायकों की खरीद-फरोख्त करते हैं। हम नौकरी, शिक्षा व बेरोजगारी की बात करते हैं तो वे हिंदू-मुस्लिम की बात करने लगते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि यदि श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता से गलती हुई है तो तेजस्वी यादव माफी मांगने का काम करता है। कोई नाराजगी मत रखियेगा ये लड़ाई बड़ी लड़ाई है। चतरा, झारखण्ड के साथ साथ संविधान, लोकतंत्र, गंगा यमुनी तहजीब को बचाने की लड़ाई है। इसलिए आप सबों को एक होकर लड़ाई लड़ना है।

तेजस्वी ने कहा कि झारखण्ड और बिहार दोनों जगह साजिश चल रहा है। भाजपा के लोग बड़े बईमान लोग हैं। जनता इन लोगों का सरकार नहीं लाती है तो सोचते हैं कि विधायक को ही खरीद लें। झारखण्ड में इन्होंने क्या किया किसी से नहीं छिपा है। विधायकों को खरीदने की कोशिश की गई। साजिश रच कर हेमन्त सोरेन को जेल भेजने का काम किया ताकि भाजपा झारखण्ड में सरकार बना सके। बिहार में भी साजिश चला। मेरे ऊपर, मुकदमा, ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स सबको पीछे लगाया। हमलोग तो वहां की सरकार को गिरा दिए थे।

तेजस्वी ने कहा कि यहां के विधायकों को खरीदने का प्रयास किया गया लेकिन कोई काम नहीं आया। मेरे चाचा जो हैं भाजपा वालों ने मुख्यमंत्री को हाईजेक कर लिया। बीजेपी लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। हमारे देश के संविधान को खत्म करना चाहता है। सामाजिक न्याय की सरकार चाहिए। झारखंड के राजद कोटे से एकलौते मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने अपने सम्बोधन के दौरान लोजपा प्रत्याशी पर कई गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह कई हत्यायों का आरोपी ही। निचली अदालत में सजा सुना दी है। हाई कोर्ट में स्टे लगा हुआ है। यह भूमि राजद की है और यहां से राजद ही जीतेगी।

## छल-कपट करने वाले नेताओं के बहकावे में नहीं आएं- शत्रुघ्न महतो



**धनबाद।** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार शत्रुघ्न महतो ने अपना जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है. उन्होंने बुधवार को बाघमारा प्रखंड के भंडारीडीह, छाताबाद नंबर 4 , कतरास बाजार, लिलोरी स्थान, सिंदुआरटांड, लुतीपहाड़ी पंचायत के बाघमारा बस्ती आदि जगहों पर जनसंम्पर्क करते हुए आम जनों से मुलाकात की. जगह-जगह नुक्कड़ सभाओं को भी संबोधित किया. उन्होंने कहा कि बाघमारा विधानसभा में भाजपा ने विकास का जो रथ खींचा है वो इस चुनाव के बाद भी चलता रहेगा. जनता छल-कपट करने वाले नेताओं के बहकावे में नहीं आए. कहा कि सिर्फ बाघमारा ही नहीं, पूरे झारखंड में भाजपा जीत का झंडा गाड़ने वाली है. उन्होंने लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि राज्य में शांति स्थापित करने एवं सम्पूर्ण विकास के लिए भाजपा की सरकार बनाएं. राज्य भर में जो अराजकता एवं असुरक्षा की स्थिति पैदा हुई है उससे झारखंड को निकालने की जरूरत है.

इस बीच सांसद ढुल्लू महतो ने शत्रुघ्न महतो के चिटाही स्थित आवासीय परिसर में नए कार्यालय का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि आम जनों की सुविधा के लिए कार्यालय को तैयार किया गया है. यहां क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान की दिशा में पहल की जाएगी.

## युवती की हत्या कर शव झाड़ी में फेंका, दुष्कर्म की आशंका

**रांची।** नामकुम थाना अंतर्गत खरसीदाग ओपी क्षेत्र के डुंगरी चापा टोली स्थित चारदीवारी के अंदर झाड़ी से पुलिस ने बुधवार की देर शाम युवती का शव बरामद किया है. युवती की चारदीवारी के अंदर बने कमरे में हत्या कर शव झाड़ी में फेंका गया है. युवती के सिर और चहरे पर चोट के गंभीर निशान हैं. देखने से प्रतीत होता है कि पत्थर से कुचलकर युवती की बेरहमी से हत्या की गई है. युवती के बाएं हाथ पर सूरज लिखा (गोदना) हुआ है.बुधवार की शाम चार बजे शव होने की सूचना पुलिस को मिली. उसके बाद खरसीदाग ओपी प्रभारी और तुपुदाना ओपी प्रभारी मौके पर पहुंचे. वहीं रात आठ बजे डीएसपी मुख्यालय प्रथम भी घटनास्थल पर पहुंचे एवं छानबीन की. घटनास्थल से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त डंडा, महिला का हरा रंग का पर्स, पर्स से चार्जर एवं पलसर बाइक का नंबर प्लेट बरामद किया है. वहीं कमरे के फर्श और दीवारों पर खून के छीटें लगे हुए हैं. कमरें में कंबल, शराब एवं बीयर की बोतल गिरी हुई थी.आशंका जतायी जा रही है कि अपराधियों ने युवती के साथ पहले दुष्कर्म किया होगा और फिर बेरहमी से हत्या कर दी.

# रांची: युवक ने खुद रची थी अपने अपहरण की साजिश, पुलिस ने किया खुलासा



**रांची।** युवक ने खुद ही अपने अपहरण की साजिश रचकर दोस्तों के साथ शराब की पार्टी कर रहा था. एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए खुद की अपहरण की साजिश रचने वाले युवक आदर्श कुमार के अलावा शशांक, परमेश्वर गोप, कार्तिक धीबर, अनिल प्रसाद और गुड्डू कुमार को गिरफ्तार किया है. इनलोगों के पास से पुलिस ने बीस जिंदा कारतूस और आठ मोबाइल फोन बरामद किया है. लालपुर थाना में बुधवार की देर शाम एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी.

खुद रची थी अपहरण की साजिश

एसएसपी ने बताया कि साहेबगंज से एक व्यक्ति फोन आया था कि आदर्श कुमार जो उसका भगीना लगता है, उसका अपहरण कर लिया गया है. फिरौती के लिए पंद्रह लाख रुपये का मांग किया गया है. जिसके बाद पुलिस टीम का गठन किया गया. पुलिस टीम ने अपहृत व्यक्ति को पीएन बोस कम्पाउण्ड के एक अपार्टमेन्ट से सकुशल बरामद कर लिया. गठित टीम के द्वारा जब पीएन बोस कम्पाउण्ड के अपार्टमेन्ट में छापा मारा गया तो टीम ने पाया कि अपहृत व्यक्ति अपने दोस्तों के साथ मिलकर उस अपार्टमेन्ट में शराब पार्टी मना रहा था. नशे की हालत में मनगढंत रूप से अपने को अपहरण कर फिरौती के तौर पर पंद्रह लाख रुपये मांगे जाने की बात अपने मोबाईल से अपने मामा को बताया.

आदर्श कुमार के मोबाईल की जांच की गयी तो इसके मोबाईल से साईबर फ्रॉड किये जाने के कई प्रमाण मिले. इसके एक अन्य दोस्त विक्की वर्मा के मोबाईल में अवैध हथियार और कारतुस के फोटो मिलने पर इनसे सख्ती से पूछताछ की गयी तो इनके पास से 20 कारतूस बरामद किया गया. अपहरण की घटना झुठी साबित हुई. यह मामला साईबर अपराध और अवैध हथियार से संबंधित है.

## धनबाद : मधुबन में अधिवक्ता के कार्यालय व मुर्गी फार्म पर बम-गोली से हमला, दहशत



**धनबाद।** धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र की खरखरी बस्ती में रहने वाले अधिवक्ता शेख खालिद के कार्यालय व शेख डब्लू के मुर्गी फार्म पर अपराधियों ने बुधवार की रात बम और गोली से हमला कर दिया. रात को करीब 8 बजे जब बीसीसीएल की लाइट कट गई, तब अंधेरे का फायदा उठाकर अपराधियों ने 6 बम फेंका और ताबड़तोड़ गोली चलाने लगे. दो बम तेज आवाज के साथ फट गए. विस्फोट की आवाज सुनकर बगल में रहने वाले शेख साहिद तुरंत मुर्गी फार्म की तरफ भगा और शेख खालिद, शेख डब्लू व ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी. शेख खालिद ने मधुबन थाना को फोन कर सूचना दी. खबर मिलते ही थाना प्रभारी पिक्कू प्रसाद दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. साथ ही महुदा थाना की पुलिस भी खरखरी बस्ती पहुंच कर चार जिंदा बम बरामद की है. बमों को पानी की बाल्टी में डालकर डिफ्यूज किया गया. पुलिस ने घटनास्थल से दो जिंदा कारतूस भी बरामद की है. ग्रामीणों का कहना है कि विस्फोट की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग भयभीत हो गए.अधिवक्ता शेख खालिद ने बताया कि अपराधियों ने उनकी जान मारने या नुकसान पहुंचाने की नीयत से हमला किया है. मुर्गी फार्म और कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है, लेकिन लाइट कट जाने के कारण कैमरा बंद था, जिसका फायदा उठाकर अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया. समाचार लिखे जाने तक मधुबन व महुदा थाने की पुलिस घटनास्थल पर जमी हुई थी.

## सुभाषितम्

चाहे गुरु पर हो या ईश्वर पर, श्रद्धा अवश्य रखनी चाहिए। क्यों कि बिना श्रद्धा के सब बातें व्यर्थ होती हैं। - समर्थ रामदास

## गुजराती ठगों की देश-दुनिया में हो रही है चर्चा

**पिछले कुछ वर्षों में गुजरात** एक ऐसे राज्य के रूप में उभरा है, जिसकी कई तरीके से नई पहचान बनती जा रही है। अब एक नई पहचान सारे देश और दुनिया में देखने को मिल रही है, ठगी के रूप में। गुजरात के ठगों ने अपने कौशल का झंडा देश और विदेशों तक में गाड़ दिया है। विभिन्न प्रकार से संगठित ठगी और धोखाधड़ी के मामले में गुजरात के ठग सारी दुनिया के देशों में सुर्खियों में बने हुए हैं। गुजराती ठगों ने समाज के हर वर्ग को निशाना बनाया है। आम नागरिक हों, या उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी, नेताओं और बैंकों को भी चूना लगाने की महारत गुजराती ठगों के पास है। ऐसा कौन सा काम बाकी रह गया है, जो गुजरात के ठगों द्वारा नहीं किया जा सकता है। गुजरात को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और मोहम्मद अली जिन्ना के कारण सारी दुनिया में जाना जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। पिछले 10 वर्षों में उन्होंने भी विश्व में अपनी पहचान विश्व गुरु के रूप में बनाई है। दूसरी ओर गुजराती ठग देश एवं दुनिया में गुजरात की नई छवि ठगी के क्षेत्र में बना रहे हैं। गुजरात के ठगों की हिम्मत और चालाकी इतनी बढ़ चुकी है कि वो फर्जी जज, फर्जी वकील और फर्जी ट्रिब्यूनल बनाकर कई सालों तक लोगों को ठगने का हुनर जानते हैं। इसके अलावा हजारों करोड़ रुपए की सरकारी जमीन कबजाने में भी यह ठग पीछे नहीं रहे हैं। ताजा मामला गांधीनगर के मॉरिस सैमुअल का है, जिसने फर्जी अदालत लगाकर पांच साल तक लोगों को अपने जाल में फंसाया। पोल खुलने के पहले तक उसने विवादित जमीनों के फैसले सुनाकर अरबों रुपए की जमीन हेराफेरी कर दी। इसी तरह किरण पटेल नामक ठग का मामला भी चौंकाने वाला है। जिसने खुद को पीएमओ का अधिकारी बताकर, कश्मीर तक वीआईपी ट्रीटमेंट और सुरक्षा को लेकर करोड़ों रुपए की ठगी कर ली। वह भी कश्मीर जैसे राज्य में, जहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस और मिलिट्री का पहरा होता है। फर्जी दस्तावेजों के जरिए हजारों करोड़ों रुपए की ठगी के सैकड़ों मामले सामने आ चुके हैं। ये घटनाएं केवल राज्य या देश तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि गुजरात से जुड़े ठगों का जाल देश के सभी राज्यों और विदेशों तक फैला है। अमेरिका जैसे देश में गुजराती ठग ने फर्जी ग्रीन कार्ड से लेकर बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय आर्थिक घोटाले के मामले सामने आ चुके हैं। भारतीय बैंकों से हजारों करोड़ों रुपए की ठगी करके कई कारोबारी गुजराती ठग विदेशों में जाकर रह रहे हैं। उन्होंने भारत से भाग कर विदेशों की नागरिकता ले ली है। भारत सरकार एक भी ठग को विदेश से भारत वापस नहीं ला पाई है। सवाल यह है, कि आखिर गुजराती ठगों के इतने मामले क्यों सामने आ रहे हैं। 2014 के बाद से बड़ी संख्या में गुजराती ठगों को जहां मौका मिलता है, वहीं ठगी करना शुरू कर देते हैं। दुनिया और ब्रह्मांड में ऐसी कोई चीज नहीं है। जो गुजराती ठगों की जद से बाहर हो। गुजरात के ठगों को कानून और सजा का कोई डर नहीं रहा। क्या, ठगों को राजनेताओं, न्यायपालिका और प्रशासन का संरक्षण मिल रहा है? भ्रष्टाचार और सांठ-गांठ की गहरी जड़ें राजनेताओं, न्यायिक अधिकारियों, प्रशासन और पुलिस तक अपनी जड़ें जमा चुकी हैं। जो भी हो, स्पष्ट है, कि गुजरातियों को ठगी के क्षेत्र में सारी दुनिया में विशिष्ट माना जाने लगा है। गुजरात के ठगों ने अपने कौशल से यह साबित कर दिया है। देश और विदेश की पुलिस और कानून व्यवस्था उनकी ठगी के रास्ते में रुकावट नहीं डाल सकती हैं। कभी किसी बड़े उद्योगपति ने तीन दशक पहले चांदी के जूते की ताकत को सार्वजनिक किया था। चांदी का जूता बड़ा चमत्कारी होता है। यह हर किसी की आंख, कान और मुंह बंद रखने की क्षमता रखता है। यही एक कारण है, गुजरात के ठग, ठगी करने के बाद पूरी तरह से निश्चिंत रहते हैं। उनके पास हमेशा चांदी का जूता होता है। चांदी के जूते के बल पर वह ठगी का पैसा, सुरक्षित रख पाते हैं। ठगी के पैसे से देश एवं विदेशों में गुजराती ठग ऐश कर रहे हैं। अब तो लोग यह भी कहने लगे हैं कि गुजरात के ठगों को कॉलेज और विश्वविद्यालय खोलकर इसकी डिग्रियां भी बांटना चाहिए। ताकि ठगी का यह गुण आम जनता भी सीख सके। ठगी के सहारे सारी दुनिया के देशों में भारत को आर्थिक दृष्टि से भारत को प्रथम पंक्ति में आकर खड़ा कर सकें।

## चिंतन-मनन

## ईश्वर की कृपा बुद्धि से ही प्राप्त होती है

**योग में आसन, प्राणायाम, मुद्रा और** आहार-विहार आदि पर तो बहुत शोध हुए हैं, अब ध्यान और मुद्रा की बारी है। इस विधा के अनुसार शांत मस्तिष्क ऊर्जा का केंद्र है तो निर्मल मन शांति और स्थिरता का। शास्त्रों में इन केंद्रों की उपमा ब्रह्मलोक और क्षीर सागर से दी गई है। मस्तिष्क या खोपड़ी में जहां दिमाग माना जाता है वहां एक केंद्र की कल्पना की गई है। इस केंद्र को ब्रह्मकेंद्र कहते हैं। ब्रह्मरंध अर्थात मस्तिष्क का मध्यबिन्दु। ब्रह्माण्ड के मध्य में ब्रह्मलोक माना गया है और ब्रह्मरंध्र मस्तिष्क में है। जीव और ब्रह्म के बीच अति महत्वपूर्ण आदान-प्रदान का माध्यम यही है। पृथ्वी भी मनुष्य की तरह अंतग्रही आदान प्रदान से समृद्ध होती रहती है। उससे सूक्ष्म आवश्यकताओं की पूर्ति के साधन जुटते रहते हैं। इस आदान-प्रदान का केन्द्र द्वार ध्रुव है। ठीक इसी प्रकार मस्तिष्क का मध्य केन्द्र ब्रह्मरंध्र सहस्रार कमल है। यह जितना सशक्त या दुर्बल होता है उसी अनुपात में जीवन को ब्रह्मसत्ता के अनुदान पाने की सम्भावना बढ़ती है। अन्तर्जगत के इस ब्रह्मलोक की अमृत वर्षा का लाभ लेने के लिए खेचरी मुद्रा का साधन बताया गया है । ध्यान मुद्रा में शान्त चित्त का साधन बताया गया है। ध्यान मुद्रा में शान्त चित्त से बैठकर जीभ के अगले भाग को तालु मूर्धा से लगाया जाता है। सहलाने जैसे मन्द-मन्द स्पन्दन पैदा किये जाते हैं। उस उत्तेजना से सहस्र दल कमल की प्रसुप्त स्थिति जागृति में बदलती है। यह खेचरी मुद्रा है। इस स्तर पर अनुभव होने वाले उपादानों का वैज्ञानिक विश्लेषण अभी बाकी है। अध्यात्मविदों के अनुसार यदि भावना और क्रिया का सही समन्वय करके इस साधना को किया जा सके तो चेतना क्षेत्र में आनन्द और कार्य क्षेत्र में उल्लास की उपलब्धि होती है।

# झूठ की बुनियाद पर टिका भाजपा का सदस्यता अभियान

निर्मल रानी

**भारतीय जनता पार्टी द्वारा** आजकल राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ साहित भाजपा के अनेक बड़े नेता पार्टी के सदस्य अथवा सक्रिय सदस्य बन चुके हैं। परन्तु एक बार फिर भाजपा का यह सदस्यता अभियान विवादों में पड़ गया है। भाजपा इस सदस्यता अभियान के माध्यम से यह साबित करना चाहती है कि भारतीय जनता पार्टी ही विश्व का सबसे बड़ा व सबसे अधिक सदस्यों वाला राजनैतिक दल है। और इस लक्ष्य तक पहुँचने के लिये पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं द्वारा झूठ व अनैतिकता की सभी हदों को पार किया जा रहा है। आश्चर्य है कि हाल में हुये लोकसभा चुनावों में 63 लोकसभा सीटें गंवाने के बावजूद अभी भी भाजपा न जाने किस आधार पर अपने सदस्यों की संख्या में इजाफा करना चाह रही है ?

दरअसल कई राज्यों में भाजपा, सदस्यता अभियान में निर्धारित अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रही है। इसके लिये उसके नेता व कार्यकर्त्ता साम दाम दंड भेद सभी हथकंडे अपनाकर किसी भी तरह से सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी करना चाह रहे हैं। मिसाल के तौर पर गुजरात में 2 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी द्वारा निर्धारित किया गया था। गुजरात भाजपा ने सदस्यता अभियान के तहत पिछली बार से ज्यादा सदस्य बनाने के लिए खास योजना बनाई है। सरपंच से लेकर सांसद तक सभी 100-100 प्राथमिक सदस्य बनाएंगे। परन्तु इस लक्ष्य तक पहुंचना संभव नहीं था। एक रिपोर्ट के अनुसार भावनगर में स्थानीय नेता 100 सदस्य जोड़ने के लिए 500 रुपये भी ऑफर कर रहे हैं क्योंकि निर्धारित तिथि 15 अक्टूबर तक 2 करोड़ का लक्ष्य पूरा करने के लिये प्रतिदिन 8 लाख से अधिक सदस्य बनने जरूरी थे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपाई जिस स्तर तक गये हैं उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। गुजरात में कई शहरों में स्कूली बच्चों तक को सदस्यता दिला दी गई। अनेक लोगों को तो उनका केवल फोन नंबर लेकर ही बिना बताए उन्हें भाजपा का सदस्य बना दिया गया। यह रहस्य तब उजागर हुये जब अपनी सदस्यता से अनजान कई छात्रों व आम लोगों के मोबाइल पर भाजपा का सदस्य बनने से सम्बंधित बधाई संदेश आने लगे। गुजरात में न केवल स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों तक को सदस्य बनाया गया बल्कि अस्पताल के मरीजों , नर्मदा में ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यकर्ता और भावनगर में 100 नए सदस्यों को नामांकित करने के लिए स्थानीय पार्टी नेताओं द्वारा 500 रुपये देने की योजना तक शामिल थी। खबरों के अनुसार जब एक महिला अपने पति के साथ रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए विसनगर के एक जन स्वास्थ्य केंद्र गयी तभी एक कर्मचारी ने उनका मोबाइल नंबर पूछा और फिर मोबाइल पर आया ओटीपी माँगा। और जैसे ही उन्होंने ओटीपी शेयर किया उसी समय मरीज को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनने के लिए बधाई संदेश मिला। हालांकि मरीज महिला के पति ने सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा उन्हें चुपके से भाजपा




सदस्य बनाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों और रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर (आरएमओ) से बात करते हुए अपने फोन पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया कि उन्हें बिना बताए या उनकी सहमति के बिना उन्हें भाजपा सदस्य के रूप में क्यों नामांकित किया गया। रोगी के पति विकुंभ दरबार ने घटना के बाद स्थानीय मीडिया को बताया कि ह्लआज सुबह, मैं और मेरी पत्नी एंटी रेबीज इंजेक्शन के लिए विसनगर सिविल अस्पताल गए क्योंकि उन्हें कुत्ते ने काट लिया था। पहली बार, हमें इंजेक्शन पाने के लिए एक ओटीपी साझा करने के लिए कहा गया था। शुरू में, हमें रजिस्टर में चेक इन करने के लिए कहा गया था, और जब हम इंजेक्शन के लिए आगे बढ़े, तो अस्पताल के कर्मचारी ने एक ओटीपी मांगा। मैंने पूछा कि इसकी आवश्यकता क्यों है, इसपर उस ने जवाब दिया कि - यदि आप इंजेक्शन चाहते हैं, तो आपको ओटीपी प्रदान करना होगा। जब मैंने इस नियम पर सवाल उठाया, तो उन्होंने दावा किया कि यह एक नया सिविल अस्पताल विनियमन है।

इसी तरह गुजरात में ही राजकोट के जूनागढ़ के रणछोड़ दास ट्रस्ट अस्पताल का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि राजकोट के इस अस्पताल में आंख के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने गए 250 मरीजों को रात में नींद से उठाकर बीजेपी का सदस्य बना दिया गया। इसका खुलासा उस समय हुआ जबकि एक मरीज ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। कमलेश भाई ठुम्मर अपनी आंखों का ऑपरेशन कराने इसी अस्पताल में गए थे। जहां उनके साथ 250 से ज्यादा और भी मरीज भर्ती थे। कमलेश के मुताबिक आधी रात को एक व्यक्ति आया और अचानक सभी मरीजों को नींद से उठाकर उनसे ओटीपी मांगने लगा। मुझसे (कमलेश भाई) भी ओटीपी पूछा। जब मैंने ओटीपी भेज दिया तो फोन में मैसेज आया कि बधाई हो,आप बीजेपी के सदस्य बन गए हैं। जब कमलेश ठुम्मर ने मैसेज देखकर उस व्यक्ति से पूछा कि क्या आप बीजेपी का सदस्य बना रहे हो? तब उसने जवाब दिया कि -इसके बिना उद्धार नहीं। यदि किसी मरीज को डळढ नहीं पता चलता था, तो वह कर्मचारी स्वयं मरीज का फोन अपने हाथ में ले लेता और उसे भाजपा का सदस्य बना देता। इस कर्मचारी ने वार्ड के 200 से 250 मरीजों को बीजेपी का सदस्य बना दिया। कहना गलत नहीं होगा कि इस जबरन भाजपा सदस्य बनाने के इस अभियान में अस्पताल की भी मिली भगत जरूर रही होगी।

इसी तरह मध्य प्रदेश में भी जोर जबरदस्ती से सदस्यता अभियान चलाये जाने की खबर है। यहाँ भी युवाओं को सदस्ता अभियान से जुड़ने और नये सदस्य बनाने के लिये 3000 से लेकर 5000 रुपए तक के ऑफर दिये जाने की खबर है। भारतीय जनता पार्टी सरकरी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हितग्राही लाड़ली बहनें,मुफ़्त राशन प्राप्त करने वालों,सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वालों आदि सभी को जबरन या धोखे से पार्टी सदस्य बनाने पर तुली हुई है। हद तो यही है कि भाजपा अब आधी रात में सोते हुये मरीजों को भी चैन की नींद नहीं सोने दे रही है। यानी इलाज और ऑपरेशन बाद में भी होता रहेगा, आराम भी बाद में कर लेना, पहले अपने मोबाइल पर आया ओटीपी दे दीजिए। देश भर से मिलने वाली इस तरह की और भी खबरें इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफी हैं कि भाजपा का सदस्यता अभियान दरअसल झूठ की बुनियाद पर टिका हुआ है।

## भारतीय ज्योतिषियों की बलिहारी

राकेश अचल

**मेरा ज्योतिष में किंचित क्या रत्ती भर** विश्वास नहीं है ,लेकिन मेरे विश्वास करने और न करने से क्या फर्क पड़ता है। देश की बहुसंख्यक जनता का विश्वास तो है ज्योतिष पर। और इसी विश्वास के सहारे देश का कारोबार ,बाजार चलता आ रहा है। ज्योतिषी जब बताते हैं तब हमारे यहां नेता चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करते है। हम खुद ज्योतिषी के बताये मुहूर्त पर गृह प्रवेश करते है। और तो और भाँवरें डालते हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण ये है कि हम खरीद-फरोख्त भी ज्योतिषियों द्वारा बताये गए महूर्त के हिसाब से ही करते हैं। मैंने जब से होश सम्हाला है तब से देखता आ रहा हूँ कि हमारे भारतीय ज्योतिषी मुहूर्तों के बारे में पूछने पर ही बताते हैं और वो भी दक्षिणा लेने के बाद। वे पत्रा /पंचांग तभी खोलते हैं जब चढ़ौती चढ़ा दी जाय। लेकिन खरीद-फरोख्त के लिए शुभ मुहूर्त बताते हुए ज्योतिषी किसी से कोई दक्षिणा नहीं मांगते । बस बता देते हैं कि कब मकान खरीदना है ,कब सोना-चांदी खरीदना है ,कब वाहन खरीदना है। त्यौहार के मौसम में ज्योतिषी ऐसे -ऐसे दुर्लभ मुहूर्त बताते हैं की जनता बावली हो जाती है। जनता को बाबला कर ये ज्योतिषी बाजार की बल्ले-बल्ले करा देते हैं। एक ही दिन में साल-छह महीने का कारोबार हो जाता है। लगता है कि बाजार कि और ज्योतिषियों कि कोई दुरभि संधि है। हम उन लोगों में से हैं जो अपना हर काम अबूझ मुहूर्त में करते है। ज्योतिषियों के बताये मुहूर्त के फेर में नहीं पड़ते ,इसीलिए चाहे जितना दुर्लभ मुहूर्त हो हम बाजार की और रुख नहीं करते । हालाँकि हमारे घर में दूसरे लोग नजर बचाकर बाजार से खरीदारी कर लेते हैं लें हम धनतेरस को भी चम्मच/ घंटी से ज्यादा कुछ नहीं खरीदते। खरीदना भी नहीं है क्योंकि ज्योतिषी तो साल में दस बार दुर्लभ मुहूर्त बताते है। यदि उनके हिसाब से खरीदारी करने लगे तो घर का बजट ही फेल हो जाये। अब इस साल ही देख लीजिये। ज्योतिषियों ने कहा है की इस साल 24 अक्टूबर को जो दुर्लभ मुहूर्त बना है वो आज से 752 साल पहले बाना था। कमाल की बात है न कि जब दुनिया में कम्प्यूटर नहीं जन्मा था तब भी हमारे ज्योतिषियों का गुणा-भाग चलता था और उन्हें आज भी कम्प्यूटर नहीं बल्कि उनका अपना पत्रा/ पंचांग ही सैकड़ों साल पुराने मुहूर्त के बारे में बता देता है। मुझे कभी-कभी लगता है कि देश की असली सेवा हमारे ज्योतिषी ही करते हैं ,लेकिन कभी-कभी इनके ऊपर शक भी होता है , क्योंकि ये ज्योतिषी आजतक ये नहीं बताये कि देश के अच्छे दिन कब आएंगे ?

आपको बता दूँ कि मै जिस शहर में रहता हूँ वो एक बड़े गांव जैसा ही ह। महाराजाओं का शहर है। यहां न सिटी बस है और न मेट्रो रेल। लेकिन वहां भी इस मुहूर्त के फेर में एक दिन में एक हजार वाहनों की खरीद हो गयी । मकान खरीदने वालों को मुहूर्त के हिसाब से रजिस्ट्री करने के लिए मुंह-मांगी रिश्वत देने के लिए मजबूर होना पड़ा। क्या पता कि मुहूर्त निकलने के बाद खरीदारी लाभप्रद हो या न हो। हमारे यहां आदमी धर्मभीरु ही नहीं ज्योतिष-भीरु भी है। ज्योतिषी नट की तरह देश की सीधीसादी जनता को अपने इशारे पर नचाते हैं। जनता कभी नहीं सोचती कि ये दुष्ट ज्योतिषी उनके भले के लिए नहीं बल्कि बाजार के भले के लिए खास मुहूर्त निकलकर अखबारों में ,टीवी चैनलों पर दिखाते हैं। जनता तो ठहरी आँख की अंधी और नाम नयनसुख वाली। अपने दिमाग की खिड़कियां और दरवाजे कभी खोलती ही नहीं।चाहे चुनाव हो या भागवत कथा। देश की जनता कभी इन ज्योतिषियों से पूछती ही नहीं कि दुर्लभ योग में उन्होंने अपने लिए क्या खरीदा ?

ज्योतिषी बड़े चतुर -सुजान होते हैं। जनता को किश्तों में उलूक बनाते हैं। इस साल उन्होंने वृषभ ,कन्या और तुला राशि के जातकों को चुना। कहा कि इन राशियों के लोग यदि 752 साल बाद पड़ने वाले दुर्लभ योग का लाभ उठाना चाहते हैं जो हनकर यानि जमकर दरियादीली से खरीद-फरोख्त करें। ईडी ,सीबीईआई की फिक्र न करें। चूंकि ये मुहूर्त केवल हिन्दू पंचांगों में से निकलते हैं इसीलिए ये हिन्दुओं के लिए ही शुभ होते है। मुसलमान,ईसाई या दूसरे धर्मों के लोगों के लिए नहीं। हामिद को तो आज भी अपनी अम्मी के लिए बाजार से चिमटा ही खरीदना पड़ता है। देश के 85 करोड़ लोग तो उस मुहूर्त को ही शुभ मानते हैं जिस दिन उन्हें पांच किलो मुफ्त का अन्न मिलता है। लाड़ली बहिनों के लिए तो केवल वो मुहूर्त शुभ होता है जिस दिन उनके खाते में सरकार 1250 रुपए राखी बंधन के नेग के रूप में डाल देती है। हमारा दुर्भाग्य ये है कि हम लोग चाहकर भी इन ज्योतिषियों की भविष्यवाणीयों को चुनौती देने देश की किसी छोटी या बड़ी अदालत नहीं जा सकता। जैसे-तैसे पहुँच भी जाएँ तो वहां हमें सुनेगा कौन? अदालतों में भी तो आखिर धर्मभीरु/ मुहूर्त प्रेमी लोग ही विराजते हैं। हमारे देश के मुख्यन्यायाधीश ने खुद रहस्योद्घाटन किया कि वे जब भी किसी बड़े मामले में फैसला करने वाले होते हैं भगवान की शरण में चले जाते हैं। देश का कोई ज्योतिषी वही गुरु,अल्लाह या जीसस की शरण में कभी गया हो तो हमें पता नहीं। कहने का आशय ये है कि जिस देश में कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालीका तक भगवान के भरोसे काम करती हो उस देश में आखिर ज्योतिषियों का तम्बू कौन उखाड़ सकता है ? इन्हें तो सर्वदलीय समर्थन हासिल होता है। किसी भी दल की सरकार हो कोई इनके खिलाफ जाने वाला नहीं है। क्योंकि सभी की दुकानदारी में ज्योतिष की अहम भूमिका है। आप मुझे ज्योतिष शास्त्र कहें या विज्ञान कहें का विरोधी न माने। निंदक न मानें। मुझे तो अपने सनातन ज्ञान पर गर्व है। इसी के चलते सहमत न होते हुए मै जिस अखबार में काम करता था उसके पंडित जी यदि किसी दिन भविष्यफल भेजने में आलस करते थे तो मैं खुद उनकी और से भविष्यफल लिखकर छाप लेता था ।पाठकों का मन जो रखना होता था। मैने जिस स्थानीय न्यूज चैनल में काम किया उसके दर्शकों के लिए खुद कंठीमाला पहनकर ज्योतिषी की भूमिका अदा की।आजकल चैनलों में अभिनय ही तो प्रधान है। आखिर जनता की आँखों में धूल ही तो झोंकना है नेताओं की तरह। जनता की आँखों में धूल झोंकना सबसे आसान काम और सबसे अधिक ललितकला है। इसलिए आप भी मेरे कहने से 752 साल बाद बने इस सौभग्यशाली मुहूर्त की अनदेख न करें। खरीदारी करे। क्रेडिट कार्ड से करें ,परसनल लोन लेकर करें ,कढ़ुआ [ कर्ज लेकर ] काढ़कर करें। खरीदारी जरूर करें ,क्योंकि इसी से तो आपका भाग्य चमकने वाला है।

## आत्महत्याएं एक त्रासदी ?

नरेन्द्र भारती

**मानव हताशा व निराशा के भंवर से** मुकाबला करने के बजाए मौत ही आखिरी विकल्प ढूंढ रहा है। जबकि दुनिया में कोई भी चीज असंम्भव नहीं है। हताशा के अन्धेरे में दीये बूझ रहे हैं।इन बूझते दीयों को बचाने के लिए समाज को एक रूपरेखा तैयार करनी होगी।ताकि इस भयानक प्रवृति पर विराम लग सके। समाज में टूटते परिवार,बेरोजगारी ,गरीबी ,व अशिक्षा, तनाव के मुख्य कारण हैं। आज के युवा कैरियर को लेकर भी परेशान है। मनमाफिक रोजगार न मिलने के कारण तनावग्रस्त रहते है। प्रेम में असफलता ,परीक्षा मे फेल होने, कर्ज न चुकाने ,के कारण भी मौत को गले लगा रहा है।युवा वर्ग में यह प्रवृति बडे पैमाने पर बढती जा रही है।यदि इस पर संज्ञान न लिया तो भविष्य में मुशिकलें पैदा होगी।भारत एक ऐसा देश है जहां सबसे अधिक आत्महत्याएं होती है।प्रतिदिन आत्महत्याओं की खबरें सुर्खियां बनती है।इंसान खुद तो मर जाता है लेकिन पीछे तडफने के लिए पूरा परिवार छोड देता है।दहेज के कारण भी आत्महत्याएं बढ रही है। देश के अन्नदाता कहलाने वाले किसान का आत्महत्या करने का कारण कभी सरकारी नीतियां बनती है।तो कभी मौसम की बेरूखी।पिछले पन्द्रह सालों में एक लाख से भी अधिक किसान आत्महत्या कर चुके है। आज तक किसी किसान ने अकाल ,बाढ, भूखमरी के कारण आत्महत्या तक नहीं की लेकिन सरकारी नीतियां ही इसका कारण बन रही हैं। लोगों ने अपनी जीवन लीलाएं खत्म की है। आत्महत्याओं के औसतन तीन सौ मामले प्रतिदिन सामने आते है। भारत के परिपेक्ष्य मे आत्महत्या के तरीकों में फांसी लगाना ,आग लगाना,तथा जहरीला पदार्थ निगलना,मुख्य है, देश मे घटित इन मामलों से भविष्य की भयानक तस्वीर दिख रही है।समाजशास्त्री कहते हैं कि सामाजिक सुरक्षाबोध,पारिवारिक जुडाव,और तनाव से दूरी ही आत्महत्याओं पर अंकुश लगा सकती है। हताशा के कदम रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने होगें। ताकि समाज से इस प्रवृति को दूर किया जा सके।देश के युवाओं की नकारात्मक सोच को सकारात्मक बनाना होगा। सामजिक परिदृश्य को बदलना हर नागरिक का कर्तव्य है।समाज के बुध्दिजीवी लोगों को इस पर मनन करना चाहिए। युवा देश के कर्णधार होते हैं जो देश की दिशा बदल सकते हैं। इन्हे दिगभ्रमित होने से बचाना जरूरी है। युवाओं का मार्गदर्शन करना होगा ताकि निराशा व हताशा से दूर रह सके।यह देश हित व जनहित के लिए बेहद लाजिमी है।सरकारों को भी इन घटनाओं को अनदेखा नहीं करना चाहिए। यदि अब भी इन घटनाओं के प्रति कदम न उठाये तो अनमोल जिंदगियां। भौतिकवादी सोच ने समाज में कई तरह के पतन पैदा किए है। पैसे की भूख व अतिवादी सोच ने उपहार में लोगों को एकाकी जीवन व तनाव दिया है।आज मानव जीवन में तनाव इतना अधिक बढ गया है।कि बच्चे से लेकर जवान व बूढे ,शिक्षित से लेकर अशिक्षित ,छात्र से लेकर उच्च अधिकारी,किसान,गरीब से लेकर अमीर सभी तनाव से ग्रस्त है।मानसिक तनाव के कारण देश में सामूहिक आत्महत्याओं की प्रवृति बेतहाशा बढती जा रही है।ऐसा क्यों यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है 'देश में बढती आत्महत्याएं एक गंभीर चिन्ता का विषय बनता जा रहा है। आज युवा में बढती कुंठा,असहनशीलता ,और असफलता आत्महत्याओं का कारण बन रहे है।यह आंकड़ा बड़े पैमाने प? बढ़ता ही जा रहा है यह बहुत ही चिंतनीय है।

## आज का राशिफल

**मेष** तरक्की के शुभ योग बन रहे हैं। नौकरी में आपके लिए उच्च पद की प्राप्ति की संभावना बन रही है।

**वृषभ** तरक्की के योग बने हैं। आपके घर और ऑफिस दोनों जगह का माहौल काफी अच्छा रहेगा।

**मिथुन** आज भाग्यशाली योग बना है और आपको नौकरी में मनचाही तरक्की हासिल होगी।

**कर्क** यात्रा के योग बने हैं। ऑफिस या फिर कारोबार के काम से आपको बाहर जाना पड़ सकता है।

**सिंह** आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको सफलता मिलने से पूरे दिन प्रसन्नता का अनुभव होगा।

**कन्या** भाग्य का साथ मिलेगा और मन काफी प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**तुला** आज दिन मिलाजुला है और आपकी इच्छा के खिलाफ कोई कार्य हो सकता है।

**वृश्चिक** भाग्य का साथ मिलेगा कारोबार में परिणाम मिलने से आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

**धनु** आज करियर में भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी।

**मकर** करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ** मामले में लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी और धार्मिक कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** दिन सफलता से भरा होगा। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। संपत्ति के मामले में लाभ होगा।

## राजकाज

### झारखंड में एनडीए की सीटों का बंटवारा इंडिया में खटपट

**रजत की भूमिका फूफा** की तरह झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन की सभी सीटों की घोषणा हो गई है।इंडिया गठबंधन के अंदर सीटों के बंटवारे को लेकर आखरी तक कलह बनी रही। झामुमो और कांग्रेस ने साझा प्रेस कांफ्रेंस करके 81 में से 70 सीटों की घोषणा कर दी। इससे राष्ट्रीय जनता दल और कम्युनिस्ट पार्टी बिफर गई है। तेजस्वी यादव ने अपना मुंह फुला लिया है। झारखंड के पिछले विधानसभा चुनाव में राजद को 7 सीट मिली थी। लेकिन एक सीट वह जीत पाई थी। झारखंड में राजग का कोई वजूद नहीं है। जिस तरह शादियों में फूफा अपना मुंह फुलाकर नाराजी व्यक्त करते हैं। वैसे ही राजद ने अपना मुंह फुला लिया है। फूफा जी कैसे मानेंगे। इसको लेकर अब तरह-तरह के यत्न इंडिया गठबंधन में हो रहे हैं।

### लोक निर्माण से किसका लोक कल्याण

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मध्य प्रदेश में सेमिनार का शुभारंभ किया। सड़क और पुल निर्माण में उभरती हुई नवीनतम प्रवृत्तियां और तकनीकी विषय पर बोलते हुए,उन्होंने कहा लोक निर्माण से ही लोक कल्याण संभव है। लोक निर्माण में जो भी सड़कें बन रही हैं। जनता से टैक्स वसूला जा रहा है। सड़क और पुल बनाने का खर्च और मुनाफा भी जनता से वसूल कर लिया गया। उसके बाद भी टैक्स की वसूली जारी है। मध्य प्रदेश की सड़कें एक बार फिर दिग्विजय सिंह के शासनकाल की याद दिलाने लगी हैं। सड़क बनती है, 1 साल के अंदर ही खराब हो जाती है।

## कार्टून कोना





### आज का इतिहास

1586 स्काट्स रानी मेरी की मौत की सजा सुनाई गयी। 1794 फ्रांस के खिलाफ युद्ध से रूस हट गया। 1874 ब्रिटेन ने फिजी द्वीप पर कब्जा किया। 1938 लीबिया इटली का हिस्सा बना। 1956 मिस्त्र जार्डन और सीरिया ने एकीकृत सैन्य कमान का गठन किया। 1964 अवाडी कारखाने में निर्मित टैंक का नामकरण विजयंत के रूप में किया गया। 1966 इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुबांद्रियो को मौत की सजा सुनाई गयी। 1977 राष्ट्रसंघ ने चीन को सदस्य बनाया। 1986 भारतीय शांति सेना ने उत्तरी श्रीलंका में जाफना शहर पर पूरी तरह से कब्जा किया। 1989 सोवियत संघ के केंद्रीय बैंक ने रूबल के अवमूल्यन की घोषणा की। 1994 कजाक गणराज्य ने सोवियत संघ से अलग होने का ऐलान किया। 1993 इसरायल ने एक समझौते के तहत 'फलीस्तीनी बंदियों की रिहाई शुरू।

## दैनिक पंचांग

25 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.45 ब.से |
| चंद्र | कर्क में | धनु | 10.01 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मकर | 12.06 बजे से |
| बुध | तुला में | कुंभ | 13.53 बजे से |
| गुरु | वृष में | मीन | 15.26 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मेष | 16.56 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 18.36 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 20.34 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 22.48 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 01.04 बजे से |
| 10.30 से | | कन्या | 03.16 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | तुला | 05.26 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 299 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 03.23 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पुष्य 07.40 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 02.26 बजे रात्र को समाप्त। **करण** तैतिल 14.36 बजे तदनन्तर गर 03.23 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 12° 11' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872143 **जूलियन दिन** 2460608.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 21

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore




## प्रेग्नेंसी में ये चीजें खाएंगे तो डिलीवरी में नहीं होगी कोई परेशानी, बच्चा भी रहेगा तंदुरुस्त

गर्भावस्था हर महिला के जीवन का एक खूबसूरत समय होता है और इस दौरान स्वस्थ आहार एक प्रमुख भूमिका निभाता है, क्योंकि यह आपके और आपके अजन्मे बच्चे दोनों के पोषण के लिए जरूरी है। अक्सर महिलाएं इस बात को लेकर चिंतित रहती हैं कि वह क्या ऐसा खाएं कि उन्हें प्रेगनेंसी में कॉम्प्लिकेशन ना हो और उनका बच्चा भी तंदुरुस्त रहे। कई बार महिलाएं ऑनलाइन दिखती है या दोस्तों या रिश्तेदारों से सलाम मांगती हैं कि कौन से खाद्य पदार्थ खाने चाहिए और किन चीजों से बचना चाहिए। हालांकि यह जानकारी कई बार सही भी नहीं होती है। ऐसे में पेशेवर की सलाह लेना जरूरी होता है। आज हम आपको एक्सपर्ट की बताए उन खाद्य पदार्थों के बारे में बता रहे हैं जिससे आपको और आपके बच्चे को लाभ पहुंचेगा। आपकी गर्भावस्था यात्रा को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी

- एक्सपर्ट बताती है की प्रेग्नेंसी के दौरान संतुलित आहार खाना आपके बच्चे को विकसित होने के लिए जरूरी है। गर्भावस्था के दौरान अपर्याप्त पोषण से बाद के जीवन में हृदय रोग मधुमेह और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ जाता है।
- गर्भवती माता के लिए अनाज,फलिया मेवे, बीज, फल, सब्जियां लीन मीट,डेरी उत्पादन और समुद्री भोजन से भरपूर संतुलित आहार की सिफारिश की जाती है। यह उनके स्वास्थ्य और भ्रूण के स्वास्थ्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व की गारंटी देता है।
- गर्भवती महिलाओं को अत्यधिक कैफीन के सेवन के साथ ही पैक्ड जूस से दूर रहने की सलाह दी जाती है।
- दैनिक भोजन में हरी सब्जियों को खाने पर जोर दिया जाता है। इससे कई सारे पोषक तत्व मिलते हैं, खास कर पालक का सेवन करना चाहिए, इसे खून बढ़ाने में मदद मिलती है। इसी तरह पर अपनी डाइट में मौसमी फलों को शामिल करना भी जरूरी है।
- इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को बड़े हिस्से के बजाय दिन भर में छोटे-छोटे भोजन का सेवन करना चाहिए। स्वस्थ नाशते के विकल्प के रूप में मुट्ठी भर मिक्स मेवे खाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- हाइड्रेशन इन सब में सबसे जरूरी है।हर रोज तीन लीटर पानी पीने की सलाह दी जाती है जिसमें सादा पानी, नींबू पानी,छाछ सब्जी या चिकन सूप जैसे अलग-अलग तरल पदार्थ को शामिल किया जा सकता है।
- कच्चे या अधपका मांस को खाने से बचना चाहिए, इनमें हानिकारक पदार्थ मौजूद होते हैं जो कॉम्प्लिकेशंस को बढ़ा सकते हैं।

**कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से हार्ट अटैक का खतरा होता है क्योंकि यह खून की नसों को ब्लॉक कर देता है, इसके कुछ लक्षण आपकी उंगलियों में दिख सकते हैं, कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए कुछ आदतों में सुधार जरूरी है।**







# अपने कोलेस्ट्रॉल लेवल पर रखें नजर

कोलेस्ट्रॉल बढ़ना सेहत के लिए गंभीर संकेत है। इस मोम की तरह दिखने वाले चिपचिपे पदार्थ के बढ़ने से खून की नसें ब्लॉक हो सकती हैं, जिससे ब्लड फ्लो थम सकता है या धीमा हो सकता है। ऐसे होने से आपको कई तरह के दिल के रोग, हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर और जानलेवा समस्याओं का खतरा हो सकता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए हर किसी के लिए अपने कोलेस्ट्रॉल लेवल पर नजर रखना जरूरी है।

### कोलेस्ट्रॉल के क्या लक्षण हैं?

इससे हाथों और पैरों में झुनझुनी महसूस हो सकती है। इसकी वजह यह है कि जब नसों में खून का प्रवाह धीमा हो जाता है या रुकावट होती है, तो शरीर के विभिन्न अंगों तक खून नहीं पहुंच पाता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण हैं। हाई फैट वाली चीजों का अधिक सेवन, स्मोकिंग, शराब का सेवन, एक्सरसाइज न करना और अधिक वजन होना आदि की वजह से खून में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ सकता है। इस लेख में आप जानेंगे कि कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने से आपको अपने हाथ-पैरों की उंगलियों में क्या-क्या लक्षण महसूस हो सकते हैं और कोलेस्ट्रॉल से बचने के लिए या कम करने के लिए आपको किन गलत आदतों को छोड़ देना चाहिए।

### उंगलियों और हथेली में पीलापन

एक रिपोर्ट के अनुसार, खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर त्वचा पीले रंग की नजर आ सकती है, खासतौर पर आंखों के आसपास। कभी-कभी हथेली और पैरों के तलवों में भी पीलापन महसूस हो सकता है।

### हाथ-पैरों में झुनझुनी महसूस होना

हाथ-पैरों की उंगलियों की नसों में कोलेस्ट्रॉल जमा होने से आपको उंगलियों में झुनझुनी है। झुनझुनी का मतलब है कि किसी व्यक्ति की त्वचा में जलन, चुभन या सुई चुभोने जैसी अनुभूति होना। ध्यान रहे कि यह डायबिटीज का भी एक लक्षण है।

### हाथ-पैरों की उंगलियों में दर्द

हाई कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से हाथ-पैर की उंगलियों में दर्द से भी हो सकता है। जब हाथ-पैरों की रक्त धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमा हो जाता है, तो उन्हें छूने से दर्द महसूस हो सकता है।

### हथेली पर पीले रंग के धब्बे

खून की नसों में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने पर आपको हथेलियों या पैर के निचले हिस्से पर छोटे पीले और नारंगी रंग के धब्बे नजर आ सकते हैं। यह धब्बे आंखों की ऊपरी पलक पर भी दिख सकते हैं।

### कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के नुकसान

ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने से क्रोनरी आर्टरी डिजीज, पेरिफेरल आर्टरी डिजीज, हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक, चेस्ट पेन, पेट दर्द, पित्त की पथरी, नसों में झनझनाहट और पाचन से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं।

## छोड़ दें ये आदतें

- ट्रांस फैट, सैचुरेटेड फैट और रिफाइंड वाली चीजों के सेवन से कोलेस्ट्रॉल तेजी से बढ़ता है, इसलिए ऐसे चीजों से तौबा कर लें।
- अगर आप स्मोकिंग या ड्रिंक करते हैं, तो आज ही से इनसे दूरी बना लें। यह चीजें खून में तेजी से बैड कोलेस्ट्रॉल बनाती हैं।



- अगर आपका वजन बढ़ रहा है और आप इसे कंट्रोल करने के लिए कुछ नहीं कर रहे तो आपको कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का ज्यादा खतरा है।
- एक्सरसाइज नहीं करना कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का बड़ा कारण है। अगर आप किसी भी तरह की फिजिकल एक्टिविटी में शामिल नहीं हो रहे, तो सतर्क हो जाएं।
- बहुत अधिक तनाव में रहना भी कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का एक कारण है। स्ट्रेस हार्मोनल बढ़ने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल का उत्पादन होता है।



## बीपी रखना है नॉर्मल तो रोज सुबह पिएं गर्म पानी

**शरीर के लिए पानी कितना अहम है इसके बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर रोज सुबह खाली पेट आप गर्म पानी पिएं तो हेल्थ को कई फायदे होते हैं।**

### पाचन रहे दुरुस्त

गर्म पानी पाचन में मदद करता है। ऐसा खाना जिसे पेट आसानी से पचा नहीं पा रहा हो उसे ब्रेक करने और पचाने में गर्म पानी काफी मदद करता है, इससे पेट साफ रहता है और पाचन संबंधी कोई और समस्या परेशान नहीं करती।

### वेट लॉस

पाचन दुरुस्त रहे तो वेट लॉस में भी मदद मिलती है। साथ ही में गर्म पानी फैट लॉस में भी मदद करता है।

### पेट दर्द व मरोड़ में राहत

पेट दर्द होने पर या मरोड़ चलने पर भी गर्म पानी काफी राहत देता है। हालांकि इसका ध्यान रहे कि पानी को धीरे-धीरे पिएं, एकदम से गर्म पानी पीना नुकसान कर सकता है। वहीं रोज सुबह गर्म पानी पिएंगे तो ये परेशानियां होंगी ही नहीं।

### ब्लड सर्कुलेशन सुधारता है

सुबह गर्म पानी पीने से ब्लड फ्लो और सर्कुलेशन को सुधारने में भी मदद मिलती है, यह बीपी को नॉर्मल रखने में भी मदद करता है।

### गला रहेगा साफ

अक्सर सुबह उठने पर लोग कफ की शिकायत करते हैं, ऐसे में गर्म पानी पीने पर उन्हें राहत महसूस होगी। गर्म पानी कफ की समस्या को दूर कर गले को साफ रखता है।

### बॉडी होगी टॉक्सिन फ्री

शरीर के टॉक्सिन को बॉडी से बाहर निकालने में भी गर्म पानी काफी मदद करता है। यह न सिर्फ हेल्थ पर पॉजिटिव असर डालता है बल्कि स्किन पर भी ग्लो लाता है।

## मीठा खाने से नहीं बल्कि खाने की इस चीज से बढ़ रहा है आपका वजन, आज ही दें ध्यान

अक्सर लोग पतला होने के लिए, सबसे पहले मीठे और कार्ब्स को अपनी थाली से दूर करते हैं। लेकिन, एक्सपर्ट के मुताबिक, खाने की एक और चीज इससे भी ज्यादा वजन बढ़ा सकती है। अक्सर लाख कोशिशों के बाद भी लोग वजन कम नहीं कर पाते हैं। कई बार खाने-पीने की कई सारी चीजों को छोड़ने के बाद भी वजन टस से मस नहीं होता है। तब दिमाग में सबसे पहला सवाल यही आता है कि आखिर क्यों वेट कम नहीं हो रहा है। वजन कम करने के लिए, सबसे पहले इसके बढ़ने के सही कारणों के बारे में जानना जरूरी है। महंगी डाइट फॉलो करना या लंबे वक्त तक भूखा रहना, मोटापा कम नहीं कर सकता है, बल्कि पोर्शन कंट्रोल और हेल्दी ईटिंग हैबिट्स से वजन कम करने में मदद मिलती है। अक्सर लोग पतला होने के लिए, सबसे पहले मीठे और कार्ब्स को अपनी थाली से दूर करते हैं। लेकिन, एक्सपर्ट के मुताबिक, खाने की एक और चीज इससे भी ज्यादा वजन बढ़ा सकती है। यह कौन सी चीज है और किस तरह आपका वजन बढ़ा रही हैं।

### कुकिंग ऑयल

- कार्ब्स और शुगर से कहीं ज्यादा कुकिंग ऑयल वजन बढ़ा सकते हैं। आप खाना बनाते समय किस तरह के तेल का इस्तेमाल कर रही हैं और कितना तेल यूज कर रही हैं, यह आपकी सेहत पर असर डाल सकता है।
- कुकिंग ऑयल वजन बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हो सकता है। रिफाइंड ऑयल में अनहेल्दी फैट्स होते हैं, जो शरीर में चर्बी जमा कर सकते हैं।
- इसकी वजह से कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है और मेटाबॉलिज्म भी स्लो हो जाता है।
- रिफाइंड ऑयल के सेवन से इंसुलिन सेंसिटिविटी भी कम होती है और इसके कारण भी वजन बढ़ने लगता है।
- रिफाइंड ऑयल में बहुत अधिक कैलोरी होती है। इसके अधिक इस्तेमाल से कमर और पेट के आस-पास चर्बी जमने लगती है। इसकी वजह से बीपी और शुगर जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। एक्सपर्ट की कहना है कि रिफाइंड ऑयल की जगह, घी, ऑलिव ऑयल और मस्टर्ड ऑयल का इस्तेमाल करें। ये शरीर में इंफ्लमेशन को कम करके दिल को सेहतमंद बनाने में मदद करते हैं।
- अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो डाइट में फाइबर और प्रोटीन से भरपूर चीजों को शामिल करें।





## बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम और एलर्जी नहीं करेगी परेशान, पिएं यह देसी ड्रिंक

**बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम और एलर्जी अक्सर लोगों को परेशान करती है। इससे बचने में यह देसी ड्रिंक आपकी मदद कर सकता है। इसके फायदे और इसे बनाने का तरीका।**

मौसम बदलने पर सर्दी-खांसी, जुकाम और कई मौसमी इंफेक्शन्स परेशान करने लगते हैं। जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होती है, उन पर बदलते मौसम का असर जल्दी और ज्यादा होता है। ऐसे में बदलते मौसम के बीच, खुद को सेहतमंद रखना बहुत जरूरी होता है। इसके लिए कई घरेलू नुस्खे कारगर हैं। हमारे घरों में हमेशा से मौसम के हिसाब से खान-पान और जीवनशैली में बदलाव होते रहे हैं। लगभग सभी घरों में गर्मी में शरीर को ठंडक देने, सर्दी में शरीर में अंदर से गर्म रखने और बदलते मौसम के बीच इम्यूनिटी मजबूत करके मौसमी एलर्जी से बचाने के लिए कई नुस्खे आजमाएं जाते रहे हैं। यहां हम आपको एक ऐसी ही देसी ड्रिंक के बारे में बता रहे हैं, जो बदलते मौसम मेंबीच, आपको कई तरह की एलर्जी और इंफेक्शन से बचा सकती है। इस बारे में डाइटिशियन सिमरन कौर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं। बदलते मौसम में इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए बेसन से बनाएं यह ड्रिंक

- मौसम बदलने पर अगर आपको सर्दी-खांसी और जुकाम परेशान करता है, तो इस ड्रिंक को जरूर पिएं।
- सर्दी-खांसी से बचाने के लिए बेसन का यह शीरा या बेसन का ड्रिंक कई सालों पुरानी हेल्दी रेसिपी है।
- बेसन एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इससे कफ दूर होता है और सर्दी-खांसी में राहत मिलती है।
- गुड़, बेसन, काली मिर्च और इलायची से बना यह ड्रिंक, बंद नाक को खोलने का काम करती है।
- सीने में जकड़न की वजह से अगर आपको सांस लेने में मुश्किल हो रही है, तो भी यह ड्रिंक फायदेमंद है।
- काली मिर्च में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। ये शरीर में इंफेक्शन्स से बचाती है। सर्दी-खांसी को दूर करने में भी यह फायदेमंद है।
- गुड़ की तासीर गर्म होती है। यह शरीर को अंदर से गर्म रखता है।

### एलर्जी से बचने के लिए बनाएं यह देसी ड्रिंक

**सामग्री**

- देसी घी- 3/4 कप
- बेसन- 3/4 कप
- गुड़- 1 टीस्पून
- पानी- 3 कप
- इलायची- 2
- काली मिर्च- 4
- बादाम- 4 (कटे हुए)

**विधि**

- बेसन को घी में अच्छे से भूनें।
- जब यह रंग बदलने लगे तो इसमें पानी मिला दें।
- अब इसमें गुड़, काली मिर्च, इलायची और बादाम डालकर इसे 1-2 मिनट पकाएं।
- आपकी हेल्दी ड्रिंक तैयार है।
- इसे आप एक मील की जगह ले सकती हैं।

## मुकेश अंबानी से निपटने के लिए पेप्सी और कोका-कोला का नया प्लान

# कांच की बोतल और 10 रुपये में कोल्ड ड्रिंक...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस ने जब से कैम्पा कोला मार्केट में उतारी है, प्रतिद्वंदी कंपनियां पेप्सी और कोका-कोला की नींद उड़ गई है। कैम्पा कोला मार्केट में धीरे-धीरे अपनी पकड़ बना रही है। ये दोनों मल्टीनेशनल कंपनियां (पेप्सी और कोका-कोला) तरह-तरह से मुकेश अंबानी के इस प्रोडक्ट को मात देने में लगी हैं। ये कंपनियां इससे निपटने के लिए पुराने पैंतरे को भी आजमाने पर विचार कर रही हैं।

पेप्सी और कोका-कोला इस तरह की कोल्ड ड्रिंक्स मार्केट में पेश करने की तैयारी में हैं जो बजट फ्रेंडली हो। इस मामले से अवगत सॉफ्ट ड्रिंक्स इंडस्ट्री के अधिकारियों ने इकनॉमिक टाइम्स को बताया कि पेप्सिको और कोका-कोला अपने मुख्य ब्रांडों की तुलना में 15-20% सस्ते सॉफ्ट ड्रिंक्स लॉन्च करने की तैयारी में हैं। इन दोनों कंपनियों का उद्देश्य है कि इन सस्ते प्रोडक्ट को मार्केट में बेचकर रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के कैम्पा-कोला से बढ़ते खतरे को मुकाबला किया जा सके।

**क्या है पेप्सी का प्लान-** मार्केट में पकड़ बनाने के लिए रिलायंस कई तरीके आजमा रही है। वह कैम्पा कोला को ग्राहक तक पहुंचाने के लिए प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में रिटेलर्स को ज्यादा मार्जिन दे रही है। रिलायंस कंज्यूमर रिटेलर्स को 6-8% मार्जिन दे रही है, जबकि अन्य सॉफ्ट ड्रिंक कंपनियां 3.5-5 प्रतिशत मार्जिन दे रही हैं। ऐसे में पेप्सी और कोका-कोला या तो अपने सस्ते प्रोडक्ट मार्केट में उतारने का सोच रही हैं या बी-ब्रांड लॉन्च करना चाहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये कंपनियां अपने मुख्य ब्रांड की इमेज और मार्जिन को भी कमजोर नहीं करना चाहतीं।

भारत में पेप्सिको के सबसे बड़े बॉटलिंग पार्टनर वरुण बेवरेजेज के चेयरमैन रवि जयपुरिया बताते हैं, अगर जरूरत पड़ी तो हम एक ऐसी रेंज बनाएंगे जो उनके प्राइस से मुकाबला करेगी। हालांकि उन्होंने कहा कि पेप्सिको कैम्पा की प्राइस स्ट्रेटेजी से प्रभावित नहीं है। उन्होंने रिलायंस की रणनीति को अलग बताया।

### क्या है कोका-कोला का प्लान

कैम्पा कोला से निपटने के लिए कोका-कोला ने भी प्लान बनाया है। कोका-कोला की योजनाओं से अवगत दो अधिकारियों ने बताया कि कंपनी विशेष रूप से टियर-2 मार्केट के लिए नई रणनीति बना रही है। यहां के लिए कंपनी कांच की बोतल में मात्र 10 रुपये में कोल्ड ड्रिंक बेचने पर विचार कर रही है। कंपनी पहले भी यह इस कीमत पर कांच की बोतल में कोल्ड ड्रिंक्स बेच चुकी है।

इसके अलावा कंपनी क्षेत्रीय ब्रांडों को लॉन्च करने के लिए ब्लूप्रिंट तैयार कर रही है। कंपनी का ऐसा ही एक ब्रांड रिमजिम जीरा है। इसे कंपनी ने कम समय के लिए लॉन्च किया था। अब इसकी आपूर्ति बहुत सीमित पैमाने पर ही की जाती है। एक अधिकारी ने कहा कि इससे कंपनी के मुख्य ब्रांडों के मार्जिन पर असर नहीं पड़ेगा। क्योंकि कोका-कोला मार्जिन पर कोई समझौता नहीं करना चाहती।

### क्या है अभी कीमत

रिलायंस कंज्यूमर 200 मिलीलीटर की कैम्पा कोला की बोतल 10 रुपये में बेच रही है। वहीं कोका-कोला और पेप्सिको 250 मिलीलीटर की बोतल 20 रुपये में बेच रहे हैं। कैम्पा कोला की 500 मिलीलीटर की बोतल की कीमत 20 रुपये है जबकि कोक की बोतल 30 रुपये और पेप्सी की 40 रुपये है।

## कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स खत्म कर सकती है मोदी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ टैक्स को खत्म करने पर विचार कर रही। जिसको लेकर बातें तेज हो गई है। इस मामले में प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर ने बुधवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें 2022 के मुकाबले तेजी से घटी हैं इसलिए अब कच्चे



तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर लगाने का कोईमतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय इस पर विचार करेगा।देश में अप्रत्याशित लाभ कर पहली बार जुलाई 2022 में लगाया गया था।उस समय दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही थीं।

**2022 में पहली बार लगाया था कर-** तरुण कपूर ने कहा कि मुझे लगता है कि पेट्रोलियम मंत्रालय ने अप्रत्याशित लाभ कर को समाप्त करने के लिएपहले ही वित्त मंत्रालय को पत्र लिख दिया है।अब फैसला वित्त मंत्रालय को लेना है। बता दें कि बुधवार को वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड 1.5 फीसदी सस्ता होकर 74.90 डॉलर प्रति बैरल रहा।

**क्यों लगाया गया था टैक्स-** बात अगर इस टैक्स के लागू करने के कारण की करें तो केंद्र सरकार ने 1 जुलाई, 2022 को वैश्विक कीमतों में वृद्धि के जवाब में देश में उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स लागू किया। इस कदम का लक्ष्य तेल रिफाइनरियों के अत्यधिक मुनाफे को नियंत्रित करना था जो घरेलू आपूर्ति की कीमत पर ईंधन का निर्यात कर रहे थे।

## वारी एनर्जीज में जम कर निवेशकों ने लुटाया प्यार

**मुंबई, एजेंसी।** सोलर मॉड्यूल बनाने वाली मुंबई की कंपनी वारी एनर्जीज के आईपीओ पर इनवेस्टर्स ने जबरदस्त प्यार लुटाया है। इसे 76 गुना से भी ज्यादा ओवरसब्सक्रिप्शन मिला है। आज यानी गुरुवार, 24 अक्टूबर को इसके अलॉटमेंट को अंतिम रूप दिए जाना है। जिन आवदेकों को शेयर अलॉट हुआ है, उन्हें कल यानी शुक्रवार तक अलर्ट मैसेज या ईमेल मिल जाने की संभावना है। इसके शेयर अगले सोमवार यानी 28 अक्टूबर को लिस्ट हो सकते




हैं। हम यहां बता रहे हैं अलॉटमेंट स्टेटस जानने का तरीका। वारी एनर्जीज का आईपीओ 21 अक्टूबर से 23 अक्टूबर के बीच बोली के लिए खुला था। इसने नौ शेयरों के लॉट साइज के साथ 1,427-1,503 रुपये प्रति शेयर के तय प्राइस बैंड में अपने शेयर पेश किए थे। कंपनी ने अपने आईपीओ से कुल 4,321.44 करोड़ रुपये जुटाए, जिसमें 3,600 करोड़ रुपये की नई शेयर बिक्री और 48 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

**कितना गुना हुआ है ओवरसब्सक्राइब-** योग्य संस्थागत बोलीदाताओं (क्यूआईबी) की मजबूत रुचि के कारण इस आईपीओ को कुल मिलाकर 76.34 गुना सब्सक्राइब किया गया है। क्यूआईबी का कोटा तो शानदार 208.63 गुना बुक किया गया था। गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए आवंटन 62.49 गुना बुक किया गया था। बोली प्रक्रिया के दौरान खुदरा निवेशकों और कर्मचारियों के हिस्से क्रमशः 10.79 गुना और 5.17 गुना सब्सक्राइब हुए। निवेश वारी एनर्जीज के आईपीओ की ग्रे मार्केट में शुरू से ही अच्छी डिमांड है। अभी इसके एक शेयर के लिए ग्रे मार्केट में 1,550 से 1,570 रुपये का प्रीमियम कोट किया जा रहा है।

## टाटा ग्रुप को टक्कर देने की राह पर अडानी, दोनों के पास बड़ी-बड़ी कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के जब भी बड़े कारोबारी ग्रुप की बात आती है तो इसमें टाटा ग्रुप और अडानी ग्रुप का भी नाम आता है। दोनों ग्रुप की कई कंपनियां बाजार में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। टाटा ग्रुप 150 साल से ज्यादा पुराना है। वहीं अडानी ग्रुप 50 साल पुराना भी नहीं है। लेकिन दोनों ग्रुप की ग्रोथ देखें तो शानदार है। हालांकि अडानी ग्रुप की रफ्तार जिस तेजी से बढ़ी है, वह टाटा ग्रुप को टक्कर देता नजर आ रहा है।

टाटा ग्रुप कई तरह के कारोबार से जुड़ा हुआ है। इसमें आईटी, फैशन, मोटर, स्टील आदि शामिल हैं। वहीं बात अगर अडानी ग्रुप की करें तो इसने खुद को अभी तक गिने-चुने कारोबार तक ही सीमित रखा है। इसमें एयरपोर्ट, पोर्ट्स, ग्रीन एनर्जी, सीमेंट आदि हैं। इसके अलावा टाटा ग्रुप का कारोबार दुनिया के कई देशों में फैला हुआ है। वहीं अडानी ग्रुप अपनी दुनियाभर में अपने पैर जमा रहा है और तेजी से फैल रहा है।

**किसका कितना मार्केट कैप-** बात अगर दोनों ग्रुप के मार्केट कैप की करें तो टाटा ग्रुप का मार्केट कैप अडानी ग्रुप के मुकाबले दोगुने से कुछ कम है। जानें, दोनों ग्रुप का मार्केट कैप कितना है

### टाटा ग्रुप की सबसे बड़ी कंपनी कौन

टाटा ग्रुप की सबसे बड़ी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) है। इसका मार्केट कैप 14.88 लाख करोड़ रुपये है। यह ग्रुप की किसी भी कंपनी के मुकाबले सबसे ज्यादा मार्केट कैप वाली कंपनी है। टीसीएस एक मल्टीनेशनल टेक्नोलॉजी कंपनी है, जो आईटी सेक्टर से जुड़ी है। यह कंपनी 46 देशों में काम करती है। इसके इन देशों में करीब 150 ऑफिस हैं। साल 2024 में इस कंपनी को फॉर्च्यून इंडिया 500 लिस्ट में 7वां स्थान मिला था।

### कैसी है शेयर की स्थिति

टीसीएस शेयर मार्केट में लिस्ट कंपनी है। यह अगस्त 2004 में लिस्ट हुई थी। इसने अभी तक निवेशकों को करीब 3250 फीसदी रिटर्न दिया है। अभी इसके शेयर की कीमत करीब 4031 रुपये है। पिछले एक साल में इसने करीब 19 फीसदी का रिटर्न दिया है।

## पाइरेसी मनोरंजन उद्योग को बीते साल लगाया 22,400 करोड़ का चूना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाइरेसी से भारतीय मनोरंजन उद्योग काफी पहले से परेशान है लेकिन बीते साल के ताजा आंकड़े ने तो सबको हैरान कर दिया है। भारतीय मनोरंजन उद्योग को 2023 में मूल सामग्री की चोरी यानी पाइरेसी से 22,400 करोड़ रुपए का भारी-भरकम नुकसान हुआ है। ईवाई और इंटरनेट एवं मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की



बुधवार को जारी द रॉब रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मूल सामग्री की चोरी (पाइरेसी) के जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम करने के लिए मजबूत रेगुलेशन और सहयोगात्मक कोशिशों की जरूरत है।

भारत में 51 प्रतिशत मीडिया उपभोक्ता मूल सामग्री को अवैध स्रोतों (पाइरेटेड) से हासिल करते हैं। इसमें सबसे ज्यादा 63 प्रतिशत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिये ऐसा किया जा रहा है। भारत में मूल सामग्री की चोरी के जरिये 2023 में 22,400 करोड़ रुपए की कमाई की गई। इसमें से 13,700 करोड़ रुपए सिनेमाघरों में अवैध तरीके बनाई की गई सामग्री से, जबकि 8,700 करोड़ रुपए ओटीटी प्लेटफॉर्म की सामग्री से हासिल किए गए। अनुमान है कि इससे 4,300 करोड़ रुपए तक का संभावित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का नुकसान हुआ है।

मूल सामग्री चोरी यानी पाइरेसी का मतलब यहां किसी की कॉपीराइट सामग्री की गैर-कानूनी नकल, डिस्ट्रीब्यूशन या इस्तेमाल से है। इसमें संगीत, फिल्में, सॉफ्टवेयर और बौद्धिक संपदा आदि शामिल हो सकते हैं। इसे चोरी का एक रूप माना जाता है क्योंकि यह मूल रचनाकारों के अधिकारों का उल्लंघन करता है और इससे उन्हें महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान हो सकता है। आईएएमएआई की डिजिटल मनोरंजन समिति के चेयरमैन रोहित जैन ने हितधारकों के बीच सामूहिक कार्रवाई की तत्काल जरूरत पर बल दिया।

**फिल्म मनोरंजन का कारोबार 14,600 करोड़ हो जाएगा:** जैन ने कहा कि भारत में डिजिटल मनोरंजन की तेज ग्रोथ से इनकार नहीं किया जा सकता है। साल 2026 तक फिल्म मनोरंजन का कारोबार 14,600 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, इस संभावना को मूल सामग्री की चोरी से गंभीर खतरा है। सभी हितधारकों सरकारी निकायों, उद्योग जगत की कंपनियों और उपभोक्ताओं को इस मुद्दे से निपटने के लिए एकजुट होने की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की सामग्री अधिकतर 19 से 34 वर्ष के आयुवर्ग के लोगों को आकर्षित करती है।

## ऑनलाइन पेमेंट कंपनी का ग्राहकों को तोहफा, एफडी पर मिलेगा ताबड़तोड़ ब्याज


**मुंबई, एजेंसी।** बैंकिंग क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच कई छोटे वित्तीय बैंकों ने देश के प्रमुख बैंकों को कड़ी चुनौती दी है। अब इस प्रतिस्पर्धा में एक नई ऑनलाइन भुगतान कंपनी भी शामिल हो गई है, जो बैंकों को और अधिक टक्कर देने के लिए तैयार है। दिवाली से पहले मोबिक्विक एक प्रमुख ऑनलाइन भुगतान प्लेटफॉर्म ने अपने मोबाइल ऐप के माध्यम से फिक्स्ड डिपॉजिट योजनाओं की शुरुआत की है। कंपनी ने बुधवार को वित्तीय सेवा कंपनियों- महिंद्रा फाइनेंस, श्रीराम फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के साथ साझेदारी कर ख़ास पेश करने की घोषणा की। मोबिक्विक ने अपने यूजर्स को एफडी पर 9.5 प्रतिशत का ब्याज देने का ऐलान किया है। खास बात ये है कि मोबिक्विक में एफडी शुरू करने के लिए आपको कोई नया बैंक खाता खोलने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म पर सिर्फ 1000 रुपए से एफडी शुरू की जा सकती है। इसमें यूजर्स को कम से कम 7 दिनों से लेकर ज्यादा से ज्यादा 60 महीने यानी 5 साल तक की अवधि के लिए एफडी कराने की सुविधा मिलेगी। मोबिक्विक ने कहा कि इस फाइनेंशियल प्रॉडक्ट का उद्देश्य अपने यूजर्स के लिए सेविंग्स को आसान बनाना है। बताते चलें कि देश के तमाम बड़े बैंक-भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक आदि अपने ग्राहकों को एफडी पर 9.5 प्रतिशत का ब्याज नहीं दे रहे हैं।

## मुद्रास्फीति की एक और लहर का जोखिम नहीं उठा सकता भारत, गवर्नर दास बोले- सही स्थिति का इंतजार करना होगा

**मुंबई , एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत मुद्रास्फीति की एक और लहर का जोखिम नहीं उठा सकता है। वर्तमान में सबसे अच्छा तरीका लचीला रहना होगा। केंद्रीय बैंक के लक्ष्य के साथ मुद्रास्फीति के स्थायी रूप से सही होने की स्थिति का इंतजार करना होगा।

महीने की शुरुआत में हुई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा देते हुए, दास ने कहा कि मौद्रिक नीति केवल मूल्य स्थिरता बनाए रखने से ही स्थायी विकास का समर्थन कर सकती है।

**लगातार दसवीं बार एमपीसी ने ब्याज दरों में नहीं किया बदलाव-** मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बेंचमार्क ब्याज दर को 6.5 फीसदी पर बनाए रखने का फैसला किया है, जो लगातार दसवीं बार है जब एमपीसी ने दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। हालांकि,



समिति ने अपनी स्थिति समायोजन की वापसी से तटस्थ में बदल दी है।

**मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन अच्छी तरह स्थापित- दास-** एमपीसी की बैठक के ब्योरे के अनुसार, दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिरता और ताकत की तस्वीर प्रस्तुत करती है, और मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन अच्छी तरह से स्थापित है।

उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति में निकट अवधि में बढ़ोतरी के बावजूद, साल के अंत में और अगले साल की शुरुआत में हेडलाइन मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण 4 प्रतिशत लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की ओर इशारा करता है।

**मुद्रास्फीति स्थायी रूप से लक्ष्य के करीब होने तक प्रतीक्षा और मूल्यांकन जरूरी- देबव्रत-** इसी तरह का विचार आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा था कि नीति दर के संदर्भ में नीतिगत संयम को हटाने के लिए क्रमिक प्रतीक्षा और मूल्यांकन दृष्टिकोण तब तक उचित रहेगा जब तक मुद्रास्फीति स्थायी रूप से अपने लक्ष्य के करीब न हो। इसलिए, उन्होंने बैठक में नीतिगत दर पर यथास्थिति बनाए रखने, लेकिन रुख को तटस्थ में बदलने के लिए मतदान किया।

## वित्त वर्ष 2025 में इंडियन गारमेंट एक्सपोर्ट में आएगा उछाल, आईसीआरए ने जारी किया अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय परिधान निर्यातकों को वित्त वर्ष 2025 में 9-11 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि का अनुमान है। यह वृद्धि मुख्य रूप से प्रमुख बाजारों में खुदरा इन्वेंट्री के धीरे-धीरे खत्म होने और जोखिम कम करने की रणनीति के तहत भारत की ओर वैश्विक सोर्सिंग के स्थानांतरण से प्रेरित होगी। वित्त वर्ष 2024 में निर्यात उच्च इन्वेंट्री, धीमी मांग, आपूर्ति श्रृंखला समस्याओं और पड़ोसी देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण प्रभावित हुआ था। रिपोर्ट बताती है कि दीर्घकालिक दृष्टिकोण अनुकूल है, जिसमें उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना, निर्यात प्रोत्साहन और यूके और ईयू के साथ संभावित मुक्त व्यापार समझौते जैसे सरकारी उपायों का बड़ा



योगदान होगा। अमेरिका और ईयू क्षेत्र, जो 2023 में 9.3 बिलियन के निर्यात का दो-तिहाई हिस्सा रखते हैं, भारतीय परिधान के प्राथमिक गंतव्य बने हुए हैं। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में, परिधान निर्यात में 9 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि हुई। हालांकि, कुछ बाजारों में मांग की अनिश्चितता, भू-राजनीतिक मुद्दे और बढ़ती श्रम लागत जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं।

## विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मिलीं वित्त मंत्री सीतारमण, एमडीबी सुधारों पर की गई चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से अमेरिका के वाशिंगटन में मुलाकात की। इस दौरान बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

सीतारमण और बंगा ने विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठकों के दौरान वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं, ऊर्जा सुरक्षा और बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) में सुधार में निजी पूंजी की भागीदारी से जुड़े मसलों पर विचार-विमर्श किया।

वित्त मंत्री ने कहा कि वह विश्व बैंक की ओर से भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान एमडीबी सुधारों पर आए आईईजी की सिफारिशों से जुड़ी प्रगति की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रही हैं और उन्होंने भविष्य में सिफारिशों के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी का भी अनुरोध किया।

2023 भारतीय जी-20 प्रेसीडेंसी के तत्वावधान में नियुक्त स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह (आईईजी) ने एमडीबी में सुधारों के ट्रिपल एजेंडे की सिफारिश की।

इस एजेंडे के तीन तत्व हैं - अत्यधिक गरीबी को समाप्त करना, साझा समृद्धि को बढ़ावा देना, तथा



2030 तक वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं के लिए सतत ऋण स्तर को तीन गुना बढ़ाने में योगदान देना; तथा एक तीसरा वित्तपोषण तंत्र बनाना जो एमडीबी एजेंडे के तत्वों का समर्थन करने के इच्छुक निवेशकों के साथ उद्देश्यपूर्ण ढंग से जुड़ने के लिए लचीली और नवीन व्यवस्था की अनुमति देगा।

## पिज्जा हट में कभी की नौकरी और आज अपने आइडिया से 8 करोड़ साल की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान के छोटे से कस्बे से दिल्ली आकर पिज्जा हट में काम करने वाले शिजू पप्पन ने आज 8 करोड़ रुपये सालाना कमाई करने वाली कैफे चेन खड़ी कर दी है। 1997 में दिल्ली आए शिजू पप्पन ने पिज्जा हट में सफाई और सर्विस जैसे कई काम किए। उनकी कंपनी द चटपटा अफेयर भारतीय स्ट्रीट फूड को बढ़ावा देती है। इसके अब पूरे भारत में 50 आउटलेट हैं। आइए, यहां शिजू पप्पन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**मुश्किलों में बीता बचपन-** शिजू पप्पन की कहानी संघर्ष और दूरदर्शिता का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने पिज्जा हट में काम करते हुए भारतीय स्ट्रीट फूड की कमी को पहचाना और द चटपटा अफेयर की शुरुआत की। आज उनकी कंपनी 8 करोड़ रुपये सालाना कमाई कर रही है। शिजू पप्पन का बचपन राजस्थान के एक छोटे से कस्बे में बीता। माता-पिता के जल्दी गुजर जाने के कारण उन्हें बचपन से ही बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। 1997 में गुजारा चलाने के लिए वह दिल्ली आ गए और पिज्जा हट में काम करने लगे। यहां उन्होंने सफाई से लेकर सर्विस तक कई तरह के काम किए।

**नौकरी में 5000-6000 रुपये मिलते थे-** पप्पन को लगभग एक साल तक हर महीने सिर्फ 5000-6000



रुपये मिलते थे। किराया, बिजली और खाना चलाना मुश्किल होता था। लेकिन, उनके पास जो भी कमाई हो रही थी, उसी में गुजारा करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। कम तनख्वाह और रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने में आने वाली चुनौतियों के बावजूद पप्पन अडिग रहे। उन्होंने फास्ट-फूड इंडस्ट्री में 20 साल तक काम किया। इस दौरान उन्होंने सदर्न फ्राइड चिकन के सीईओ के रूप में भी काम किया। इतना अनुभव हासिल करने के बाद पप्पन ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का फैसला किया।

### 2020 में रखी अपने बिजनेस की नींव

बाजार पर शोध करके शिजू ने एक बड़ी कमी को पहचाना। वह थी भारतीय स्ट्रीट फूड की कमी। भारतीय स्ट्रीट फूड को बढ़ावा देने के उनके जुनून के कारण ही द चटपटा अफेयर की स्थापना हुई। 2020 में पप्पन ने द चटपटा अफेयर की शुरुआत की। अपने व्यवसाय को मजबूत बनाने के लिए उन्होंने शुरुआत में कम उत्पादों के साथ एक मोबाइल कार्ट का सहारा लिया। धीरे-धीरे पप्पन की कड़ी मेहनत रंग लाई और उनका व्यवसाय तेजी से बढ़ने लगा। आज उनकी कंपनी पूरे देश में 50 स्थानों पर फैल चुकी है। इनमें बेंगलुरु, चेन्नई, गुरुग्राम और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं। यह कैफे चेन सालाना लगभग 8 करोड़ रुपये की कमाई कर रही है।

### मेनू में 200 डिश

बिहार के प्रसिद्ध लिट्टी चोखा से लेकर उत्तर भारत के लजीज चाट तक पप्पन के द चटपटा अफेयर के मेनू में लगभग 200 व्यंजन हैं। पप्पन का सपना बड़ा है। वह चाहते हैं कि भारतीय स्ट्रीट फूड पिज्जा और बर्गर जैसा लोकप्रिय बने। समोसे और चाट भी बर्गर और पिज्जा जितने ही लोकप्रिय हों। शिजू पप्पन की कहानी उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं। उनकी कहानी यह साबित करती है कि कड़ी मेहनत और लगन से कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

# इंडिया-न्यूजीलैंड टेस्ट: वाशिंगटन सुंदर ने झटके 7 विकेट, न्यूजीलैंड 259 रन पर ऑलआउट

**पुणे, एजेंसी।** भारत-न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में गुरुवार (24 अक्टूबर) से खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। न्यूजीलैंड की पहली पारी पहले दिन चायकाल के बाद 79.1 ओवर में 259 रन पर ऑलआउट हुई। उसकी ओर से डेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र ने अर्धशतक लगाए। मिचेल सैंटनर ने 51 गेंद में 33 रन की तेज पारी खेली। इन तीनों के अलावा उसका कोई भी बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल पाया। भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने 7 और रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट लिये।

डेवोन कॉन्वे 76, रचिन रविंद्र 65 रन बनाकर आउट हुए। टॉम लैथम 15, टॉम ब्लंडेल 3 और विल यंग 18 रन बनाकर आउट हुए। रविचंद्रन अश्विन ने 3 और वाशिंगटन सुंदर ने 2 विकेट लिए। सुंदर ने चाय से पहले रचिन और ब्लंडेल को आउट करके भारत की वापसी कराई। ह्यह्य कीवी टीम में एक बदलाव हुआ। चोट के कारण मैट हेनरी की जगह मिचेल सैंटनर को मौका मिला। भारत की प्लेइंग 11 की बात करें तो 3 बदलाव हुए हैं। शुभमन गिल, आकाशदीप और वाशिंगटन सुंदर की वापसी हुई। केएल राहुल, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को बेंच पर बैठाया गया। बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड 1-0 से आगे है। 2013 से 2022 तक दस वर्षों में सिर्फ घरेलू सरजमीं पर 2 टेस्ट हारने के बाद भारत ने अगले दो वर्षों में तीन टेस्ट गंवाए हैं।



## केएल राहुल के साथ धोखा

### अपनी बात से पलटे गौतम और रोहित, 12 घंटे के बाद किया टीम से बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुणे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन से बाहर होने के बाद अगर ये कहा जाए कि केएल राहुल के साथ धोखा हुआ है, तो गलत नहीं होगा. आखिर, यही तो किया है टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा ने उनके साथ. गंभीर और रोहित जो पहले कह रहे थे, पुणे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन का ऐलान करते वक्त किया ठीक उसके उलटा. गौतम गंभीर तो प्रेस कॉन्फ्रेंस में इतनी बड़ी बड़ी बातें कर आए थे, जिसके बाद ये लगने लगा था कि केएल राहुल पुणे टेस्ट खेलेंगे ही खेलेंगे. लेकिन, टॉस के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने जब टीम बताई तो केएल राहुल का उसमें नाम नहीं दिखा. सवाल है कि जब यही करना था तो फिर गौतम गंभीर और रोहित शर्मा ने केएल राहुल के बारे में पूछे जाने पर वैसा कहा ही क्यों था?



गौतम गंभीर और रोहित शर्मा ने केएल राहुल को लेकर कहा क्या था, पहले उसे जरा बारी-बारी जान लीजिए. टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने पुणे में किए प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि केएल राहुल ने कानपुर में अच्छी पारी खेली थी. टीम मैनेजमेंट उन्हें सपोर्ट करता रहेगा. इतना ही नहीं वो तब भड़क भी उठे थे जब ये पता चला कि सोशल मीडिया पर केएल राहुल को टीम से बाहर किए जाने की मुहिम चल रही है.गंभीर ने तब साफ लहजे में कहा था कि सोशल मीडिया पर क्या चल रहा है, एक्सपर्ट क्या सोचते हैं, ये जरूरी नहीं है. महत्वपूर्ण ये है कि टीम मैनेजमेंट क्या राय रखता है. और, केएल राहुल को टीम मैनेजमेंट का फुल सपोर्ट है. उन्होंने कानपुर की मुश्किल विकेट पर अच्छी पारी खेली थी. गंभीर के इस बयान से तो अब कोई भी यही अंदाजा लगा सकता था कि वो फिलहाल टीम से बाहर नहीं होने वाले. लेकिन, गंभीर के ऐसा कहने के 12 घंटे बाद जब टॉस हुआ तो असली हकीकत सामने आ गई. केएल राहुल टीम से बाहर हो गए.

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने आर.अश्विन



**पुणे, एजेंसी।** भारत के स्टार ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन गुरुवार को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन ने पहले दिन के शुरुआती सत्र में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम, सलामी बल्लेबाज विल यंग और डेवोन कॉनवे को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। इन तीन विकेटों के साथ, अश्विन ने 2019 से 2024 तक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के इतिहास में 39 मैचों में 189 विकेट लिए हैं और ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम 43 टेस्ट में 187 विकेट हैं। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस 42 मैचों में 175 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर हैं। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 30 मैचों में 124 विकेट लेकर सातवें स्थान पर हैं। अश्विन ने अब तक 104 मैचों में 24 से कम की औसत से 530 विकेट लिए हैं, जो उन्हें भारत की सर्वकालिक टेस्ट विकेट लेने वाली सूची में दूसरे स्थान पर रखता है, जो कि केवल दिग्गज अनिल कुंबले से पीछे है, जिन्होंने 619 विकेट लिए हैं। अपनी शानदार गेंदबाजी के अलावा, इस ऑलराउंडर ने 26.44 की औसत से 3,438 रन बनाए हैं, जिसमें छह शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं।




## नीरज ने की एनआईएस पटियाला में मोंडोट्रैक लगाने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोंडोट्रैक एक नई सतह है जिसका उपयोग ट्रैक स्पर्धाओं के लिए किया जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि यह प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने के साथ चोट की संभावना को कम करता है।केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ राष्ट्रीय खेल विधेयक पर चर्चा के दौरान भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को यहां सरकार से पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान में मोंडोट्रैक को जल्दी लगाने की मांग की।मोंडोट्रैक एक नई सतह है जिसका उपयोग ट्रैक स्पर्धाओं के लिए किया जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि यह प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने के साथ चोट की संभावना को कम करता है। पेरिस ओलंपिक और ब्रसेल्स में आयोजित डायमंड लीग के फाइनल में ट्रैक स्पर्धाओं का आयोजन इसी पर किया गया था। दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों ने इसकी सराहना की थी। वल्केनाइज्ड रबर से बना यह ट्रैक खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावनाओं को कम करने के साथ उनकी गति को बढ़ता है। यह खिलाड़ियों के लिए लय बनाए रखने में मददगार होता है और इस पर उन्हें कम थकान महसूस होती है। नीरज ने इस चर्चा में ऑनलाइन भाग लिया और कहा कि वह 2018-19 से पटियाला में 'मोंडोट्रैक' की मांग कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर सुविधाएं एक और अहम मुद्दा है।नीरज ने कहा कि स्टेडियमों का इस्तेमाल सिर्फ राष्ट्रीय शिविर और विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंटों के लिए ही नहीं होना चाहिए।

## जॉर्डन कॉक्स, रेहान अहमद कैरेबियाई दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल




**लंदन, एजेंसी।** विकेटकीपर बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स और गेंदबाजी ऑलराउंडर रेहान अहमद को 31 अक्टूबर से एंटीगा में शुरू होने वाले कैरेबियाई दौरे के लिए इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल टीम में शामिल किया गया है।कॉक्स ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की टी20 सीरीज में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, वह कैरेबियाई दौरे में शामिल होने से पहले रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट के पहले दिन के अंत के बाद यूके के लिए उड़ान भरेंगे। उम्मीद है कि वह तीनों वनडे मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे, लेकिन उसके बाद के टी20 चरण के लिए नहीं, क्योंकि वह न्यूजीलैंड के अगले टेस्ट दौरे की तैयारी करेंगे। रेहान, जो पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में भी शामिल हैं, मैच के अंत में व्हाइट-बॉल टीम में शामिल होंगे। नियमित कप्तान जोस बटलर की अनुपस्थिति में, जो पिंडली की चोट से उबरने में थोड़ी परेशानी के कारण मैच से बाहर हो गए हैं, ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे।




## जोहोर कप: ऑस्ट्रेलिया ने भारत का विजय रथ रोका

**जोहोर बाहरू, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को सुल्तान ऑफ जोहोर कप में 4-0 की जीत दर्ज कर भारत के विजय रथ को रोक दिया। आज यहां खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के पैट्रिक एंड्रयू ने (29वें मिनट में) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। ऑस्ट्रेलियाई खिलाडियों ने मैच के दौरान आक्रामक रूख अख्तियार किया। डेकिन स्टैंगर ने (33वें, 39वें, 53वें मिनट में) गोल कर हैट्रिक बनाई। जबकि भारत की फॉरवर्ड लाइन ऑस्ट्रेलियाई रक्षापंक्ति तोड़ने के लिए संघर्ष करती देखी गई। भारतीय रक्षापंक्ति ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया हमलों विफल किया।

ऑस्ट्रेलिया के पैट्रिक एंड्रयू ने (29वें मिनट में) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद उत्साहित डेकिन ने 33वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। उन्होंने भी 39वें मिनट अपना दूसरा गोला दागा। डेकिन ने 53वें मिनट में गोलकर अपनी हैट्रिक बनाई। बढ़त को 4-0 पहुंचा दिया। कई अवसर मिलने के बावजूद भारतीय टीम गोल नहीं कर पाई। इस हार के बावजूद भारत नौ अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है जबकि ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड के बाद तीसरे स्थान पर है।

## मीरपुर टेस्ट: साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता मैच

### बांग्लादेश की दूसरी पारी 307 रन पर सिमटी, रबाडा को मैच में 9 विकेट

**मीरपुर, एजेंसी।** मीरपुर टेस्ट के चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हरा दिया। टीम की तरफ टोनी डी जॉर्जी ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। बांग्लादेश से तैजुल इस्लाम ने 3 विकेट लिए।

मैच में साउथ अफ्रीका के काइल वीरेन ने 114 रन की पारी खेली। कागिसो रबाडा ने कुल 9 विकेट लिए। वहीं बांग्लादेश की तरफ से मेहदी हसन मिराज ने दूसरी पारी में 97 रन की पारी खेली। टीम की तरफ से तैजुल इस्लाम ने मैच में 8 विकेट लिए। बांग्लादेश ने 106 रन का टारगेट दिया बांग्लादेश ने साउथ अफ्रीका को 106 रन का टारगेट दिया। टीम ने अपने कल के स्कोर 283 रन से आगे खेलना शुरू किया और 307 रन पर सिमट गई। मेहदी हसन मिराज ने 97 रन की पारी खेली। जाकेर हसन ने 58 रन बनाए। गुरुवार को साउथ अफ्रीका की तरफ से कागिसो रबाडा ने 6 विकेट लिए। जबकि केशव महाराज को 3 विकेट मिले।

### मेहदी हसन मिराज ने 97 रन की पारी खेली।



तीसरे दिन का खेल... मीरपुर टेस्ट के तीसरे दिन बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 81 रन की बढ़त ले ली है। टीम ने बुधवार को अपने कल के स्कोर 101 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज की फिफ्टी के चलते बांग्लादेश ने 7 विकेट खोकर 283 रन बना लिए हैं। खराब रोशनी की वजह से तीसरे दिन का स्टंप्स कर दिया गया था। प्रोटियाज टीम की तरफ से कागिसो रबाडा ने सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए। उनके अलावा केशव महाराज को 3 विकेट मिले। मेहदी और जाकिर ने पारी संभाली ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज और जाकेर अली ने बांग्लादेश की लड़खड़ाती पारी संभाली। टीम ने एक समय अपने पांच विकेट 106 रन पर खो दिए थे। इसके बाद दोनों ने मिलकर 138 रन जोड़े। इस साझेदारी को केशव महाराज ने तोड़ा। मेहदी हसन मिराज 87 रन बनाकर नाबाद है।

जाकेर अली ने अपने डेब्यू पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने 58 रन की पारी खेली। दूसरे दिन का खेल... मीरपुर टेस्ट के दूसरे दिन बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 101 रन बनाए। ओपनर महमूद हसन 40 और मुश्फिकुर रहीम 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इससे पहले मंगलवार की सुबह साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 202 रन की बढ़त ली। प्रोटियाज टीम 308 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम ने अपने कल के स्कोर 140 रन से आगे खेलना शुरू किया और विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वीरेन के शानदार शतक और वियान मुल्डर की फिफ्टी के चलते टर्निंग ट्रैक पर 308 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से तैजुल इस्लाम ने 5 विकेट लिए। जबकि हसन महमूद को 3 और मेहदी हसन मिराज को 2 विकेट मिले।

काइल वीरेन और वियान मुल्डर की शतकीय साझेदारी पहली पारी में बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने अपने 6 विकेट 108 रन पर गंवा दिए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए काइल वीरेन और वियान मुल्डर ने शानदार बल्लेबाजी की। दोनों ने मिलकर 119 रन जोड़े। वीरेन ने शानदार शतक लगाते हुए 114 रन की पारी खेली। वहीं मुल्डर ने 54 रन बनाए।

## बदौनी के अर्धशतक से भारत ए ने ओमान को हराया, सेमीफाइनल में पहुंचा

**मस्कट (ओमान),** एजेंसी। मध्यक्रम के बल्लेबाज आयुष बदौनी के अर्धशतक की मदद से भारत ए ने बुधवार को यहां अल अमरत में एसीसी टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के सेमीफाइनल में जगह पक्की की।भारत ए ने ग्रुप बी के अंतिम मैच में मेजबान ओमान पर छह विकेट से जीत दर्ज करके इस प्रतियोगिता में अपना अपराजेय क्रम बरकरार रखा। इस जीत के साथ भारत ए छह अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा और शुक्रवार को सेमीफाइनल में उसका सामना अफगानिस्तान से होगा। चार अंकों के साथ पाकिस्तान भी ग्रुप बी उपविजेता के रूप में क्वालीफाई कर गया और दूसरे सेमीफाइनल में उसका सामना श्रीलंका ए से होगा।



पहले बल्लेबाजी करते हुए ओमान ने 20 ओवर में 140/5 का मामूली स्कोर बनाया। जवाब में भारत ने कप्तान तिलक वर्मा (30 गेंदों पर 36 रन) और बदौनी (27 गेंदों पर 51 रन) के बीच 85 रनों की साझेदारी की बदौलत 15.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मेजबान टीम ने भारत के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और पहले चार ओवरों में आठ से अधिक रन की दर से आगे बढ़ रही थी। भारत के आकिब खान, निशांत सिंधु और रमनदीप सिंह ने पावरप्ले में विकेट चटकाए और ओमान के स्कोरिंग रेट को कम किया और छह ओवरों में उन्हें 46/3 पर रोक दिया। मोहम्मद नदीम और वसीम अली ने चौथे विकेट के लिए 47 रनों की साझेदारी की, लेकिन यह साझेदारी स्कोरिंग रेट की कीमत पर हुई, जिसमें 60 गेंदें लगीं। वसीम अली 15वें ओवर में साई किशोर की गेंद पर लेग बिफोर विकेट आउट हो गए, तब ओमान का स्कोर 80/4 था। हम्माद मिर्जा ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए और ओमान ने 20 ओवरों में 140/5 रन बनाकर बहुत जरूरी गति प्रदान की।

तिलक वर्मा ने एक बार 20 ओवर में आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। आकिब खान, रसिख सलाम, निशांत सिंधु, रमनदीप सिंह और साई किशोर ने एक-एक विकेट लिया। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अनुज रावत (11 गेंदों पर 8 रन) ने अपना विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन अभिषेक शर्मा ने 15 गेंदों पर 34 रन बनाकर भारत को गति दिलाई। अभिषेक शर्मा की संक्षिप्त पारी में पांच चौके और एक छक्का शामिल था और इससे भारत ने पांच ओवर में 44/2 रन बनाए। कप्तान तिलक वर्मा और आयुष बदौनी ने 85 रनों की साझेदारी की और तेजी से आगे बढ़े। भारत ए का स्कोर नौ ओवर में 80/2 था और टीम को अभी भी 66 गेंदों पर 61 रनों की जरूरत थी। हालांकि, बदौनी ने समय श्रीवास्तव द्वारा किए गए 10वें ओवर को निशाना बनाया और पहली पांच गेंदों पर 4,4,6,6,4 रन बनाए, जिससे अंतिम 10 ओवर में आवश्यक रन दर चार रन से भी कम रह गई।

# शालिनी पासी ने कपिल शर्मा के कॉमेडी शो की तुलना कृषि दर्शन से की



**जानी** मानी आर्ट कलेक्टर शालिनी पासी ने कपिल शर्मा के द ग्रेट इंडियन कपिल शो की तुलना कृषि दर्शन से की है। शालिनी पासी हाल ही में रिलीज हुए स्ट्रीमिंग शो फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स में नजर आई थीं।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो के निर्माताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक रील साझा कर इसकी झलक दिखाई। इंस्टाग्राम पर साझा किए गए रील में शालिनी, कपिल से यह कहते हुए नजर आ रही हैं कि 'जब मैंने पहली बार आपका शो देखा तो मुझे अपने दादा-दादी के साथ की यादें ताजा हो गईं। उन्होंने बताया कि मैं उनके साथ कृषि दर्शन देखा करती थ'। इस पर कपिल शर्मा ने बीच में टोकते हुए कहा 'आपको लगता है कि हमारा शो उस शो जैसा है?'

इस पर शालिनी ने जवाब देते हुए कहा कि 'आपके शो ने मुझे मेरे दादा-दादी की याद दिला दी'। कपिल के शो में सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरन सिंह भी हैं। सीजन 2 में देश के सुपरस्टार्स के साथ भारत की समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाने का वादा किया गया है। नए सीजन में टी20 विश्व कप विजेता भी शामिल होते नजर आएंगे।

इस बीच बता दें कि द ग्रेट इंडियन कपिल शो काफी हद तक शर्मा के पिछले शो द कपिल शर्मा शो और कॉमेडी नाइट्स विद कपिल जैसा ही है। शो में सुनील ग्रोवर, कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और राजीव ठाकुर शामिल हैं। यह कॉमेडी शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होता है। कपिल शर्मा अपने सह-कलाकार सुनील ग्रोवर के साथ लंबे समय के बाद वापस आए हैं। साल 2017 में कपिल शर्मा का सुनील ग्रोवर और चंदन प्रभाकर के साथ अनबन हो गई थी। कपिल ने कथित तौर पर सुनील ग्रोवर को गाली दी थी। झगड़े की वजह से सुनील ने फैसला लिया था कि वह द कपिल शर्मा शो में वापस नहीं आएंगे।

हालांकि, लंबे समय के बाद दोनों में दोस्ती हो गई है और अब वह दर्शकों के बीच हैं। कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के झगड़े से पहले दोनों ने कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और द कपिल शर्मा शो जैसे हिट शोज में एक साथ काम किया था। दोनों की जोड़ी को दर्शक काफी पसंद करते हैं।



# पिता के साथ रिश्ते को लेकर सामंथा ने तोड़ी चुप्पी

**सामंथा** रूथ प्रभु आगामी एक्शन ड्रामा वेब सीरीज सिटाडेल: हनी बनी की रिलीज के लिए तैयार हैं, जिसमें उनके साथ वरुण धवन भी नजर आएंगे। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सामंथा ने अपने ऑन-स्क्रीन किरदार को अपने वास्तविक जीवन से जोड़ते हुए कई समानताएं बताईं। इतना ही नहीं, सामंथा ने अपने पिता के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी खुलकर बात की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा ने कहा, हे भगवान! क्या मुझे ऐसा करना चाहिए? क्या मैं ऐसा कर सकती हूं? सबसे पहले, मेरे पिता के साथ मेरा रिश्ता बहुत मुश्किल था। वेब सीरीज में अपने किरदार की तरह ही, सामंथा को भी मुश्किल चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन उसने लगातार इससे उबरने की ताकत पाई है।

### पुलिस वाली की भूमिका निभाने के लिए

# काजोल ने नहीं ली पति से कोई मदद



**काजोल** और अजय देवगन बॉलीवुड के मोस्ट लविंग कपल्स में से एक हैं। कपल की तरह उनके बच्चे भी काफी लोकप्रिय हैं। लाइमलाइट से दूर होने के बाद भी किसी न किसी इवेंट में काजोल अपने परिवार के साथ स्पॉट हो ही जाती हैं। काजोल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दो पत्ती को लेकर काफी चर्चा में चल रही हैं। फिल्म में वह पुलिस की भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में, काजोल से पूछा कि क्या उन्होंने अपने पति, अभिनेता अजय देवगन से पुलिस की भूमिका निभाने के लिए कुछ टिप्स मांगे हैं, और काजोल ने इस पर शानदार जवाब दिया।

अजय देवगन अपनी सिंघम फिल्मों में पुलिस वाले की भूमिका निभाने के लिए जाने जाते हैं और वे जल्द ही अगली पुलिस यूनिवर्स फिल्म सिंघम अगेन में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। जब कपिल ने काजोल से पूछा कि क्या उन्होंने अजय से कुछ टिप्स मांगे हैं, तो उन्होंने कहा, बिल्कुल नहीं पूछा। क्योंकि पूरी ट्रेनिंग मैंने दी है उनको सिंघम के लिए। भूल गए? काजोल और कृति को स्टेज पर बुलाकर कपिल भी खूब मस्ती करते दिखे। उन्होंने घोषणा की, एक वो है जिनको मैं कॉलेज टाइम से पसंद करता हूं। और दूसरी वो हैं जो अपने कॉलेज के समय से मुझे पसंद करती हैं। टीवी एक्टर शहीर शेख भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। दो पत्ती के जरिए वे फिल्मों में डेब्यू कर रहे हैं। काजोल, कृति और शहीर अभिनीत यह फिल्म 25 अक्टूबर 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फैंस एक बार फिर काजोल को अलग अवतार में देखने के लिए बेकरार हैं। वहीं, शहीर शेख के फैंस भी उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए काफी उत्साहित हैं।



# सलमान ने सिकंदर की शूटिंग फिर से की शुरू

**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान ने मंगलवार को अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर की शूटिंग फिर से शुरू कर दी। फिल्म का निर्देशन गजनी फेम एआर मुरुगादॉस ने किया है और इसमें रश्मिका मंदाना भी हैं। फिल्म में सलमान के खास करिश्मे को एक आकर्षक कहानी के साथ जोड़ने का वादा किया गया है, जिसने पहले ही इंडस्ट्री में काफी चर्चा बटोरी है।

प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, योजनाबद्ध कार्यक्रम के अनुसार, सलमान खान सिकंदर की शूटिंग कर रहे हैं। सलमान ने अपनी प्रतिबद्धताओं से कुछ समय के लिए ब्रेक ले लिया था।

पिछले कुछ दिन अभिनेता के लिए भावनात्मक रूप से बहुत कठिन रहे हैं, क्योंकि कुछ दिन पहले उनके मित्र और राजनीतिज्ञ बाबा सिद्दीकी की मुंबई के बांद्रा इलाके में उनके कार्यालय के पास हत्या कर दी गई। सिकंदर फिल्म सलमान खान के एक और यादगार प्रदर्शन के लिए मंच तैयार कर रहा है। सलमान खान अपने दर्शकों को वह मनोरंजन और ड्रामा प्रदान करने जा रहे हैं, जिसकी उन्हें चाहत है। सिद्दीकी की हत्या के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह द्वारा हत्या की जिम्मेदारी लेने के बाद सलमान की सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। सिकंदर सलमान और रश्मिका के बीच पहली बार सहयोग करने वाली फिल्म है और इसका निर्माण नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के साजिद नाडियाडवाला द्वारा किया जा रहा है। यह 2014 में रिलीज हुई किक के बाद सलमान और साजिद की एक बार फिर से जोड़ी है। फिल्म के निर्माताओं ने इसकी रिलीज 2025 ईद के लिए तय की है।

# अभिषेक बच्चन की नई फिल्म आई वांट टू टॉक का टीजर रिलीज



**अभिषेक** बच्चन जहां इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। वहीं, उनकी अपकमिंग फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। साथ ही उसकी रिलीज डेट भी अनाउंस हो गई है। एक्टर सुजीत सरकार की मूवी में दिखाई देंगे। पहली झलक शेयर करते हुए एक्टर ने बताया है कि ये एक ऐसे शख्स की कहानी है जो हमेशा जीवन के अच्छे साइड को देखता है। अभिषेक बच्चन ने आई वॉन्ट टू टॉक की झलक शेयर करते हुए लिखा, हम सभी एक ऐसे व्यक्ति को जानते हैं जो बात करने के लिए जीता पसंद करता है। यहां एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो हमेशा जीवन के एक अच्छे पक्ष को देखता है, चाहे जीवन में उसके सामने कोई भी चुनौती क्यों न आए! उस व्यक्ति को टैग करें जिसे आप जानते हैं, जो बात करने के लिए जीता है! टीजर में अभिषेक बच्चन का वॉइस ओवर होता है और कार के डैशबोर्ड पर उनके चेहरे से बना एक कार्टून लगा होता है। एक्टर कहते हैं कि उन्हें बात करना पसंद नहीं। वह बात करने के लिए जीते हैं। जिंदा होने और मरने में मुझे बस यही बेसिक अंतर दिखता है।





# श्रद्धा ने शाहरुख खान का नाम लेकर किया प्रैंक

**अभिनेत्री** श्रद्धा कपूर ने फोटो खिंचवाने से बचने के लिए फोटोग्राफरों के साथ मजाकिया अंदाज में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान का नाम इस्तेमाल किया। श्रद्धा एक वीडियो में रवीना टंडन की बेटी राशा के साथ डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दीपावली पार्टी से बाहर निकलती दिख रही हैं। दोनों को पपराजी लोगों ने घेर लिया था, जो श्रद्धा की एक झलक पाने के लिए बेताब थे। अभिनेत्री को मजाकिया अंदाज में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान का नाम जोर से लेते हुए सुना जा सकता है ताकि फोटोग्राफरों का ध्यान हट सके और वह कार की ओर भाग सकें। श्रद्धा को यह कहते हुए सुना जाता है- अरे वो देखो शाहरुख खान। शाहरुख खान। स्त्री स्टार जल्दबाजी में राशा के साथ गलत कार में बैठ जाती है। हालांकि, पपराजी तुरंत ध्यान देते हैं और उन्हें इस मजेदार गलती के बारे में बताते हैं। श्रद्धा ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एनडीटीवी वर्ल्ड समिट में भाग लिया और अपने पिता के संघर्ष, उनकी फिल्मों के चयन सहित अन्य मुद्दों पर बात की। समिट में श्रद्धा ने दर्शकों के सवालों के जवाब दिए और उनके साथ कुछ मजेदार बातचीत की। अभिनेत्री से पूछा गया- आपके आधार कार्ड में वैसी ही फोटो है। श्रद्धा ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया- मैं आधार कार्ड वाली फोटो नहीं दिखा सकती। श्रद्धा कपूर मशहूर अभिनेता शक्ति कपूर की बेटी हैं। उन्होंने 2010 में 'तीन पत्ती' से अपनी शुरुआत की। उनकी पहली हिट 'आशिकी-2' थी। बाद में उनके करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन उन्होंने हर चुनौती का सामना करते हुए हिट फिल्में देना जारी रखा।

# रजनीकांत की फिल्म का हिस्सा बन सकते हैं आमिर

**बॉलीवुड** सुपरस्टार आमिर खान अपनी अगली फिल्म के साथ फिल्म निर्माता लोकेश कनगराज की दुनिया में प्रवेश करेंगे और संभवतः सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म का हिस्सा होंगे। एक सूत्र ने खुलासा किया, आमिर खान अपनी अगली फिल्म के साथ लोकेश कनगराज की दुनिया में प्रवेश करेंगे।

मनोरंजन उद्योग के ये दो दिग्गज एक साथ आ रहे हैं, यह देखने वाली बात होगी। सूत्र ने कहा, आमिर खान के रजनीकांत की फिल्म का हिस्सा होने की सबसे अधिक संभावना है। यह दूसरी बार होगा जब दोनों सितारे एक साथ काम करते नजर आएंगे। दोनों ने इससे पहले 1995 की फिल्म आतंक ही आतंक में काम किया था, जो 1972 की फिल्म द गॉडफादर से प्रेरित थी। कनगराज को लियो, विक्रम, कैथी और मास्टर जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

इसके अलावा, आमिर खान की रोमांचक फिल्मों जैसे सितारे जमीन पर के साथ यह सहयोग सुपरस्टार के करियर में एक और रोमांचक आयाम जोड़ता है। आमिर अगली बार सितारे जमीन पर में नजर आएंगे। इसमें जेनेलिया देशमुख और दर्शील सफारी भी हैं। आर.एस. प्रसन्ना के निर्देशन में बन रही सितारे जमीन पर स्पैनिश फिल्म चैंपियंस की रीमेक है।

# स्टेज पर गिरकर घायल हुईं हॉलीवुड सिंगर बिली एलिश

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर और गीतकार बिली एलिश हाल ही में न्यूयॉर्क में एक परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज से गिरकर घायल हो गईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपने घाव की झलक प्रशंसकों को दिखाई है।



रिपोर्ट के अनुसार, मैडिसन स्क्वायर गार्डन में परफॉर्मेंस के दौरान बिली (22) का पैर फिसल गया और वह फर्श पर गिर गईं। चोट के कारण गायिका की पैर पर बड़ा घाव दिखाई दे रहा है।

हालांकि, जब वह गिरीं तो वहां पर अंधेरा था और दर्शक उन्हें देख नहीं पाए। बिड्स ऑफ ए फेदर स्टार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने घायल पैर की तस्वीर शेयर की है। पोस्ट को कैप्शन देते हुए उन्होंने लिखा लेकिन सचमुच।

सिंगर की पोस्ट पर उनके प्रशंसकों ने चिंता जाहिर की और उनके जल्दी ठीक होने की प्रार्थना भी की। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा ओह, यह बहुत दर्दनाक लग रहा है। इस साल की शुरुआत में बिली ने अपने तीसरे स्टूडियो एल्बम, हिट मी हार्ड एंड सॉफ्ट के रिलीज की तारीख का खुलासा किया था। सिंगर के प्रशंसक इस खबर से बेहद खुश हुए थे। 17 मई को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाले इस एल्बम के बाद सिंगर ने दुनिया भर में परफॉर्म किया।

# अर्शी खान ने लगाए खेसारी लाल यादव पर गंभीर आरोप

**अभिनेत्री** अर्शी खान ने भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभिनेता के साथ काम करने का उनका अनुभव काफी बुरा था। शूटिंग के दौरान उन्हें काफी असहज और धोखा महसूस हुआ। अभिनेत्री अर्शी खान और भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव ने एक साथ बॉलीवुड फिल्म अंदाज के भोजपुरी रीमेक में काम किया था। अब उन्होंने कहा है कि वो इस फिल्म में उनके साथ काम करके खुश नहीं हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेत्री ने खेसारी लाल यादव के साथ काम करने को एक बड़ी गलती करार दिया है। उन्होंने अभिनेता पर फिल्म के पोस्टर से उन्हें हटाने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, अभिनेत्री ने शुरू में अभिनेता संग काम करने को लेकर खुशी जाहिर की थी, लेकिन अब उन्होंने खुलासा किया है कि उनका अनुभव बहुत अच्छा नहीं रहा है। अर्शी ने कहा खेसारी साथ काम करने के दौरान उन्होंने असहज महसूस किया रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने फिल्म से जुड़ी सभी पेशेवर प्रतिबद्धताएं पूरी कीं, लेकिन अभिनेता के साथ काम करने के दौरान उन्हें धोखा और असहज महसूस हुआ। फिल्म में अभिनेता के साथ अहम भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री ने दावा किया कि खेसारी फिल्म का प्रचार करने में विफल रहे और पोस्टर से उनका चेहरा हटा दिया। अर्शी ने आगे कहा कि उनका दिल अन्य अभिनेत्रियों की तरह दुखा है, जो इस फिल्म उद्योग में इस तरह की स्थिति का सामना करती हैं।



-साभार एजेंसी